सूर्योदय : 6:46
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 28
न्यूनतम : 13


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-235 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 14 फरवरी 2026
25 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# वंदे मातरम का विरोध करने वालों को भारत में रहने का अधिकार नहीं

**यूपी बजट सत्र**

■ विधानसभा में बोले सीएम योगी



**लखनऊ।** शुक्रवार को विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान कहा कि 6 करोड़ से अधिक की आबादी को पिछले आठ वर्षों के अंदर डबल इंजन सरकार के द्वारा किए गए सतत प्रयास से बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर किया गया है। उन्होंने कहा कि ये नीति आयोग के वे आंकड़े हैं जो उन्होंने पूरे देश भर में सरकार की विकासपरक योजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं के परिणामस्वरूप सामने आए हैं।

इसका मतलब ये नहीं है कि उनको अन्य योजनाओं से वंचित कर दिया जाए। उनको जो राशन की सुविधा मिल रही है, वह यथावत मिलेगी। उन्हें स्वास्थ्य की सुविधाएं जो मिल रही हैं, वे यथावत मिलती रहेंगी और शासन की अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं वैसे ही मिलती रहेंगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून चंद हाथों की जागीर बन गई थी। कर्फ्यू और दंगा आम बात हो गई थी, पर्व आस्था नहीं आशंका के पर्याय बन गए थे, पुलिस का मनोबल टूटा था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी।

उन्होंने कहा कि आज उपद्रव नहीं उत्सव प्रदेश है। उत्तर प्रदेश में आज भय का वातावरण नहीं, बल्कि लोगों के मन में आस्था का भाव है। कर्फ्यू कल्चर की जगह जीरो टॉलरेंस कल्चर ने ले ली है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे मातरम का विरोध करने वालों को भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते हुए उन्होंने सपा और कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने राज्य में विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान दोनों में बाधा डाली है। मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए कहा कि वंदे मातरम का विरोध करने वालों को भारतीय धरती पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। कुछ राजनीतिक समूह भारत से खाते-पीते हैं लेकिन वंदे मातरम गाने से इनकार करते हैं।

कानून प्रवर्तन सुधारों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब 12 कार्यरत फोरेंसिक प्रयोगशालाएं हैं, जबकि पहले केवल दो या तीन ही थीं। इसके साथ ही लखनऊ में एक राज्य फोरेंसिक संस्थान की स्थापना भी की गई है। प्रत्येक जिले में साइबर पुलिस स्टेशन स्थापित किए गए हैं और सभी पुलिस थानों में साइबर डेस्क कार्यरत हैं। 60,000 से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है।

### प्रदेश दंगा-प्रधान से मंदिर-प्रधान अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य दंगा-प्रधान अर्थव्यवस्था से मंदिर-प्रधान अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हुआ है। प्रयागराज में आयोजित माघ मेले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जहां पूर्व के वर्षों में लगभग 12 करोड़ श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल होते थे, वहीं इस वर्ष के माघ मेले में लगभग 21 करोड़ तीर्थयात्रियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह बेहतर कानून व्यवस्था में बढ़ती जन आस्था को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, बल्कि देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने सपा के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर धार्मिक आयोजनों का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश, आस्था का केंद्र होने के नाते, अब एक ऐसे मॉडल का गवाह बन रहा है जहां विकास और विरासत पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

## हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं लिख सकता

■ अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर बोले योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे। अपराधी, अपराधी होता है। हमारी सरकार ने पहले दिन जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है।

इस दौरान वह अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर भी बोले, उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं हो सकता है। इससे पहले योगी ने कहा कि पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे। पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है। उन्होंने दावा किया कि 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। धार्मिक आयोजनों का जिक्र करते हुए कहा कि 2013 के कुंभ में जहां 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे, वहीं इस बार के माघ मेले में 21 करोड़ श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में टेंपल इकोनॉमी भी तेजी से बढ़ रही है। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तुष्टिकरण और विभाजन की राजनीति का आरोप लगाया।

# पुरानी इमारतें गुलामी की प्रतीक

■ सेवा तीर्थ से पीएम मोदी का पहला भाषण



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन 1 और 2 के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा, आज हम सभी एक नए इतिहास को बनते देख रहे हैं। आज विक्रम संवत् 2082, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, विजया एकादशी का महत्वपूर्ण शुभ दिन है, 13 फरवरी का यह दिन भारत की विकास यात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, हमारे शास्त्रों में विजया एकादशी का बहुत महत्व रहा है, इस दिन जिस संकल्प के साथ बढ़ते हैं उसमें विजय जरूर प्राप्त होती है। आज हम सभी भी सेवा तीर्थ में विकसित भारत के लक्ष्य के साथ प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के बाद साउथ ब्लॉक, नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतों से देश के लिए अनेक निर्णय, नीतियां बनी लेकिन यह भी सच है कि ये इमारतें ब्रिटिश साम्राज्य के प्रतीक के तौर पर बनाई गई थी। इन इमारतों को बनाने का मकसद भारत को गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस बदलाव के बीच निश्चित तौर पर पुराने भवन में बिताए गए वर्षों की स्मृतियां हमारे साथ रहेंगी। अलग-अलग समय पर वहां से कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए, वहां से देश को नई दिशा मिली है। वह परिसर, वह इमारत भारत के इतिहास का अमर हिस्सा है इसलिए हमने उस भवन को देश के लिए समर्पित म्यूजियम बनाने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2014 में देश ने तय किया कि गुलामी की मानसिकता अब और नहीं चलेगी। हमने गुलामी की इस मानसिकता को बदलने का अभियान शुरू किया, हमने वीरों के नाम नेशनल वॉर मेमोरियल बनाया। हमने पुलिस की वीरता को सम्मान देने के लिए पुलिस स्मारक बनाया। रेस कोर्स रोड का नाम बदलकर लोक कल्याण मार्ग रखा गया। यह सिर्फ नाम बदलना नहीं था, यह सत्ता के मिजाज़ को सेवा की भावना में बदलने का प्रयास था।

पीएम ने कहा कि एक समय था जब कोलकाता देश की राजधानी हुआ करती थी, लेकिन 1905 के बंगाल विभाजन के बाद कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन गया था। अंग्रेजों ने 1911 में भारत की राजधानी को कोलकाता से दिल्ली शिफ्ट किया और उसके बाद अंग्रेजी हुकूमत की जरूरतों और सोच को ध्यान में रखकर नॉर्थ और साउथ ब्लॉक की इमारतों को बनाने का काम शुरू किया। इसके बाद जब रायसेना हिल्स के भवनों का उद्घाटन हुआ था, तब के वायसराय ने कहा था कि जो भवन बने हैं, वे ब्रिटिश सम्राट की सोच के अनुरूप हैं, यानी उस दौरान ये भवन ब्रिटेन के महाराज की सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम थे।

रायसेना हिल्स का चुनाव इसीलिए किया गया कि इमारतें अन्य इमारतों से ऊंची रहें और कोई उनकी बराबरी न कर सके। संयोग से सेवा तीर्थ का यह परिसर किसी पहाड़ी पर नहीं, बल्कि जमीन से जुड़ा हुआ है। साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतें, जिसे ब्रिटिश हुकूमत की सोच को लागू करने के लिए बनाई गई थीं, वहीं आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन जैसे नए परिसर भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बने हैं। उन्होंने कहा कि इसी अमृत भावना के साथ आज मैं इस सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन भारत की जनता को समर्पित कर रहा हूं।

### 140 करोड़ देशवासियों की सोच आगे बढ़ेगी

पीएम मोदी ने कहा, साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतें जहां ब्रिटिश हुकूमत की सोच को लागू करने के लिए बनी थी। वहीं, आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन जैसे नए परिसर भारत की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बने हैं। यहां से जो फैसले होंगे वह किसी महाराजा की सोच को नहीं 140 करोड़ लोगों की सोच को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे।

# पीएमओ के नए दफ्तर सेवा तीर्थ से प्रधानमंत्री का पहला फैसला

■ मोदी ने कई फाइलों पर किए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** सेवा तीर्थ परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। पीएम मोदी ने सेवा तीर्थ से पहला फैसला महिलाओं, किसानों, युवाओं और कमजोर तबके के कल्याण के लिए किया। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने और लखपति दीदी की संख्या को दोगुना करके छह करोड़ करने के साथ ही 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी देने वाली फाइल पर साइन किए।

**पीएम राहत योजना :** पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि तत्काल चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण किसी की जान न जाए।

**6 करोड़ लखपति दीदी :** प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।

**एग्रीकल्चर फंड :** किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य भारत की संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है।

**स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 :** पीएम मोदी मोदी ने 10,000 करोड़ रुपये के फंड के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी।

इस मौके पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और प्रधान सचिव पी के मिश्रा एवं शक्तिकांत दास समेत शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेस ने एपस्टीन लिंक पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का मांगा इस्तीफा

■ एपस्टीन से मिलने की बात की थी स्वीकार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के जेफरी एपस्टीन केस से कथित संबंधों को लेकर इस्तीफे की मांग की। मंत्री के यह मानने के बाद कि वह बदनाम फाइनेंसर से प्रोफेशनल तरीके से कई बार मिले थे, कांग्रेस ने अपना हमला और तेज कर दिया। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पार्टी का मानना है कि पुरी को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

रिपोर्टर्स से बात करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि साफ है कि कांग्रेस पार्टी हरदीप सिंह पुरी का इस्तीफा मांग रही है। इस आदमी को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। पिछले 48 घंटों में उसने सिर्फ झूठ बोला है। हम देश के लोगों के सामने यह बात उठाएंगे कि यह सरकार कॉम्प्रोमाइज्ड है, और वह भी जेफरी एपस्टीन जैसे आदमी के साथ। यह मांग तब सामने आई है जब पुरी ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि वह दोषी फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन से आठ साल में तीन या चार बार मिले थे। इस मुलाकात को उन्होंने प्रोफेशनल हैसियत से बताया।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए पुरी ने कहा कि बातचीत सीमित थी और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा लाखों ईमेल जारी किए जाने के बाद यह पहले से ही पब्लिक डोमेन में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मीटिंग्स यूनाइटेड नेशंस में इंडिया के एम्बेसडर के तौर पर उनके टेन्योर और बाद में इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट के साथ उनके एंगेजमेंट्स से जुड़ी थीं।

## तारिक रहमान बन सकते हैं बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री, मोदी ने दी बधाई



**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद हुए पहले ऐतिहासिक आम चुनाव में तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बड़ी जीत हासिल की है। श्री रहमान के नेतृत्व वाली बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के निर्णायक जीत हासिल करने के साथ ही प्रधानमंत्री बनने का उनका रास्ता साफ हो गया है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में 17 साल के निर्वासन के बाद देश लौटे श्री रहमान ढाका-17 और बोगुरा-6 दोनों सीटों से निर्वाचित हुए हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 300 सदस्यीय संसद में बीएनपी ने 210 सीटें हासिल की हैं, जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगियों ने 73 सीटें जीती हैं। निर्दलीय सांसदों के पास आठ सीटें हैं। 300 सदस्यीय जातीय संसद में साधारण बहुमत के लिए किसी पार्टी या गठबंधन को 151 सीटों की आवश्यकता होती है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी है, वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया है।

## सपा प्रवक्ता मनोज यादव छेड़छाड़ व एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार

**बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र की एक विधवा महिला से छेड़छाड़ और उसके पुत्र की हत्या की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनोज यादव को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से एक दिन पहले ही मनोज की पत्नी ने लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार थाने में उनके लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

पुलिस के अनुसार सफदरगंज क्षेत्र के एक गांव की विधवा महिला ने 11 फरवरी को थाने में तहरीर देकर मनोज यादव पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला का कहना है कि वर्ष 2004 में उनके पति के साथ मनोज और अन्य लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने का मामला दर्ज हुआ था।

## मुख्तार के गुर्गे की गोली मारकर हत्या बाराबंकी में बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां

■ हमलावरों ने उसकी कार को निशाना बनाते हुए 11 राउंड फायरिंग की

**बाराबंकी।** मुख्तार अंसारी के करीबी और कथित शूटर रहे शुएब किदवई उर्फ बॉबी को ताबड़तोड़ गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। वारदात शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे शहर से करीब चार किमी दूर असेनी अंडरपास के पास हुई, जहां हमलावरों ने उसकी कार को निशाना बनाते हुए करीब 11 राउंड फायरिंग की।

प्रारंभिक जांच में शुएब को चार गोलियां लगीं, जिनमें एक गोली उसके दाहिने गाल को चीरते हुए निकल गई। हाथ और पसली में भी तीन गोलियां धंसी मिलीं। वारदात के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। एडीजी प्रवीण कुमार भी पहुंचे। पुलिस के अनुसार शुएब किदवई लखनऊ से अपनी कार से बाराबंकी की ओर आ रहा था। जैसे ही वह असेनी अंडरपास के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए हमलावरों ने उसकी कार को घेर लिया और गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। गोलियों की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। कुछ ही मिनटों में भीड़ जुट गई। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शुएब कार की ड्राइविंग सीट पर औंधे मुंह पड़ा था। कार की विंडस्क्रीन पर गोलियों के निशान साफ दिखाई दे रहे थे। पास में चार खाली कारतूस बरामद किए गए हैं।

**फैसला** केंद्र सरकार ने किसानों को दी खुशखबरी

# 25 लाख टन गेहूं और पांच लाख टन चीनी के निर्यात को हरी झंडी

■ गेहूं के गोदाम फुल, निर्यात का रास्ता खुला



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में बंपर पैदावार और गोदामों में भरे सरप्लस स्टॉक को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं और 5 लाख टन चीनी के निर्यात को मंजूरी दे दी है। इस फैसले का सीधा मकसद घरेलू कीमतों में स्थिरता लाना और रबी सीजन की नई फसल आने से पहले किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाना है।

खाद्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, गेहूं के अलावा 5 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दी गई है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब निजी और सरकारी, दोनों ही स्तरों पर देश में अनाज का भंडार आरामदायक स्थिति में है। सरकार के इस फैसले के पीछे का सबसे बड़ा कारण गेहूं का भारी स्टॉक है। आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति स्पष्ट होती है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। भारतीय खाद्य निगम के पास 1 अप्रैल, 2026 तक केंद्रीय पूल में लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। यह आंकड़ा यह सुनिश्चित करने के लिए काफी है कि निर्यात की अनुमति देने से देश की खाद्य सुरक्षा पर कोई आंच नहीं आएगी। रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था। यह दर्शाता है कि किसानों ने एमएसपी और सरकारी खरीद पर भरोसा जताते हुए जमकर बुवाई की है और इस बार भी बंपर पैदावार की उम्मीद है।

गेहूं के साथ-साथ सरकार ने चीनी उद्योग को भी राहत दी है। चीनी सत्र 2025-26 के लिए इच्छुक चीनी मिलों को अतिरिक्त 5 लाख टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी गई है। इससे पहले 14 नवंबर, 2025 को सरकार ने 15 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी थी। हालांकि, मिलों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 31 जनवरी, 2026 तक केवल 1.97 लाख टन चीनी का ही निर्यात हो पाया है, जबकि लगभग 2.72 लाख टन के सौदे अनुबंधित हो चुके हैं।

**कड़ी शर्तें :** अतिरिक्त पांच लाख टन का कोटा केवल उन मिलों को दिया जाएगा जो इसके लिए इच्छा जताएंगे। शर्त यह है कि आवंटित कोटे का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा 30 जून, 2026 तक निर्यात करना अनिवार्य होगा। आवंटन प्रो-राटा (अनुपातिक) आधार पर होगा और मिलों को आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर सहमति देनी होगी। अहम बात यह है निर्यात कोटे को दूसरी मिल के साथ बदला नहीं जा सकेगा।


## मणिपुर हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से तलब की स्टेटस रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में जातीय हिंसा से जुड़ी 11 प्राथमिकी की जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते के भीतर एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस संबंध में अहम सुझाव भी दिया। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के बजाय मणिपुर हाईकोर्ट या गौहाटी हाईकोर्ट या दोनों हिंसा से जुड़े मामलों में मुकदमों की निगरानी करें।

पीठ ने केंद्र और मणिपुर सरकार को राज्य में जातीय हिंसा के पीड़ितों के पुनर्वास के सिलसिले में न्यायमूर्ति गीता मित्तल समिति की सिफारिशों को लागू करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च अदालत की ओर से नियुक्त समिति पीड़ितों के पुनर्वास के उपायों पर कई रिपोर्ट पेश कर चुकी है। इस समिति में जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल, बंबई हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश शालिनी पी. जोशी और दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश आशा मेनन शामिल हैं।

# संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नौ मार्च तक के लिए स्थगित

■ हंगामे के चलते दोनों सदनों में चर्चा न के बराबर हुई



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का पहला चरण शक्रवार को पूरा हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही 09 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। बजट सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ हुई थी। इसके बाद 29 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण और 01 फरवरी को लोकसभा में बजट पेश किया गया जिसकी प्रति उसी दिन राज्यसभा के पटल पर रखी गयी थी। पहले चरण के तहत दोनों सदनों की 13-13 बैठकें हुई।

लोकसभा में इस दौरान विपक्ष की तरफ से काफी हंगामा देखने को मिला जिससे सदन का काफी काम प्रभावित हुआ और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा न के बराबर हुई तथा प्रधानमंत्री के जवाब के बिना उसे पारित कर दिया गया। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लंबी चर्चा के बाद उसे पारित किया गया जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर दिया और उनके भाषण के दौरान विपक्ष ने बहिर्गमन किया। दोनों सदन में बजट पर आम चर्चा हुई जिसका वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उत्तर दिया। दोनों सदनों में बजट सत्र के पहले चरण में औद्योगिक संबंध संहिता विधेयक, 2026 को भी मंजूरी दी गई। दूसरे चरण की कार्यवाही 09 मार्च को शुरू होगी जिसमें मंत्रालय वार बजट आवंटनों पर चर्चा होगी और वित्त विधेयक, अनुदान मांगों और उनसे जुड़े विनियोग विधेयक को स्वीकृति देने के साथ बजट पारित करने की प्रक्रिया पूरी होगी।

# नशे में धुत ग्रामीण ने अपनी पत्नी पर भाला से किया प्रहार, पत्नी की हुई मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पसगवां थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत ग्रामीण ने अपनी पत्नी पर भाला से प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी। पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस से मोहम्मदी सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को मौके से आला कत्ल समेत गिरफ्तार कर लिया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद निवासी छविनाथ अपनी पत्नी सुजाता शुक्ला 45 वर्ष और पुत्री नंदिनी के साथ दिलावर नगर स्थित अस्थायी गोशाला में रहता है शाम छविनाथ नशे की हालत में किसी बात पर अपनी पुत्री को मारने के लिए दौड़ा। सुजाता बेटी को बचाने के लिए आई। इस पर छविनाथ ने भाला से पत्नी के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी पति को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया मृतका की 14 वर्षीय पुत्री नंदनी ने बताया कि पिता की चप्पल खो गई थी जिसे लेकर मम्मी पापा में कहासुनी हुई। बात बढ़ने पर पिता ने भाले से प्रहार कर दिया। मां शारीरिक रूप से विकलांग थी। मृतका के तीन बेटे हैं, जो बाहर रहकर मजदूरी करते हैं।

## मनरेगा कार्य के दौरान एक मजदूर पर फावड़े से हमले का मामला आया सामने

**लखीमपुर-खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत शीतलापुर में मनरेगा कार्य के दौरान एक मजदूर पर फावड़े से हमले का मामला सामने आया है। इस हमले से मजदूर की हथेली कट गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। गुरुवार को शिवपूजन कश्यप पुत्र चंद्रभाल निवासी शीतलापुर ने थाने में तहरीर देखकर बताया कि 12 फरवरी सुबह लगभग 11 बजे गांव में ही मनरेगा के तहत काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव का ही निवासी राजेश वर्मा पुत्र चंद्रिका वहां पहुंचा। दोनों लोगों के बीच किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी राजेश वर्मा ने जान से मारने की नीयत से शिवपूजन पर धारदार फावड़े से हमला कर दिया। बचाव के दौरान शिवपूजन ने अपना हाथ आगे किया, जिससे फावड़ा उनकी हथेली पर लगा और हाथ बुरी तरह कट गया। मौके पर चीख-पुकार सुनकर वहां काम कर रहे अन्य मजदूर और ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने के कारण आरोपी दोबारा हमला नहीं कर सका और शिवपूजन की जान बच पाई। घटना के बाद से पीड़ित और उनका परिवार डरा हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# एसएसपी ने विभिन्न शाखाओं एवं सुविधाओं का किया निरीक्षण





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने आज रिजर्व पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। एसएसपी अभिनंदन सिंह ने निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, गैस्ट हाउस, जिम, कैन्टीन, बार्बर, स्कूल तथा फैमिली क्वार्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आर्म्स/एमुनेशन के रख-रखाव की स्थिति को परखा तथा संबंधित कर्मचारियों को साफ-सफाई, रिकॉर्ड अद्यतन रखने एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान उन्होंने एमटी शाखा में उपलब्ध वाहनों की स्थिति, फिटनेस, साफ-सफाई, रखरखाव एवं लॉगबुक की जांच की तथा वाहनों को सदैव संचालन योग्य स्थिति में रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## शिवप्रसाद द्विवेदी को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी लखीमपुर खीरी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** 7राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने शिवप्रसाद द्विवेदी को पार्टी का लखीमपुर खीरी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर शिवप्रसाद द्विवेदी ने बताया कि वह पार्टी की विचारधारा, नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को जिले में मजबूत करेंगे और चौधरी चरण सिंह एवं चौधरी अजीत सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने हेतु कड़े निर्देश

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** भारत सरकार के गृह मंत्रालय (पब्लिक अनुभाग) ने भारतीय झंडा संहिता, 2002 (2021 एवं 2022 में यथासंशोधित) तथा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। यह जानकारी डीएम अवनीश राय ने दी है। भारतीय झण्डा संहिता 2002 में निहित मुख्य दिशा निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह ध्वज के प्रदर्शन, उपयोग और संरक्षण से जुड़े नियमों का पालन करे। विशेष रूप से राष्ट्रीय पर्वों, सांस्कृतिक एवं खेल आयोजनों के दौरान कागज से बने राष्ट्रीय ध्वजों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। ऐसे ध्वजों का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सम्मानजनक तरीके से निस्तारण किया जाए तथा उन्हें जमीन पर फेंकने या अपमानजनक स्थिति में छोड़ने से बचा जाए। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि झंडा संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन दंडनीय है। व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा हर परिस्थिति में अक्षुण्ण बनी रहे।

## 28 लाख रुपये कीमत की अवैध स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मिर्जापुर पुलिस ने एक शातिर महिला नशा तस्कर को गिरफ्तार उसके कब्जे से 28 लाख रुपये कीमत की 140 ग्राम अवैध स्मैक व 14500 रुपये समेत एक बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ऑपरेशन सवेरा? के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह के नेतृत्व में थाना मिर्जापुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर मेसर पत्नी शहजाद निवासी ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर को शेरपुर पैलो रोड निकट बिजलीघर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्ता मेसर के कब्जे से 140 ग्राम स्मैक व 14500 रुपये व एक बाइक बरामद कर ली।? जबकि मौके से एक अभियुक्त फरार हो गया है । पुलिस ने गिरफ्तार की गई महिला तस्कर के कब्जे से 28 लाख रुपये कीमत की 140 ग्राम अवैध स्मैक व 14500 रुपये समेत एक बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

# पुरस्कार वितरण के साथ पुलिस कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता का समापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मेरठ जोन की 29वी अन्तर जनपदीय पुलिस कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता-2026 का आज पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर समापन हो गया। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने आयोजन सचिव/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन की उपस्थिति में टीमों का मान प्रणाम स्वीकार करते हुए पदक विजेताओ को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। चल वैजयन्ती का पुरस्कार कुश्ती ग्रीकोरोमन स्पर्धा पुरूष वर्ग, कुश्ती फ्री स्टाइल स्पर्धा पुरूष वर्ग, कुश्ती फ्री-स्टाइल स्पर्धा महिला वर्ग, बॉक्सिंग स्पर्धा पुरुष वर्ग, बॉक्सिंग स्पर्धा महिला वर्ग, आर्म रेसलिंग स्पर्धा पुरूष वर्ग, आर्म रेसलिंग स्पर्धा महिला वर्ग, बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा पुरूष वर्ग समेत जनपद सहारनपुर, जनपद मेरठ, जनपद बागपत, कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर, जनपद सहारनपुर, जनपद मेरठ, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को? मिला। इस प्रतियोगिता में कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म रेसलिंग के निर्णायकों ने अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन, पुलिस अधीक्षक यातायात/लाइन्स शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी लाइन्स मनोज कुमार यादव,, सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु सुश्री सिमरन, क्षेत्राधिकारीगण रवीकान्त पाराशर, शशिप्रकाश शर्मा, शैलेन्द्र प्रताप गौतम, सुश्री प्रिया यादव, सुश्री रूचि गुप्ता व मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक बीरेन्द्र बहादुर एवं अन्य अधिकारी/कर्म0 उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन सन्दीप शर्मा ने किया।

## पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर गौकशो को घायल अवस्था में दबोचा

### अवैध शस्त्र, एक जिन्दा बछिया व गोकशी के उपकरण बरामद



**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर गौकशो को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से अवैध शस्त्र, एक जिन्दा बछिया व गोकशी के उपकरण बरामद हुए हैं। क्षेत्राधिकारी गंगोह अशोक सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि में थाना गंगोह पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम कुण्डा कलां के जंगल में कुछ व्यक्ति गौकशी के लिए गाय को लेकर जा रहे है । जिस सूचना पर मौके पर पहुंची थाना गंगोह पुलिस ने देखा कि कुण्डा बिडौली मार्ग पर 7-8 व्यक्ति एक जिन्दा गाय को लेकर पैदल जा रहे थे । जिनको पुलिस पार्टी द्वारा टोर्च की रोशनी दिखाकर रुकने का इशारा किया गया तो उनके द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश के पैरो में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान अहसान उर्फ समीर पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम कुण्डा कलां थाना गंगोह व महमूद पुत्र रशीद निवासी ग्राम कुण्डा कलां के रूप में हुयी। क्षेत्राधिकार गंगोह अशोक सिसोदिया ने बताया कि शेष 5-6 व्यक्ति अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार कांबिग की जा रही है।

## महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहाँ अतिरिक्त पुलिस बल नियुक्त किया गया है तथा निरंतर गश्त के निर्देश दिए गए हैं। डीआईजी अभिषेक सिंह ने कहा कि परिक्षेत्र के अंतर्गत जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख मंदिरों, शिवालयों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं जुलूस मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहाँ अतिरिक्त पुलिस बल नियुक्त किया गया है तथा निरंतर गश्त के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए अलग-अलग ड्यूटी प्लान तैयार किए गए हैं। महाशिवरात्रि पर्व के दौरान लगने वाले कांवड़ शिविरों के आयोजको के साथ गोष्ठी कर निर्देशो से अवगत कराते हुए समस्त व्यवस्था मानकानुसार करने हेतु अवगत कराया गया है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है तथा कंट्रोल रूम को सक्रिय कर त्वरित सूचना आदान-प्रदान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण कर ली गई हैं।

# रमज़ान, ईद तथा महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियो को लेकर शांति समिति की बैठक

## जिलाधिकारी ने धार्मिक गुरूओं से आस-पास स्थित मस्जिद में नमाज अदा करने की अपील



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने रमज़ान माह एवं ईद के पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों समेत संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक की । बैठक में समिति के सदस्यों से समस्याओं एवं निराकरण संबंधी सुझाव लेते हुए अनुश्रवण किया गया। कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि आपसी सौहार्द को बनाये रखते हुये मिलजुलकर एकदूसरे का सहयोग करते हुए पर्व को मनायें। अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं। समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों। अनावश्यक रूप से कोई नई परंपरा न डालें। जिलाधिकारी मनसीष बंसल ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्बाध विद्युत एवं जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ साफ.सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। मस्जिदों के आस.पास की साफ.सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों से संवाद बनाकर रखें। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि थानास्तर पर समिति के सदस्यों एवं समाज के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने धार्मिक गुरूओं के माध्यम से आस-पास स्थित मस्जिद में नमाज अदा करने अपील की तथा उन्होने कहा कि परम्परागत तरीके से मनाये जाये त्यौहार इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय के आवाज के दृष्टिगत दिये गये निर्देशों के अक्षरशः पालन करने को कहा। उन्होने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत भी अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाये। उन्होने धार्मिक गुरूओं से अपील की कि मस्जिद की क्षमता के अनुसार ही नमाज अदा हो जिससे नमाजियों को अनावश्यक रूप से कोई दिक्कत न आये। इस सम्बन्ध में पूर्व में ही धार्मिक गुरूओं द्वारा जानकारी भी दे दी जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने कहा कि शांति को भंग करने वालो को चिन्हित कर उनकी जानकारी पुलिस को दी जाये ताकि इन पर कार्यवाही की जा सके। उन्होने सोशल मीडिया को लेकर कहा कि बिना सोचे समझे संदेश को फारवर्ड न करें। महाशिवरात्रि पर्व पर सभी शिवालयों में साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, बेरिकेटिंग एवं कैमरों की व्यवस्था दुरूस्त रहे। उन्होने सभी अधिकारियों से मन्दिर प्रशासन के साथ बैठक करने के निर्देश दिये। आबकारी विभाग को निश्चित समय तक दुकानों को खोलने एवं बन्द करने, ओवर रेटिंग न हो तथा त्यौहारों के दृष्टिगत ज्वाइंट टीम बनाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। खाद्य सुरक्षा विभाग त्यौहारों के दृष्टिगत आमजनों को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके इसके लिए प्रवर्तन कार्यवाही में तेजी लाने के साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाया जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी आबकारी दुकानों पर कैमरे चालू रखने के निर्देश दिये। शाकुम्भरी देवी मन्दिर में होने वाले होली मेला एवं नवरात्रि पर्व के अवसर पर साफ-सफाई बेरिकेटिंग की व्यवस्था रखने को कहा। शाकुम्भरी मन्दिर में मुख्य चिकित्साधिकारी को एक एम्बुलेंस को भी परिसर में तैनात रखने के निर्देश दिये। मनीष बंसल ने होलिका दहन की तैयारियों को लेकर समितियों से बात करने तथा स्थलों को निरीक्षण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसपी देहात सागर जैन, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व) सलिल कुमार पटेल, अपर नगर आयुक्त, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सभी उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा राजेश जैन, महेन्द्र तनेजा, ब्रित चावला, दलजीत कोचर, सरफराज खां, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद, आमिर खान, सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मेगा शिविर के प्रचार प्रसार को लेकर चर्चा की



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों ने 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर के प्रचार प्रसार के सम्बन्ध में पीएलवी के साथ विस्तार से चर्चा की। सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अपर जिला जज अभय कृष्ण तिवारी, अपर जिला जज मौ0 अहमद खान, अपर जिला जज विकास गुप्ता, अपर जिला जज प्रकाश तिवारी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष तिवारी, पूर्ण कालिक सचिव पप्पू कुमार सिंह एवं सिविल जज (सी0डि0) अमित कुमार वर्मा ने मेगा शिविर के प्रचार प्रसार के सम्बन्ध में बैठक की। सचिव ने बैठक में उपस्थित पीएलवी को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण और दूर दराज के क्षेत्रों में जाकर मेगा शिविर का व्यापक प्रचार करना सुनिश्चित करें। पीएलवी का मुख्य कार्य पात्र व्यक्तियों की पहचान करना और उन्हे शिविर में पंजीकरण के लिये प्रोत्साहित करना है। समस्त पीएलवी को मेगा शिविर का प्रचार प्रसार करने के लिये बैनर, पोस्टर, पैम्पलेट आदि वितरित किये गये। बैठक में मुख्यालय सहारनपुर, तहसील सदर, तहसील रामपुर मनिहारान, तहसील देवबन्द, तहसील बेहट एवं तहसील नकुड के पीएलवी ने प्रतिभाग किया।

## विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटक कर दी जान

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना क्षेत्र के गांव फिरोजाबाद में एक विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिलकाना क्षेत्र के गांव फिरोजाबाद में सुबह पौने नौ बजे अनीता पत्नी सन्नी कुमार का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। विवाहिता की मौत की खबर जब मायके पक्ष के लोगों को लगी तो वो आनन फानन में गांव पहुंचे। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी गयी तथा इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। वहीं ससुराल पक्ष के लोगो का कहना है कि अनीता ने घर की छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या की है।

## जीआरपी की बड़ी कामयाबी: 56 गुमशुदा मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाई मुस्कान

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) बरेली जंक्शन ने गुमशुदा मोबाइल बरामदगी अभियान के तहत उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने 56 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद किए गए मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत करीब 8 लाख 40 हजार रुपये बताई जा रही है। शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों की मौजूदगी में मोबाइल स्वामियों को उनके फोन विधिवत लौटाए गए। लंबे समय से अपने मोबाइल की तलाश कर रहे लोगों के चेहरे फोन वापस पाकर खुशी से खिल उठे। कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल दोबारा मिल सकेगा। रेलवे अपर पुलिस महानिदेशक प्रकाश डी. के मार्गदर्शन, पुलिस महानिरीक्षक आर.के. भारद्वाज के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार वर्मा के नेतृत्व में टीम ने सर्विलांस और तकनीकी सहायता के जरिए गुमशुदा मोबाइल ट्रेस किए। मोबाइल बरामदगी अभियान में उप निरीक्षक अनुराग प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल तेजप्रकाश सिंह, मुख्तार आलम, मोहित शुक्ला, कपिल कुमार, अक्षय कुमार सहित सर्विलांस शाखा मुरादाबाद के आरक्षी संदीप कुमार, कांस्टेबल मोहम्मद आलम, शिव कुमार और इरफान खान की अहम भूमिका रही। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही अपील की गई है कि मोबाइल या अन्य सामान गुम होने पर तत्काल संबंधित थाने में सूचना दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई संभव हो सके।

# जख्म हरे थे, जुल्म और गहरा: बरेली में प्रसूता पर हैवानियत

## ऑपरेशन के टांके सूखे भी नहीं थे, दरिंदे पति ने बरसाए डंडे

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** जिले के भमोरा थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा से इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। ऑपरेशन से बच्चे को जन्म देने वाली एक महिला को उसके ही पति ने उस समय बेरहमी से पीट दिया, जब उसके शरीर के जख्म अभी भरे भी नहीं थे। आरोप है कि मारपीट के दौरान चचिया सास ने उसके पैर पकड़ लिए, जिससे वह खुद को बचा भी नहीं सकी। पीड़िता पूनम (बदला हुआ नाम) ने बताया कि 27 जनवरी को उसने सर्जरी के जरिए बच्चे को जन्म दिया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह घर पर आराम कर रही थी, लेकिन टांकों में लगातार दर्द बना हुआ था। महिला का आरोप है कि इससे पहले भी उसके पति रामगोपाल ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसकी शिकायत उसने थाने में की थी। शिकायत के बाद से पति उससे रंजिश रखे हुए था। घटना वाले दिन महिला बच्चे के जन्म से जुड़े खर्च के लिए बैंक से पैसे निकालने बरेली आई थी। लौटते समय ट्रेन छूट गई और उसके नवजात बेटे को बुखार हो गया। उसने पति को फोन कर गांव ले जाने की गुहार लगाई, लेकिन पति नहीं पहुंचा। रात में वह किसी तरह टैम्पो से गांव पहुंची। आरोप है कि घर पहुंचते ही पति ने देर से आने का आरोप लगाकर गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर मारपीट पर उतर आया। महिला का कहना है कि मारपीट के दौरान चचिया सास ने उसके पैर कसकर पकड़ लिए। ऑपरेशन के ताजे टांकों के बावजूद पति ने उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को भमोरा सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस समय पीड़िता का इलाज चल रहा है और टांकों वाली जगह पर अत्यधिक दर्द की शिकायत बताई जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर अस्पताल में एक महिला सिपाही की तैनाती की गई है। घटना के बाद से आरोपी पति फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। प्रसूता की शिकायत के बावजूद पहले कार्रवाई क्यों नहीं हुई नवजात और मां की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा घरेलू हिंसा के मामलों में त्वरित सुरक्षा व्यवस्था कब मजबूत होगी।

# सूर्य महोत्सव में बुंदेलखंडी व्यंजन का अधिकारियों ने चखा स्वाद, धातु शिल्प कला का डीएम ने किया अवलोकन





**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** सूर्य महोत्सव पर शुक्रवार को मोदी ग्राउंड में बुंदेलखंडी व्यंजन और एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत गौरा पत्थर शिल्प व धातु शिल्प की प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में बुंदेलखंडी व्यंजन के अंतर्गत 11 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जबकि एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत 18 प्रतिभागियों ने अपने स्टॉल के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सल्तनत परवीन ने बुंदेली व्यंजनों का स्वाद चखा और गौरा पत्थर व धातु शिल्प की बनी वस्तुओं को नजदीक से देखकर कलाकारों की खासी सराहना की।

बुंदेलखंडी व्यंजन के अंतर्गत यहां के प्राकृतिक उत्पादों चने का साग, माडे, कढ़ी, चटनी, सामा की खीर आदि के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने व्यंजन कला का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के लिए अपने अपने घरों से सामान लाकर मन से तैयार किया। बुंदेली व्यंजन तैयार होने के बाद जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ बुंदेली व्यंजनों को चखा और तारीफ की। अफसरों ने प्रतिभागियों के स्टाल पर जा जाकर सभी के व्यंजन का स्वाद लिया। प्रतिभागी भी अधिकारियों को अपने बनाए हुए व्यंजन को खिलाने के लिए खासे उत्साहित दिखाई दिए।

एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत जिले के गौरहारी श्रीनगर व कुलपहाड़ से आए हुए गौरा पत्थर शिल्प तथा धातु शिल्प के प्रतिभागियों ने अपने सूर्य थीम व सामान्य थीम के अंतर्गत बने हुए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मेले में आए तमाम दर्शनार्थियों ने इन उत्पादों को देखते हुए इनकी प्रशंसा भी की। कार्यक्रम का जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी सुखवीर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मुईनुलस्लाम आदि उच्च अधिकारियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के मौके पर संयोजक का कार्य अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व पर्यटन विभाग का विशेष सहयोग रहा।

# काशी एवं नेपाल का सांस्कृतिक सम्बन्ध अटूट

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** महामना मदन मोहन मालवीय जी की तपोभूमि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृतविद्या धर्मविज्ञान संकाय में पहली बार काशी नेपाल शास्त्र सङ्गम का आयोजन हुआ। द्विदिवसीय इस संगम का उद्घाटन वैदिक एवं पौराणिक मंगल उद्घोष के साथ आज शुक्रवार को संकाय के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समस्त कार्यक्रम के परिकल्पक व सूत्रधार संकायप्रमुख प्रो. राजाराम शुक्ल ने भारत एवं नेपाल के भौगोलिक, सांस्कृतिक,धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं पारिवारिक सम्बन्धों की प्राचीनता, दृढ़ता एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि,बाबा विश्वनाथ के क्षेत्र काशी में जिस प्रकार प्राचीनकाल से ही शास्त्रों के पठन-पाठन एवं शास्त्रार्थ की परम्परा रही है उसी प्रकार बाबा पशुपतिनाथ के क्षेत्र नेपाल में भी रही है। नेपाल की वैदुष्य परम्परा में काशी का तथा काशी की वैदुष्य परम्परा में नेपाल का अतुल्य योगदान रहा है और आज भी है। दोनों राष्ट्रों की एकता एवं समृद्धि हेतु हमें इस परम्परा को और आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि काशी के श्रीअन्नपूर्णा मठ-मन्दिर के महन्त स्वामी श्री शंकर पुरी महाराज ने धार्मिक दृष्टि से काशी एवं नेपाल के तीर्थ क्षेत्रों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अन्यतम ज्योतिर्लिंग केदारनाथ जी का दर्शन बाबा पशुपतिनाथ जी के दर्शन के बिना अपूर्ण है। दोनों मिलकर ही पूर्ण ज्योतिर्लिंग बनते है। काशी एवं नेपाल का सांस्कृतिक सम्बन्ध अटूट है।

कार्यक्रम के विशिष्ट तिथि के रूप में नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय, नेपाल से पधारे प्रो. केशव शरण अर्याल ने नेपाल की शास्त्रीय परम्परा में काशी के योगदान पर अपने अत्यन्त ही प्रभावी वक्तव्य से सबको सम्बोधित किया तथा बताया कि आज भी नेपाल में यह लोकोक्ति प्रचलित है कि विद्या हराए काशी जानू, न्याय नपाए गोरखा जानू।

सारस्वत अतिथि के रूप में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से पधारे प्रो. हरि प्रसाद अधिकारी ने भारत व नेपाल की धार्मिक, सांस्कृतिक एकता आदि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज भी नेपाल में संकल्प बोला जाता है तो कहा जाता है- भारतवर्षे आर्यावर्त्तैकदेशान्तर्गते नेपालदेशे अर्थात् भारतवर्ष व आयावर्त्त के अन्तर्गत ही नेपाल भी है। अतः हम सब एक हैं। हमारी यह एकता सदा बनी रहे और उत्तरोत्तर और दृढ़ता को प्राप्त करती रहे। इसमें इसप्रकार के कार्यक्रम का विशेष योगदान होता है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ब्रजभूषण ओझा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नारायण प्रसाद भट्टराई ने किया।

उद्घाटन सत्र में प्रो. हृदयरंजन शर्मा, प्रो. कृष्णकान्त शर्मा, प्रो. कमलेश कुमार जैन,प्रो. शैलेश कुमार तिवारी, डॉ. सुभाष पाण्डेय, डॉ. श्रीराम ए.एस., डॉ. रामेश्वर शर्मा, डॉ. मधुसूदन मिश्र, डॉ. राहुल मिश्र आदि विद्वान, नेपाल से पधारे दशाधिक विद्वान तथा समस्त छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भारत एवं नेपाल के सुवास शर्मा,डॉ. विश्वनाथ धिताल,डॉ. लक्ष्मण आचार्य, डॉ.रामप्रसाद पौडेल, डॉ.उपेन्द्र दाहाल, आदि विषयों में गम्भीर शास्त्रचर्चा प्रस्तुत की जो अत्यन्त ही प्रासंगिक एवं उपयोगी थी। भारत एवं नेपाल के राष्ट्रगान से कार्यक्रम की पूर्णता हुई।

## अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ संयुक्त अभियान

**अलीगढ़।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों को अवैध कब्जों एवं अनधिकृत प्रचार सामग्री से मुक्त कराने के लिए पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हाल में संज्ञानित प्रकरण के संदर्भ में संबंधित थाना पुलिस द्वारा की गई जांच में स्पष्ट किया गया है कि चिन्हित हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

प्रशासन के अनुसार नगर निगम के सहयोग से सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति लगाए गए अवैध होर्डिंग्स एवं बैनरों को हटाने की कार्रवाई तेज की गई है। अभियान के तहत प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण कर नियम विरुद्ध लगाए गए होर्डिंग्स को चिन्हित कर हटाया जा रहा है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन, निरोधात्मक कार्रवाई और सतत निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# आरएम चिल्ड्रन इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** आरएम चिल्ड्रन इंग्लिश स्कूल दासेपुर,हरहुआ वाराणसी में गुरुवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अम्बरीश सिंह भोला,(प्रभारी वाराणसी मंडल हिंदू युवा वाहिनी), विद्युत सक्सेना, एसीपी सारनाथ एवं विशिष्ट अतिथि इंजीनियर बृजेश सिंह रहे। वार्षिक उत्सव के मौके पर एसीपी ने साइबर से ठगी होने वाले विशेष महत्वपूर्ण जानकारी दी,इस मौके पर उन्होंने बच्चों को कहा कि,मोबाइल में कोई भी गेम को देखकर तुरंत डाउनलोड करना घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि,आप किसी गेम को लोड कर रहे हैं पता चला पापा के अकाउंट से सारा पैसा गायब हो गया इसलिए सोच विचार के कोई गेम को आप डाउनलोड करें नहीं तो मोबाइल से दूरी बनाकर रखें सिर्फ पढ़ाई लिखाई के समय ही मोबाइल का उपयोग करें। व्हाई इस दौरान आर्यन चौहान तथा सुनिधि चौहान दोनों बच्चों को संयुक्त रूप से स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड दिया गया। बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी।

बता दे कि यह बच्चे बॉक्सिंग चैंपियन में प्रथम स्थान अर्जित किया था। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अंकित सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनील सिंह,मारकंडे चौहान, श्रीमती चंद्रकला श्रीवास्तव, अमरावती पटेल,अरविंदवर्माअशोक सिंह,अरुण चौहान सहित आदि लोग उपस्थित थे ।

## मिड-डे मील की शर्मनाक तस्वीर, एक बाल्टी भर पानी में दो पैकेट दूध, फिर बच्चों को पिलाया

**महोबा।** जिले के ढिकवाहा गांव स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील के दौरान बच्चों को पानी मिलाकर दूध परोसे जाने की तस्वीरें सामने आई हैं। इस घटना ने सरकारी स्कूलों में हो रही खानापूर्ति को उजागर किया है और शिक्षा विभाग पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में विद्यालय की प्रधानाचार्य मोनिका सोनी की मौजूदगी में रसोइया एक बाल्टी में पानी भरकर उसमें दो पैकेट दूध डालते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस मिश्रण को बाद में बच्चों में वितरित किया गया। वीडियो में प्रधानाचार्य बच्चों को दूध पीने के लिए बुलाती भी सुनाई दे रही हैं, जबकि यह दूध बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। यह घटना सरकारी योजनाओं और बजट के दुरुपयोग को उजागर करती है।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्रों को किया जागरूक

**फर्रुखाबाद।** शासन के निर्देश में सड़क सुरक्षा अभियान की गतिविधियों को फ़रवरी तक और बढ़ा दिया गया है अतः सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत द्वारा उक्त कार्यक्रम को बेसिक स्कूलों के कक्षा 6से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए कराए जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्व नाथ प्रताप सिंह के आदेशानुसार जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा व उनकी टीम के सदस्य अभय कान्त एवम शिवम चतुर्वेदी द्वारा कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ श्री सुरजीत सिंह (स अ),आशीष(स अ),गुरमीत सिंह नोडल संकुल आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया, आज के इस अवसर पर अभय कान्त द्वारा सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई और विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों में और गांव में जो भी बड़े भाई बहन, चाचा,ताऊ,दादाजी आदि वाहन चलाते हैं उनको घर से निकलते वक्त आगे और पीछे बैठने वाले को हेलमेट अवश्य करने के लिए प्रेरित करेंगे तथा तेज रफ्तार में वाहन चलाए जाने हेतु मना करेंगे।

## जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को सफल बनाने के लिए हुई बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को सफल बनाए जाने को लेकर जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में होने वाले विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के माध्यम से निर्वल वर्ग, दिव्यांग बच्चों, महिलाओं, आमजन आदि को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने पर जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जनपद न्यायाधीश ने बताया गया कि उक्त मेगा, वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांग बच्चों, महिलाओं, पुरूषों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आदि लाभार्थियों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराना है। इस शिविर में केनोपी, स्टॉल के माध्यम से समस्त विभाग आम जनमानस को सरकार की चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। कहा कि मेगा शिविर के लिए गठित प्रशासनिक कमेटी की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार व नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महोबा सुखवीर सिंह व सदस्य के रूप में विभिन्न प्रशासनिक विभागों के पदाधिकारी करेंगे। बैठक दौरान अपर जिला जज प्रथम ध्रुव राय, अपर जिला जज द्वितीय लखविन्दर सिंह सूद, अपर जिला जज एफटीसी तेन्द्र पाल आदि उपस्थित रहे।

## देश की आजादी के बाद से आज तक नसीब में नहीं पक्की सड़क

**महोबा।** तहसील चरखारी क्षेत्र अतरौली गांव के ग्रामीणों को देश की आजादी के बाद से आज तक पक्की सड़क नसीब नहीं हुई है। मुख्य सड़क न बनाए जाने से लोगों को जलभराव जैसी अन्य समस्याओं का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस संबन्ध में कई बार जनप्रतिधियों से लेकर संबन्धित अधिकारियों से बात की गई, लेकिन पक्की सड़क का सपना अधूरा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग उठाई।

अतरौली गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि आजादी के बाद से वे लगातार बदहाली का सामना कर रहे हैं, क्योंकि उनके गांव को जोड़ने वाला मार्ग ही नहीं बना है। ग्रामीणों की मुख्य समस्या काकून कीरतपुरा मार्ग से जुड़े अतरौली के लिंक रोड से संबंधित है। गांव से लगभग तीन किलोमीटर तक सड़क बनी हुई है, लेकिन गांव की सीमा पर पहुंचते ही करीब 350 मीटर का हिस्सा पूरी तरह दलदल में बदल जाता है।

# गूलर रोड क्षेत्र में अनुपयोगी एवं निष्प्रयोज्य विद्युत लाइनों को शीघ्र हटाने के डीएम ने दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**




**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से माह जनवरी की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को जनहित से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने और निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गांव और शहरों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मर का समयावधि में प्रतिस्थापन सुनिश्चित कराने पर जोर देते हुए शहर के गूलर रोड क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था अण्डरग्राउण्ड होने के बाद अनुपयोगी एवं निष्प्रयोज्य विद्युत लाइनों को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब विद्युत लाइनें उपयोग में नहीं हैं तो उन्हें हटाने में विलंब नहीं होना चाहिए। कभी भी कोई अप्रत्याशित घटना घट सकती है। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत अंशुमान को तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

कृषि विभाग की समीक्षा में उपनिदेशक कृषि को फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हर हाल में मार्च तक पूर्ण कराने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 43 आवासों को फरवरी माह के अंत तक पूरा कराने के निर्देश दिए गए। सभी बीडीओ को जी राम जी (मनरेगा) श्रमिकों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा गया कि आगे योजना में उन्हीं श्रमिकों का मस्टरोल तैयार होगा जिनकी ई-केवाईसी पूर्ण होगी।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए अधिशासी अभियंता आरईएस को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने और ठेकेदारों की मनमानी पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। दिव्यांगजन अधिकारी को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरण शीघ्र कराने को कहा गया। सामाजिक वनीकरण की समीक्षा में डीएफओ शिवम कुमार ने पौधारोपण लक्ष्य निर्धारण की जानकारी दी, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर धरातल पर वास्तविक पौधारोपण एवं उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को संबंधित चरागाहों में हरे चारे की बुआई कराने और सभी गौशालाओं में स्थापित सीसीटीवी के लिए शीघ्र कंट्रोल रूम बनाने को कहा गया।

निराश्रित महिला पेंशन के लंबित आवेदनों के शीघ्र सत्यापन के निर्देश देते हुए बताया गया कि लगभग 150 आवेदन विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं। क्वारसी ऊपरगामी सेतु का निर्माण मार्च तक पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया। श्रम विभाग को लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने और सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:**

**04054/04053 नई दिल्ली - बरौनी जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04054 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04053 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:50 | नई दिल्ली | 03:50 | --- |
| 22:00 | --- | बरौनी जं. | --- | 00:45 |

**चलने के दिनः 04054 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04053 बरौनी जं.** से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जंक्शन और शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04060/04059 नई दिल्ली - सुपौल - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04060 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:35 | नई दिल्ली | 16:10 | --- |
| 04:00 | --- | सुपौल | --- | 07:00 |

**चलने के दिनः 04060 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04059 सुपौल** से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर और सहरसा जं. स्टेशन।

**04066/04065 आनन्द विहार (ट.) - खोरधा रोड जं. - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:30 | आनन्द विहार (ट.) | 08:15 | --- |
| 12:30 | --- | खोरधा रोड जं. | --- | 15:30 |

**चलने के दिनः 04066 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 (प्रतिदिन) और **04065 खोरधा रोड जं.** से दिनांक 28.02.2026 से 04.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** गाजियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, चंद्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं., बराभूम, चाण्डिल जं., टाटानगर जं., घाटशिला, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्द्रुझर रोड, कटक और भुवनेश्वर स्टेशन।

**04070/04069 आनन्द विहार (ट.) - शेखपुरा - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04070 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | --- |
| 20:30 | --- | शेखपुरा | --- | 22:30 |

**चलने के दिनः 04070 आनन्द विहार (ट.) से** और **04069 शेखपुरा** से दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार) तक।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.
**ठहरावः** गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्रनगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं., अस्थावाँ और बरबीघा स्टेशन।

**04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 32 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04081 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | --- |
| 12:00 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

**चलने के दिनः 04081 नई दिल्ली से** दिनांक 21.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) और **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.02.2026 से 09.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** पानीपत, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

**04010/04009 दिल्ली जं. - सीतामढ़ी - दिल्ली जं. आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04010 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:20 | --- |
| 22:30 | --- | सीतामढ़ी | --- | 23:55 |

**चलने के दिनः 04010 दिल्ली जं. से** दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 (गुरूवार) और **04009 सीतामढ़ी** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (शुक्रवार) को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. और बैरगनिया स्टेशन।

**04014/04013 आनन्द विहार (ट.) - लौकहा बाजार - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04013 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:40 | आनन्द विहार (ट.) | 03:40 | --- |
| 20:15 | --- | लौकहा बाजार | --- | 21:30 |

**चलने के दिनः 04014 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 27.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04013 लौकहा बाजार** से दिनांक 28.02.2026 से 07.03.2026 (प्रतिदिन तक।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, शीशो, सकरी जं. और झंझारपुर जं. स्टेशन।

**04022/04021 नई दिल्ली - गोरखपुर - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04022 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

**चलने के दिनः 04022 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (शुक्रवार) और **04021 गोरखपुर** से दिनांक 21.02.2026 से 07.03.2026 (शनिवार) तक।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन।

**04203/04204 लखनऊ - नई दिल्ली - लखनऊ आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04203 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04204 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

**चलने के दिनः 04203 लखनऊ से** और **04204 नई दिल्ली** से दिनांक 23.02.2026 एवं 02.03.2026 (सोमवार) को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04209/04210 वाराणसी - दिल्ली जं. - वाराणसी आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:30 | वाराणसी | 09:40 | --- |
| 13:30 | --- | दिल्ली जं. | --- | 19:25 |

**चलने के दिनः 04209 वाराणसी से** दिनांक 24.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04210 दिल्ली जं.** से दिनांक 25.02.2026 से 07.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली जं., लखनऊ, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04213/04214 अयोध्या कैंट - आनन्द विहार (ट.) - अयोध्या कैंट आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04213 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04214 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:20 | अयोध्या कैंट | 22:00 | --- |
| 06:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | --- | 09:00 |

**चलने के दिनः 04213 अयोध्या कैंट से** दिनांक 24.02.2026, 26.02.2026, 01.03.2026, 03.03.2026 एवं 05.03.2026 और **04214 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 25.02.2026, 27.02.2026, 02.03.2026, 04.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04227/04228 वाराणसी - चण्डीगढ़ - वाराणसी आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04227 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04228 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:50 | वाराणसी | 01:20 | --- |
| 07:45 | --- | चण्डीगढ़ | --- | 09:30 |

**चलने के दिनः 04227 वाराणसी से** दिनांक 21.02.2026 एवं 28.02.2026 (शनिवार) और **04228 चण्डीगढ़** से दिनांक 22.02.2026 एवं 01.03.2026 (रविवार) को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी और अंबाला कैंट स्टेशन।

**04604/04603 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - वाराणसी - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04604 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04603 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:15 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | --- |
| 19:00 | --- | वाराणसी | --- | 05:00 |

**चलने के दिनः 04604 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.02.2026, 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 और **04603 वाराणसी** से दिनांक 24.02.2026, 28.02.2026, 04.03.2026 एवं 08.03.2026 को।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04514/04513 चण्डीगढ़ - गोरखपुर - चण्डीगढ़ आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04514 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04513 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:35 | चण्डीगढ़ | 14:10 | --- |
| 17:35 | --- | गोरखपुर | --- | 22:05 |

**चलने के दिनः 04514 चंडीगढ़ से** दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 (गुरूवार) और **04513 गोरखपुर** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (शुक्रवार) को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

489/26

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस की पदयात्रा, भाजपा सरकार पर साधा निशाना



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ने पदयात्रा निकाली। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह के नेतृत्व में यह पदयात्रा तारून से प्रारंभ होकर दशरथपुर तक पहुंची।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फैजाबाद फ्रंटल संगठनों के प्रभारी वीरेंद्र पांडे बबलू रहे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि पदयात्रा के दौरान ग्राम सभा मितनपुर, गुंधौर और वासुदेवपुर सहित विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर भाजपा सरकार पर मनरेगा के मूल स्वरूप को बदलने का आरोप लगाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने की, जबकि संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने किया। सभाओं को संबोधित करते हुए वीरेंद्र पांडे बबलू ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि गरीबों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीबों और मजलूमों के हित में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा योजना में बदलाव कर सरकार ने अपनी मानसिकता उजागर की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में सदन से सड़क तक संघर्ष कर रही है और जनता से अपने अधिकारों के लिए सजग रहने की अपील की।महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि मनरेगा कानून में बदलाव गरीबों के साथ विश्वासघात है और कांग्रेस इस फैसले के विरोध में संघर्ष जारी रखेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने भी भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए जनता से सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

पदयात्रा का नेतृत्व राजकुमार सिंह, अशोक सिंह मनऊंपुर, विश्व प्रकाश मिश्रा, सुरेश राणा, डॉ. रविकांत श्रीवास्तव और आशुतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्षों एवं पार्टी के अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## सीएम डैशबोर्ड एवं वन ट्रिलियन डॉलर सेल की समीक्षा बैठक आयोजित

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं वन ट्रिलियन डॉलर सेल की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (भू-लेख) कौशल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रविष्टियां नियमित रूप से अद्यतन रखी जाएं और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना में प्रगति बढ़ाने, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लंबित भुगतान शीघ्र पूर्ण करने तथा पर्यटन विभाग के कार्य समयबद्ध ढंग से निपटाने के निर्देश दिए।इसके अलावा सेतु निर्माण कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप गति देने, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। ककरई एवं जनौरा क्षेत्र के प्रस्तावित कार्यों की भी जानकारी ली गई।

# स्टर्लिंग ने लॉन्च किया स्टर्लिंग सरयू अयोध्या पावन नगरी में स्टर्लिंग का दूसरा रिसोर्ट



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स ने अयोध्या में अपना दूसरे रेसोर्ट स्टर्लिंग सरयू अयोध्या लॉन्च करने की घोषणा के साथ ही, देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्रों में से एक में अपनी डेस्टिनेशन ग्रोथ की रणनीति को और धार दी है। इस लॉन्च ने भारत के विरासत और तीर्थयात्रा ट्रैवल सर्किटों पर स्टर्लिंग की पकड़ को मजबूती दी है जो लगातार स्तरीय सेवा, विश्वसनीय मानकों और स्थान विशेष को ध्यान में रखकर पेश अनुभवों का परिणाम है। देश में तीर्थयात्राओं के क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है और अब कई पीढ़ियों वाले परिवार एक साथ यात्राओं पर निकलते हैं, जिनमें सीनियर ट्रैवल तथा ग्रुप ट्रैवल शामिल है - और ऐसे में सुविधा, विश्वसनीयता तथा सुकून के साथ यात्रा करने के साथ-साथ नजदीकी जैसे पहलुओं पर जोर दिया जाने लगा है। स्टर्लिंग सरयू अयोध्या ने इस शिफ्ट को न सिर्फ भांपा बल्कि ट्रैवलर्स के लिए विकल्प और क्षमता दोनों का मेल उपलब्ध कराते हुए ऐसे सुविधाजनक स्टे उपलब्ध कराए हैं, खासतौर से पीक मूवमेंट सीज़न में, जो यात्रियों के अनुभवों के केंद्र में सुविधा, देखभाल तथा भरोसे को अहमियत देते हैं।शहर की आध्यात्मिक पहचान से प्रेरित और यहां बहने वाली पावन नदी सरयू के नाम पर स्टर्लिंग सरयू अयोध्या को आस्था-आधारित यात्राओं के लिए आरामदायक रिट्रीट के तौर पर पेश किया गया है।

रेसोर्ट में काफी सोच-समझकर यात्रियों के लिए रुकने के इंतजाम हैं जिनमें गहन आराम के लिए कुकून रूम्स से लेकर लंबे स्टे के लिए आदर्श जूनियर स्वीट्स हैं जो कि तीर्थयात्राओं के उन दिनों की लय-ताल को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं जब प्रातःकाल से लेकर टेम्पल सर्किट और फिर देर तक पैदल भ्रमण के बाद यात्रियों को आरामदायक नींद की जरूरत होती है।ऑल-डे डाइनिंग रेस्टॉरेंट - द सरयू कैफे में लोकप्रिय, स्वादिष्ट और पोषक वेजीटेरियन व्यंजनों को परोसा जाता है, और आसपास का शांत-सुरम्य वातावरण तथा सुविधाजनक बैंक्वेट हॉल जैसी खूबियां इस प्रॉपर्टी को आध्यात्मिक ग्रुप ट्रैवल, पारिवारिक समूहों तथा अन्य बैठकों के लिए भी उपयुक्त बनाती हैं।लॉन्च के बारे में, विक्रम लालवानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स ने कहा, ÷भारत के तीर्थयात्रा मानचित्र में अयोध्या एक महत्वपूर्ण अध्याय है - जहां आस्था आधारित ट्रैवल को मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ती मांग के मुताबिक ढाला जा रहा है। स्टर्लिंग सरयू अयोध्या में - जो कि शहर में हमारा दूसरा रेसोर्ट है, हम ट्रैवलर्स को आराम, शांति और भरोसे के साथ-साथ गर्मजोशी भरी आवभगत भी उपलब्ध कराते हैं। स्टर्लिंग में, हमारा मानना है कि हॉस्पीटेलिटी के मायने केवल स्टे नहीं है - बल्कि यह इस पर भी निर्भर करता है कि आप लोगों को कैसा महसूस करवाते हैं, खासतौर से उन डेस्टिनेशंस पर जहां यात्राएं भावनाओं के साथ-साथ आध्यात्मिक रंगों से भी ओत-प्रोत होती हैं।

# बरेली में दिल दहला देने वाली वारदात, रिश्तों का कातिल बना पिताः पत्नी पर शक, मासूम की जिंदगी ख़त्म

## 'बेटा मुझ पर नहीं गया'... वहम में दरिंदा बना बाप, एक साल के बच्चे की हत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** रिश्तों को झकझोर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। शक की आग में जल रहे एक पिता ने अपने ही एक साल के मासूम बेटे की जान ले ली। वजह – उसे भ्रम था कि बच्चे की शक्ल उससे नहीं मिलती और पत्नी के चरित्र पर उसे संदेह था। मामला थाना भुता क्षेत्र का है। आरोपी सोमपाल पर आरोप है कि वह शराब का आदी है और आए दिन पत्नी रामबेटी के साथ मारपीट करता था। पत्नी के अनुसार, वह लंबे समय से उस पर अवैध संबंधों का आरोप लगाता था।

तंग आकर रामबेटी पिछले दो महीनों से अपने मायके, पीलीभीत जिले के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव बोनी में रह रही थी। उसका कहना है कि सोमपाल को यह वहम हो गया था कि छोटा बेटा वरुण उससे नहीं मिलता। यही शक धीरे-धीरे उसके मन में जहर बन गया। बुधवार को आरोपी अचानक ससुराल पहुंचा और बड़े बेटे अरुण व एक साल के वरुण को जबरन अपने साथ गांव अठाना ले आया। परिजनों को जरा भी अंदेशा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा। बताया जा रहा है कि देर रात उसने मासूम वरुण का गला दबा दिया। हत्या के बाद उसने शव को गांव के तालाब में फेंक दिया, ताकि मामला छिपा रहे। गुरुवार सुबह जब रामबेटी को अनहोनी की आशंका हुई तो उसने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर तालाब में तलाश शुरू की और मासूम का शव बरामद कर लिया। मां ने रोते-बिलखते बेटे की पहचान की। जैसे ही खबर फैली, गांव में भारी भीड़ जमा हो गई। हर कोई स्तब्ध था कि एक पिता इतना क्रूर कैसे हो सकता है। थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सोमपाल को गांव के खेतों से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच जारी है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। एक साल के मासूम की मौत ने न सिर्फ एक मां की गोद सूनी कर दी, बल्कि पूरे गांव को सदमे में डाल दिया। गांव के लोग आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं।

## बारात बनी 'मौत का जाम'! एंबुलेंस फंसी तो डीएम का बड़ा एक्शन, बैंड, बैंकट और दूल्हे के पिता पर गिरेगी गाज

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** शादी-ब्याह की खुशियों के बीच सड़कों पर घंटों तक चलने वाली बारातें अब प्रशासन की निगाह में आ गई हैं। शहर में हाल ही में सामने आए एक मामले ने जिला प्रशासन को कड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। साफ शब्दों में चेतावनी दे दी गई है कि यदि किसी बारात की वजह से सड़क जाम होती है और उसमें एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवा फंसती है, तो सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बरेली में सड़कों पर धीमी रफ्तार से निकलने वाली बारातें, डीजे और बैंड की धुन पर सड़क के बीचों-बीच डांस, और पटाखों की गूंज अब आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही हैं। प्रशासन के अनुसार हाल ही में सुरेश शर्मा नगर इलाके में एक एंबुलेंस लंबे समय तक ट्रैफिक जाम में फंसी रही। उसमें गंभीर मरीज को अस्पताल ले जाया जा रहा था। स्थिति बिगड़ती देख डायल 112 और स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद एंबुलेंस को रास्ता दिलाया जा सका। अविनाश सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि बारात की वजह से जाम लगता है तो संबंधित बैंड संचालक, दूल्हे के पिता और बारात घर संचालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। पहले भी इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन अब उन्हें सख्ती से लागू कराया जाएगा। प्रशासन ने साफ किया है कि बैंक्वेट हॉल या जनवासा के सामने सड़क पर खड़े होकर डांस करना, पटाखे छोड़ना और लंबे समय तक यातायात रोकना स्वीकार्य नहीं होगा। यदि इससे आमजन को परेशानी होती है या आपातकालीन सेवाएं बाधित होती हैं, तो आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। आमजन से अपील, उल्लंघन पर सख्त दंड जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि शादी की खुशियों को जिम्मेदारी के साथ मनाएं। सड़कों को जाम कर दूसरों की जिंदगी खतरे में डालना कानूनन अपराध है। भविष्य में ऐसी घटनाओं पर दंडात्मक प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एनएसएस छात्राओं का पर्यावरण संकल्पः बरेली कॉलेज में लगा जागरूकता का शिविर

**बरेली।** गुरुवार को Bareilly College की एनएसएस छात्रा इकाई (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) द्वारा एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की अधिष्ठात्री माता सरस्वती की वंदना एवं पुष्प अर्पण के साथ श्रद्धापूर्वक हुई। शिविर के प्रथम सत्र में एनएसएस की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। छात्राओं की ऊर्जा और उत्साह ने पूरे वातावरण को सकारात्मकता से भर दिया। पर्यावरण संरक्षण एक नवीन दृष्टि पर सारगर्भित व्याख्यान दूसरे सत्र में पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. जसपाल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण एक नवीन दृष्टि विषय पर व्याख्यान दिया।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी फरियाद, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं।जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाएं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की साप्ताहिक समीक्षा करने और शिकायतकर्ता को समय से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## डिजिटल जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** भारत की पहली डिजिटल जनगणना-2027 की तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं जिला जनगणना अधिकारी अमित कुमार भट्ट, जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ के प्रतिनिधि शैलेन्द्र यादव, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचन्द्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दिग्विजय सिंह सहित सभी तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिनिधि शैलेन्द्र यादव ने बताया कि जनगणना-2027 पूर्णतः डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी और इसमें स्वगणना का प्रावधान रहेगा, जो एसईआईडी के माध्यम से संपन्न होगी। जनगणना दो चरणों में आयोजित होगी–पहले चरण में मई-जून 2026 में मकान सूचीकरण एवं गणना तथा दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना की जाएगी। द्वितीय चरण में जाति संबंधी आंकड़े भी संकलित किए जाएंगे।

# कटरा चांद खां में मतदाता सूची की जांच तेज, विशेष प्रेक्षक ने कसी प्रशासनिक कमान

## फॉर्म-06, 07, 08 की समीक्षा, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कटरा चांद खां स्थित कंपोजिट अपर प्राथमिक विद्यालय बालजती प्रथम में बनाए गए नोटिस सुनवाई केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। विशेष रोल प्रेक्षक एवं भारत सरकार में संयुक्त सचिव Sanjay Kumar Agrawal ने मौके पर पहुंचकर निर्वाचन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने नोटिस सुनवाई से संबंधित प्राप्त आवेदनों की संख्या, उनके निस्तारण की स्थिति और लंबित मामलों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से फॉर्म-06 (नाम जुड़वाने), फॉर्म-07 (नाम हटाने) और फॉर्म-08 (संशोधन) से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। इसके अलावा वर्ष 2003 की मतदाता सूची में चिन्हित तार्किक त्रुटियों (लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी) के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली गई। प्रेक्षक ने स्पष्ट किया कि पुरानी विसंगतियों को समयबद्ध तरीके से दुरुस्त करना अनिवार्य है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की आपत्ति या विवाद की स्थिति न बने। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की प्रगति पर भी नजर डाली। जिन क्षेत्रों में लक्ष्य के सापेक्ष कार्य धीमा पाया गया, वहां उपलब्ध सहयोग तंत्र की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीएलओ को पर्याप्त प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उनका कहना था कि निर्वाचन कार्य में गति के साथ गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। प्रेक्षक ने मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील दायित्व है, जिसे पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और शुचिता के साथ संपादित किया जाना चाहिए।

उन्होंने दोहराया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर/ईआरओ एवं संबंधित एईआरओ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झुमका के पास बन रहा 1.55 करोड़ का मॉडल स्कूल, गांवों में बदलेगी शिक्षा की तस्वीर

**बरेली। (अवधनामा सवाददाता)** ग्रामीण अंचल के बच्चों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के झुमका चौराहे के निकट धंतिया गांव में मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का निर्माण तेजी से जारी है। लंबे समय से प्रस्तावित यह परियोजना अब जमीन पर आकार लेने लगी है। 26 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य, 60 फीसदी निर्माण कार्य संपन्न करीब 1.55 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे इस विद्यालय का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य को 26 मार्च 2026 तक पूर्ण करने की समय-सीमा तय की गई है। अब तक 93.37 लाख रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है, जिससे निर्माण में गति आई है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा परिसर करीब एक एकड़ भूमि पर विकसित हो रहा यह विद्यालय केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं रहेगा।

## पूर्व सांसद के नेतृत्व मे काग्रेसियो ने निकाली मनरेगा बचाव अभियान पदयात्रा



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन की अगुवाई में मनरेगा बचाव अभियान के अन्तर्गत एक पदयात्रा निकाली गयी जिसमें मुख्य अतिथी के रूप में जिला प्रभारी ममता चौधरी एवं पूर्व सांसद पीएल पुनिया मौजूद रहे। पीएल पुनिया ने कहा कि, वर्तमान सरकार कांग्रेस की कई योजनाओं का नाम बदलने व संवैधानिक तौर पर आम जनमानस के अधिकारों को सीमित करने का कार्य कर रही है, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से यह योजना पूरे भारत में सुचारू रूप से संचालित थी। कांग्रेस सरकार में मजदूर, गरीब किसान, इस योजना का लाभ उठा रहे थे लेकिन पिछले दस बारह वर्षों से मजदूर किसान गरीब इस योजना से वंचित हो रहा है, तथा उसके अधिकारों का हनन भी किया जा रहा है। जिसके विरोध में मेंहदीपुर चौराहा से (हरख) ताहीपुर तक पदयात्रा निकाली गयी जिसमें तमाम कांग्रेसी गणों ने मनरेगा बचाव गरीब किसान मजदूरों के अधिकारों को वापस करो, वोट चोर गद्दी चोर आदि नारों के साथ पदयात्रा में लोग शामिल हुये। पदयात्रा में जिला प्रभारी ममता चौधरी ने कहा कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने मनरेगा में गरीब मजदूर किसानों को काम की गारण्टी, मजदूरी की गारण्टी,जवाबदेही की गारण्टी,व 100 दिन काम की गारण्टी जैसे महत्वपूर्ण अधिकार दिये थे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



**मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के सिंदुरिया शिकारपुर रोड पर वृहस्पतिवार की रात मे लगभग आठ बजे अज्ञात वाहन से युवक की मौत का मामला प्रकाश मे आया है। जानकारी के अनुसार बडहरामीर निवासी उमेश पटेल पुत्र स्व0 गोविन्द पटेल उम्र 35 वर्ष किसी काम से कंचनपुर चौराहे पर आये थे। जहाँ से अपना काम निपटा कर अपने घर जा रहे थे कि अभी अपने गांव के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन से ठोकर लगा और वह मौके पर गिर गये जहा परिजनों और ग्रामीण के सहयोग से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना उमेश पटेल के पुत्र अंश कुमार उम्र 14 वर्ष व पत्नी बड़े भाई गणेश पटेल, छोटे भाई राजेश पटेल का रो रो के बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह के अनुसार शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

# दिनदहाड़े अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या, अधिवक्ता आक्रोषित

## मौक़े पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौक़े पर मौजूद, जांच शुरू







*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शुक्रवार को जनपद मे दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज हत्या के चलते कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए और पुरे इलाके मे दहशत मंच गया। नगर कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार बेखौफ बदमाशों ने सिविल कोर्ट के अधिवक्ता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख शोएब किदवई (बॉबी) की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना की सूचना मिलते ही मौक़े पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जाँच मे जुट गई। जानकारी के अनुसार मृतक शोएब किदवई अपनी कार यूपी 32 पीएफ 4610 से लखनऊ किसी काम से गए हुवे थे। लौटते समय लगभग 1.30 बजे जैसे ही उनकी कार लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर असेनी मोड़ के पास पहुंची ही थी की वहाँ पहले से घात लगाए बाइक सवार बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने कार को निशाना बनाते हुए कई राउंड गोलियां चलाईं, जिससे सिर, सीने और पैर में गोलियां लगने से शोएब किदवई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौक़े पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से पांच खाली खोखे बरामद किए हैं और फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से महत्वपूर्ण सबूत इकठ्ठा किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस दुस्साहसिक वारदात से आमजन में भय का माहौल है। सिविल कोर्ट परिसर और प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े लोगों में विशेष आक्रोश देखा जा रहा है। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट परिसर में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया और 48 घंटे के अंदर हत्यारों की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### फिलहाल पुलिस घटना के पीछे की रंजिश बताया

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद आक्रोषित अधिवक्ताओ ने कहा की अगर प्रशासन 48 घंटे के अन्दर आरोपी को पकड़ा नही गया तो अधिवक्ता मजबूर हो कर धरना प्रदर्शन करेंगी। पोस्टमार्टम हाउस पर हजारों की सख्या मे अधिवक्ता और पुलिस बल मौजूद रही।

## बाराबंकी में 24वां आल इण्डिया जशने अब्बा आज, तैयारी पूरी




**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** आल इण्डिया जशने अब्बास का 24वां वार्षिक आयोजन 14 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। यह महफिल रात्रि 07:30 बजे कर्बला सिविल लाइन्स, बड़ेल में होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना सैय्यद गुलज़ार हुसैन जाफरी किब्ला अजमेर करेंगे। अंजुमन गुन्चये अब्बासिया के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की जानकारी कन्वीनर कशिश सन्देलवी, सैयद क़मर इमाम और अंजुमन के अध्यक्ष शाहिद हुसैन रिज़वी ने दी। कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार 14 फरवरी 2026 को 07:30 बजे तिलावते कलामे पाक से होगी, जिसे मौलाना हिलाल अब्बास साहब प्रस्तुत करेंगे। मेहमाने एजाजी के तौर पर मौलाना मेराज हैदर खा क़िब्ला आज़मी मौजूद रहेंगे। महफिल का संचालन मशहूर ज़ाहिद कानपुरी साहब करेंगे। इस अवसर पर देश के मशहूर शायर नज़रानये अकीदत पेश करेंगे। इनमें डॉ. नयाब हल्लौरी, बेताब हल्लौरी, हाजी चन्दन सानियाल, शरर नक़वी, सावन हल्लौरी, सुहैल बस्तवी, मुनव्वर जलालपुरी, रेहान आज़मी, मुदस्सिर जौनपुरी, जुल्करनैन अजमेरी, मौलाना मोहम्मद अब्बास पिहान्वी, अली अब्बास ज़ैदपुरी, ज़यिा आज़मी, डॉ. रज़ा मौरावी, कशिश सन्डीलवी, अजमल किन्तुरी, मौलाना अयाज़ आलमपुरी, आमिर, कलीम आजर, बाकर नकवी, अज़मी बाराबंकी, डॉ. मुहिब मौरांवी, मुजफ्फर इमाम बाराबंकवी, कामयाब संडीलवी, शरफ बाराबंकी और जाकिर इमाम बाराबंकवी शामिल हैं।

## फर्जी लॉगिन से बना रहे थे आधार और आयुष्मान कार्ड, दो गिरफ्तार



**महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा से सटे नौतनवां क्षेत्र में आधार और आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के नाम पर चल रहे फर्जीवाड़े का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। बैरवा बनकटवा टोला, मणि चौराहा स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र पर छापेमारी कर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया, जो चोरी की आईडी और पासवर्ड के जरिए अवैध रूप से कार्ड तैयार कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ और क्षेत्राधिकारी नौतनवां अंकुर गौतम के पर्यवेक्षण में 12 फरवरी को कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम दोपहर करीब 2:40 बजे केंद्र पर पहुंची, जहां दोनों आरोपी संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त मिले। गिरफ्तार आरोपितों की पह्चहचान सूर्यनरायण निवासी दुर्गापुर थाना नौतनवां और धीरज चौरसिया निवासी एकमा थाना पुरंदरपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन्होंने यूट्यूब से आधार कार्ड बनाने की जानकारी हासिल की थी। बाद में एक व्यक्ति ने ठ4ष्ठद्गह्यद्म ऐप के जरिए उन्हें फर्जी लॉगिन उपलब्ध कराया, जिसके माध्यम से वे प्रति कार्ड 500 से 1000 रुपये तक वसूली करते थे।

अवधनामा



# दंगल देवताओं का खेल, कुश्ती से स्वास्थ रहेगा उत्तम : बृजभूषण सिंह







**एजाज़ सिद्दीक़ी**

- **अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ, देशभर के पहलवानों ने दिखाया दमखम**
- **ओलंपिक जाकर भारत का झण्डा करें बुलन्द : सतीश द्विवेदी**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा के बांसी रोड बस स्टैंड के पीछे मैदान में शुक्रवार को राष्ट्रीय कुश्ती दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष भारतीय कुश्ती संघ व कैशरगंज पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने उद्घाटन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी की अध्यक्षता व भाजपा नेता के संयोजन में कराये जा रहे दो दिवसीय कुश्ती में काफी भीड जुटी। वही दंगल के पहले दिन स्थानीय समेत अन्य प्रदेशों से पहुंचे पहलवानों की जोड़ी ने अपने दांव पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

उक्त दंगल में दो दर्जन से अधिक पहलवानों की जोड़ी ने अपने दांव पेंच से पसीने बहाते प्रतिद्वंद्वी पहलवान को पटकनी देकर दर्शकों को रोमांचित करते रहे। दो दिवसीय दंगल का शुभारंभ होने से दंगल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

पूर्व मंत्री डॉ द्विवेदी ने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ नेपाल सहित देश-विदेश के पहलवानों ने हिस्सा लिया। दंगल में पहलवानों ने अपनी ताकत, दांव-पेंच और पारंपरिक कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन किया। और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा।

पूर्व सांसद ने कहा कि-दंगल देवताओं का खेल है । हनुमान जी, बलराम जी और भीम का है। दंगल हर युग में होता रहा है। जहाँ दंगल होता है वहाँ मंगल होता है । यह बातें आज इटवा में अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कही । सिंह ने कहा कि युवाओं को कुश्ती लड़नी चाहिए , इससे उनका स्वास्थ्य उत्तम होगा और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार उत्पन्न होते हैं ।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भारत के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई है । अब धन की कोई कमी नहीं है । युवा खेल के क्षेत्र में आगे आयें और ओलंपिक तक जाकर भारत का झण्डा बुलन्द करें ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दंगल आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा कि दंगल कराने का उद्देश्य युवाओं को भारत के पारम्परिक खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इसके पूर्व कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता हरिशंकर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लॉक प्रमुख बलराम मिश्रा ने किया ।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिला प्रचारक अवनीश, नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष बिस्कोहर अजय गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेन्द्र दूबे, फतेह बहादुर सिंह पप्पू, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामकुमार कुंवर, लालजी त्रिपाठी लाल बाबा सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता,व्यापारी और हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

# अपूर्ण मानकों को शीघ्र पूरा करने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान-2 का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार आकांक्षी ब्लॉक खेसरहा में अपूर्ण मानकों को शीघ्र पूरा करने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान-2 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से तय लक्ष्यों की साप्ताहिक समीक्षा और टीम बनाकर कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया।

शुक्रवार को खेसरहा ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम शिवशरणप्पा जी एन,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष, डीडीओ राजमणि वर्मा, सीएमओ डा. रजत कुमार चौरसिया की मौजूदगी में खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह ने विभागवार उपलब्धियां गिनाई और शेष मानकों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के समय से पंजीकरण, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, टीवी जांच तथा 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार पर प्राथमिकता से कार्य करने की बात कही।डीएम ने कम वजन वाले बच्चों की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए टीम के रुप में कार्य करने व आशा वर्कर्स से डायरी मेंटेन रखने की बात पर जोर दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष ने काला नमक चावल के प्रोत्साहन पर फोकस किया।बीईओ नीरज कुमार सिंह ने विद्यालयों में बालिका शौचालयों के पूर्ण होने की बात बताई।

इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, वी जीराम जी, पशुपालन, श्रम, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, स्वयं सहायता समूह तथा बाल विकास विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण, पेयजल व्यवस्था और रोजगार के अवसरों को लेकर भी जागरूक किया गया ।इस दौरान सीएचसी अधीक्षक सुजीत कुमार पाण्डेय, प्रधान संघ अध्यक्ष शिवेंद्र धर द्विवेदी के अलावा प्रधान लखपति लोधी, घनश्याम लोधी, अनिल कुमार पासवान, अनिल चौधरी, दुर्गा प्रसाद, सोनू मिश्रा, राहुल पान्डेय,शिवकुमार सहित समस्त ब्लॉक कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकता, आशा वर्कर तथा बडी संख्या में अन्य लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन धनंजय मिश्रा ने किया।

# कटरा बाजार में निजी अस्पताल की लापरवाही से नवजात की मौत, स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल किया सील

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। कटरा बाजार क्षेत्र स्थित आर.डी. पाण्डेय मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के बाद नवजात शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के बाद अस्पताल को सील कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला भगहरिया पूरे मितई के हजूरी पुरवा गांव निवासी घनश्याम मौर्य से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी सोनी मौर्या को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुबहाबाजार में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि वहां तैनात एएनएम शीलू श्रीवास्तव ने सामान्य प्रसव न कराते हुए ऑपरेशन की जरूरत बताकर निजी अस्पताल भेज दिया। इसके बाद परिजन प्रसूता को आर.डी. पाण्डेय मेमोरियल हॉस्पिटल ले गए, जहां ऑपरेशन के बाद नवजात की हालत गंभीर बताई गई और कुछ ही समय में उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि नवजात की हालत बिगड़ने के बावजूद न तो समुचित इलाज किया गया और न ही समय रहते उच्च केंद्र पर रेफर किया गया।

यही नहीं, प्रसूता की स्थिति भी चिंताजनक होने के बाद देर से रेफर किया गया। नवजात की मौत की सूचना मिलते ही कटरा बाजार सीएचसी की अधीक्षक डॉ. इंदू सिंह राणा मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि दुबहाबाजार पीएचसी पर स्वास्थ्य कर्मी द्वारा प्रसव न कराना गंभीर अनुशासनहीनता है। इस संबंध में संबंधित एएनएम से स्पष्टीकरण तलब किया जा रहा है। साथ ही निजी अस्पताल की भूमिका की भी जांच की जा रही है। प्रसूता को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले की शिकायत मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आदित्य वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल में छापेमारी कर जांच की। जांच में इलाज और डिलीवरी प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही की पुष्टि होने के बाद अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति अस्पताल खोलने या सील तोड़ने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया है कि जिले में अवैध, अपूर्ण संसाधनों वाले निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और लापरवाही पाए जाने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# करनैलगंज नगर पालिका में दुकानों के आवंटन पर भ्रष्टाचार का आरोप, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** नगर पालिका परिषद करनैलगंज में निर्मित दुकानों के आवंटन में गंभीर अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में उत्तर प्रदेश किसान सभा जिला काउंसिल गोंडा के पदाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन मे कहा गया है कि नगर पालिका द्वारा दुकानों का आवंटन पूरी तरह अपारदर्शी और मनमाने ढंग से किया गया। न तो आवंटन प्रक्रिया के लिए कोई सार्वजनिक सूचना या विज्ञापन जारी किया गया और न ही पात्र व जरूरतमंद लोगों को आवेदन का अवसर दिया गया। इससे स्पष्ट है कि चयनित लोगों को ही लाभ पहुंचाने की मंशा से प्रक्रिया को गुप्त रखा गया।

सुरेन्द्र सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ व्यक्तियों को कथित रूप से अवैध धनराशि लेकर दुकानें आवंटित की गईं। इतना ही नहीं, वर्तमान आवंटी इन दुकानों को अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से दूसरों को बेच रहे हैं, जबकि नगर पालिका परिषद बिना किसी स्पष्ट नियम और पारदर्शी प्रक्रिया के दुकानों का नामांतरण (ट्रांसफर) भी कर रही है। इससे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को खुला संरक्षण मिलने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह पूरी प्रक्रिया न केवल शासन की नीतियों के खिलाफ है, बल्कि स्थानीय जरूरतमंद नागरिकों के अधिकारों का सीधा हनन भी है। जनहित से जुड़े इस मामले में नगर पालिका की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। राज्यपाल से मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, अनियमित रूप से किए गए सभी आवंटन निरस्त किए जाएं, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर विभागीय व कानूनी कार्रवाई हो, तथा दुकानों का पुनः आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सार्वजनिक विज्ञापन के माध्यम से किया जाए।

# गोंडा कोऑपरेटिव बैंक में 21.47 करोड़ का घोटाला एक माह बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

**अवधनामा संवाददाता**




**गोंडा।** जिले में यूपी कोऑपरेटिव बैंक की बड़गांव शाखा में सामने आए करोड़ों रुपये के घोटाले ने पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब 21 करोड़ 47 लाख रुपये की वित्तीय हेराफेरी के इस मामले में नामजद 15 आरोपी एक महीने बाद भी फरार हैं, जबकि पुलिस की कई टीमें उनकी तलाश में लगी होने का दावा कर रही हैं। पुलिस के मुताबिक फरार आरोपियों में बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक, तत्कालीन प्रबंधक और कैशियर जैसे जिम्मेदार पदों पर रहे अधिकारी शामिल हैं।

नगर कोतवाली पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए तीन विशेष टीमें गठित की हैं, जो लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है। जांच से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि आरोपी अपने मोबाइल फोन बंद रखे हुए हैं और बार-बार ठिकाने बदल रहे हैं, जिससे उनकी लोकेशन ट्रेस करना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि किसी भी आरोपी को अदालत से अग्रिम राहत नहीं मिली है, इसके बावजूद वे कानून की पकड़ से बाहर हैं। यह मामला 12 जनवरी को दर्ज किया गया था। वर्तमान शाखा प्रबंधक की शिकायत पर तत्कालीन अधिकारियों और कुछ खाताधारकों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच में खुलासा हुआ कि नियमों को ताक पर रखकर, कूटरचित दस्तावेजों के सहारे अपात्र लोगों को ऋण बांटे गए और बैंक की राशि का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया।

पुलिस जांच में अब तक एक संगठित गिरोह की भूमिका सामने आई है, जिसमें बैंक के अंदरूनी लोग और कुछ खाताधारक शामिल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की परत-दर-परत जांच जारी है और फरार आरोपियों के खिलाफ कुर्की सहित अन्य सख्त कानूनी कदम उठाने की तैयारी की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# महीनों से ख़राब पड़ा है इंडिया मार्का हैंडपंप पेयजल का संकट

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा बड़ागांव के पीपरपुर गांव में पिछले कई महीनों से खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप के कारण ग्रामीणों को भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। यह गांव जलालपुर तहसील क्षेत्र में स्थित है, जहां करीब दस परिवारों की रोज़मर्रा की पानी की जरूरत इसी हैंडपंप से पूरी होती थी।

ग्रामीणों के अनुसार पहले यह हैंडपंप पूरे मोहल्ले की जीवनरेखा था। सुबह-शाम महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की पानी भरने की भीड़ लगी रहती थी। लेकिन कई महीने पहले अचानक हैंडपंप खराब हो गया और तब से आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप लोगों को दूर दराज के निजी हैंडपंपों या असुरक्षित स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। इससे खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

पीपरपुर गांव निवासी आसाराम, भोलानाथ, सौरभ, मोल, अखिलेश कुमार, नीरज, जंग बहादुर, मीरा, फूलचंद, रवि कुमार, मीना और मिठाई लाल समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र देकर हैंडपंप ठीक कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ब्लॉक कार्यालय और पंचायत स्तर पर शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। गर्मी नजदीक आने से उनकी चिंता और बढ़ गई है।

# मोबियस फाउंडेशन के द्वारा तमाम महिलाओं ने कराई नसबंदी

**लोटन सिद्धार्थनगर।** जनसंख्या स्थिरता कार्यक्रम को बढ़वा देने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन में शुक्रवार को मोबियस फाउंडेशन के द्वारा जननी कॉट टीम के द्वारा नसबंदी कैम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से क्षेत्र के 18 महिलाओं ने जनसंख्या नियंत्रण की स्थाई विधी को अपना कर प्रदेश के जनसंख्या नियंत्रण के अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जननी टीम के आये हुए सदस्य सर्जन डॉ. माया राम तथा जननी टीम के जिला प्रबंधक देवेन्द्र नाथ सिंह ने बताया कि हमारे जननी टीम में सभी प्रशिक्षित स्टाफ जैसे ओटी टेक्निशियन अंकुर कुमार, स्टाफ नर्स नंदिता एवं अमृता, काउंसलर प्रियंका ,लैब टेक्नीशियन सचिन परिवार नियोजन की सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किये गये हैं और हम सिद्धार्थनगर के प्रत्येक ब्लॉक पर इसी प्रकार का शिविर का आयोजन करके लोगों को इसके प्रति जागरूक करके उन्हें मनपसंद सेवाओं को उपलब्ध करवाने का कार्य करते हैं।

# पिढिया स्थित बाबा पिढेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर, 300 मरीजों ने उठाया लाभ



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पिढिया में बाबा पिढेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर, 300 मरीजों ने उठाया लाभ बाबा पिढेश्वरनाथ महादेव मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को पिढिया में एक निश्शुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। बाबा पिढेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित इस शिविर में कुल 300 नेत्र रोगियों ने जांच कराकर लाभ उठाया। शिविर में मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श के साथ-साथ निश्शुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

इस शिविर में आंखों की जांच के साथ शुगर और ब्लड प्रेशर की भी जांच की गई। वाणी मेडिकेयर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एन पी त्रिपाठी ने अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से सभी मरीजों की क्रमवार जांच की। जांच के उपरांत आवश्यक दवाइयां भी निश्शुल्क वितरित की गईं।

डॉ एन पी तिवारी ने बताया कि ग्लूकोमा और मधुमेह से जुड़ी रेटिनोपैथी जैसी गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाने और दृष्टि की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से (हर 1 से 3 वर्ष में) आंखों की संपूर्ण जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना किसी लक्षण के भी मोतियाबिंद, दृष्टि दोष और उच्च रक्तचाप से संबंधित नेत्र समस्याओं का पता जांच के दौरान चल सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि 18 से 64 वर्ष के वयस्कों को हर दो वर्ष में एक बार और 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को हर वर्ष या 1-2 वर्ष में आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। वहीं मधुमेह, उच्च रक्तचाप या पारिवारिक नेत्र रोग का इतिहास रखने वाले व्यक्तियों को अधिक बार जांच की आवश्यकता होती है।

बच्चों के संबंध में डॉ. राजबहादुर ने बताया कि 6 माह की उम्र से आंखों की जांच शुरू कर देनी चाहिए, इसके बाद 3 वर्ष की आयु में, पहली कक्षा में प्रवेश से पहले तथा 6 से 18 वर्ष तक हर वर्ष नियमित जांच करानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉक्टर द्वारा की जाने वाली जांच में केवल नजर ही नहीं, बल्कि पुतली फैलाकर आंख के अंदरूनी हिस्सों–रेटिना और ऑप्टिक नर्व–की भी जांच की जाती है, जिससे दृष्टि हानि को रोका जा सकता है।

# मिशन शक्ति के तहत विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को किया गया जागरूक



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन के सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण बेटी , बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा व बाल कल्याण समिति व मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान मिशन शक्ति केंद्र थाना लोटन के क्रम में बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम एवं बाल संरक्षण के मुद्दे एवं पाक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी नये कानून के संबंध मे थाना लोटन द्वारा चलाये गये जागरुकता अभियान के तहत थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज के निर्देश पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोटन में जाकर शक्ति दीदी के तहत छात्राओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया। महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बर व साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई ।इस दौरान हेड कांस्टेबल संजय गुप्ता, महिला आरक्षी नेहा तिवारी सहित तमाम छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# टांडा ब्लॉक में बिल बावचर अपलोड पर सवाल जनता ने उठाया सवाल

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के विकासखंड बसखारी में ब्लॉक प्रमुख निधि को लेकर चल रहे कथित भ्रष्टाचार के चर्चे अभी थमे भी नहीं थे कि अब विकासखंड टांडा का मामला सुर्खियों में आ गया है। टांडा ब्लॉक में विकास कार्यों से जुड़े बिल-वाउचर जिस तरीके से अपलोड किए गए हैं, उसे लेकर आमजन में तरह-तरह की चर्चाएँ शुरू हो गई हैं। लोगों का कहना है कि कागज़ी कार्यवाही ऐसी दिखाई जा रही है मानो आसमान से एलियन उतर आए हों यानी दस्तावेज़ वास्तविकता से मेल नहीं खाते। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अपलोड किए गए बिलों की शैली, रकम और विवरण इतने संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं कि आँखों देखी मक्खी निगलने जैसा हाल है – सब कुछ सामने दिख रहा है, फिर भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। कई ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि कार्य वास्तव में हुए हैं तो पारदर्शिता से उनका भौतिक सत्यापन क्यों नहीं कराया जा रहा। जनता के बीच चर्चा है कि जहाँ धुआँ उठता है, वहाँ आग भी होती है। उनका कहना है कि यदि सब कुछ नियमों के अनुसार है तो संबंधित विभाग को खुलकर स्पष्टीकरण देना चाहिए, ताकि शंकाओं का समाधान हो सके। वहीं कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि मामले की स्वतंत्र जांच कराई जाए, जिससे सच सामने आए और यदि कोई अनियमितता हुई है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो। फिलहाल यह मुद्दा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

## ब्लॉक प्रमुख के प्रयास से विकास लगातार जारी

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** बसखारी ब्लॉक आज विकास की जिस नई ऊंचाई पर खड़ा है, उसका श्रेय ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन सिंह उर्फ संजय सिंह के मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शी सोच को जाता है। उनके कार्यकाल में विकास कार्यों ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है, जिससे गांव-गांव में सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग और अन्य जनसुविधाओं का जाल बिछाया गया है वहीं, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण चन्द्र सिंह भी जनता के बीच अपनी सक्रियता और समर्पण के लिए विशेष पहचान बना चुके हैं। वे 24 घंटे, 7 दिन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। चाहे दिन हो या रात, किसी भी ग्रामीण को समस्या होने पर कृष्ण चन्द्र सिंह तुरंत मौके पर पहुंचकर समाधान सुनिश्चित करने का कार्य करते हैं। उनकी इसी जनसेवा भावना के कारण वे क्षेत्र में जनता के सबसे भरोसेमंद प्रतिनिधि के रूप में उभरकर सामने आए हैं,ब्लॉक प्रमुख और उनके प्रतिनिधि की संयुक्त कार्यशैली का ही परिणाम है कि बसखारी ब्लॉक में विकास कार्य तेजी से धरातल पर उतर रहे हैं।

# बिजली बिल राहत योजन का तीसरा चरण प्रारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का तीसरा चरण शुरू, उपभोक्ताओं को ब्याज माफी और छूट का अंतिम मौका

उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। द्वारा संचालित बिजली बिल राहत योजना 2025ङ्क26 का तीसरा चरण शुरू कर दिया गया है। विभाग ने इसे बकाया बिल जमा करने का अंतिम मौका बताया है।

विभागीय जानकारी के अनुसार जो उपभोक्ता पहले और दूसरे चरण में योजना का लाभ नहीं ले पाए, वे अब तीसरे चरण में जुड़कर राहत प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत बकाया बिजली बिल पर लगने वाला 100 प्रतिशत ब्याज पूरी तरह माफ किया जा रहा है। साथ ही मूलधन राशि पर भी अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

बिजली चोरी से जुड़े मामलों में भी राजस्व निर्धारण पर उपभोक्ताओं को 40 प्रतिशत तक की राहत का प्रावधान रखा गया है। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को लंबित बिल निपटाने में सुविधा मिलेगी।

विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएं और अपने बकाया बिजली बिल का निस्तारण कराएं। योजना से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क किया जा सकता है। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का तीसरा चरण शुरू, उपभोक्ताओं को ब्याज माफी और छूट का अंतिम मौका उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। द्वारा संचालित बिजली बिल राहत योजना 2025ङ्क26 का तीसरा चरण शुरू कर दिया गया है। विभाग ने इसे बकाया बिल जमा करने का अंतिम मौका बताया है।

विभागीय जानकारी के अनुसार जो उपभोक्ता पहले और दूसरे चरण में योजना का लाभ नहीं ले पाए, वे अब तीसरे चरण में जुड़कर राहत प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत बकाया बिजली बिल पर लगने वाला 100 प्रतिशत ब्याज पूरी तरह माफ किया जा रहा है। साथ ही मूलधन राशि पर भी अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। बिजली चोरी से जुड़े मामलों में भी राजस्व निर्धारण पर उपभोक्ताओं को 40 प्रतिशत तक की राहत का प्रावधान रखा गया है। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को लंबित बिल निपटाने में सुविधा मिलेगी।

विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएं और अपने बकाया बिजली बिल का निस्तारण कराएं। योजना से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क किया जा सकता है।

# विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने विधानसभा में उठाया छात्रवृत्ति, रोजगार का मुद्दा

**बस्ती।** समाजवादी पार्टी के बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने बजट सत्र के दौरान शिक्षा, सरकारी नौकरी, बेरोजगारी और रोजगार से जुड़े मुद्दे तारांकित प्रश्न के तहत विधानसभा में उठाया। विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने श्रम एवं सेवा योजन मंत्री से पूछा कि प्रदेश में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये वर्तमान में कौन-कौन सी योजनायें संचालित की जा रही हैं और 2 वर्षो में प्रदेश में कुल कितने बेरोजगार युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रदान किया गया है। प्रश्न के उत्तर में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री ने विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुये बताया कि सरकारी विभागों में नियमित भर्ती का कार्य विभिन्न गठित चयन आयोग, भर्ती बोर्डो आदि के माध्यम से किया जाता है। इसी कड़ी में विधायक ने तारांकित प्रश्न के तहत पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण मंत्री से पूंछा कि अल्प आय वर्ग के छात्र-छात्राओं को दशमोत्तर और उच्च शिक्षण संस्थानों, व्यवसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में शिक्षारत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति दिये जाने का मानक क्या है।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में मारी टक्कर, दो गंभीर, अज्ञात चालक पर एफआईआर

**अवधनामा संवाददाता**

- **चालक फरार–पुलिस की निगरानी पर सवाल**

**गोंडा।** जिले में सड़कों पर बेलगाम रफ्तार अब आम नागरिकों की जान पर भारी पड़ रही है, लेकिन सवाल यह है कि प्रशासन आखिर कब जागेगा? इसी क्रम में करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है। गोंडा-लखनऊ रोड पर कासिमपुर भट्टे के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित वीरेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 6 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 1:45 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रघ्घापुरवा निवासी वीरेंद्र प्रताप सिंह का छोटा भाई मानवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मन्नू अपने मित्र आशीष मिश्रा के साथ बाइक संख्या P-43 BM-9726 से ग्राम हरियागाड़ा अपनी बहन से मिलकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान कोंचा कासिमपुर भट्टे के पास पीछे से आए डंपर संख्या UP-53 T-6977 (टाटा) ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मानवेंद्र प्रताप सिंह और उनके मित्र आशीष मिश्रा को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो चुका था। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसके बाद परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज जारी है। पीड़ित वीरेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 281, 125(ए), 125(बी) तथा मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 184 में अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## शान्ती के साथ समृद्धि

यह तो बहुत सीधा तथ्य है कि समृद्धि शान्ती के साथ है। समृद्धि आती है। लेकिन लोग राजनीतिक वजहों से पुराने स्वयभूसिद्ध तथ्यों की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूकते है। असम के मुख्यमंत्री एसआईआरएम प्रमुख अवेवैसी ने कानूनी कारवाई की मांग करते हुये पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला बीजेपी की ओर से सोशल मीडिया पर डाले गये। एक वीडियों से जुड़ा हुआ है। हालाकि देखते हुये इसे हटा लिया गया है। इसमें एआई से बनाई गयी अल्पसंख्यक समुदाय के दो लोगों की तस्वीरें है। तस्वीरे पर हिम्मत को राईफ्ल से निशना लगाते दिखाया गया है। ओवैसी का आरोप है कि यह वीडियों दो धार्मिक समुदायों के बीच नफ्रत को बढ़ावा देता है। हिमन्त का कहना है कि उन्हे ऐसे किसी वीडीओं की जानकारी नहीं है। वह बांगलादेशी से घुसपैठ करने वालो के विरोधी है। उनका कहना है आगे भी विरोध करते रहगे। असम बांगलदेशी घुसपैठियों का मामला बहुत संवेदनशील है। सुप्रीम कोर्ट असम बांगलादेशी घुसपैठियों का मामला संवेदनशील मानता है। साथ ही शीर्ष अदालत ने इसे सवंदनशील माना है और इसे न मानने की बात कही है। शीर्ष अदालत ने अक्टूबर 2022 में आदेश दिया था। कि हर स्पीच के मामले में पुलिस पहले के से दर्ज करें। शिकायत की जरूरत नहीं पड़नी चाहिये।

पर ऐसे मामलो में पुलिस से राजनैतिक हस्तियों की बजह से शिकायता दर्ज नहीं करती है। असम में जल्द विधान सभा चुनाव भी होने वाला है। नेता साम्प्रदायिक पेच पर चुनाव लड़ना चाहते है। हाल ही में उन्होंने एसआईआर के सन्दर्भ में ऐसे कई बयान दे चुके है। जिन्हें देखकर लगता है। साम्प्रदायिक पिच पर ही चुनाव लड़ना चाहते है हेमन्त।

हाल ही में उन्होनें एसआईआर के सम्बन्ध में राज्य के लगों और चुनाव आयोग से मियां को दारगेट करने को कहा था। बांगला भाषी मुसलमानों को मियां कह कर ही सम्बोधित किया जाता है। असम में ऐसे वीडियों और सम्प्रदाय विशेष के खिलाफबयान समुदायों के बीच विरोध बढ़ाने का काम करते है। इससे साम्प्रदायिक टकराहट सामने आते है। चुनाव से पहले सम्प्रदायिक तनाव और टकराहट के रूप में आते है। संविधान सम्मत भी नहीं है। नागरिकों से धर्म के आधार पर भेदभाव वर्जित है। पर यह सिलसिला रूका नहीं है चुनाव से पहले ये गति पकड़ता है। 2047 में जिन बिकसित भारत का आधारशिला रक्खी गयी है उस पर इस तरह के प्रकरण छटका लगाते है। इतिहास सिखाता है शान्ती के साथ समृद्धि आती है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को समझिये जिसमें वही समझया गया है। शायर इकबात की मशहूर नज्म कहती है मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना हिन्दोस्तां हमारा है।

**डीपफेक वीडियो के वायरल होने के बाद उसका खंडन अक्सर प्रभावहीन हो जाता है, इसलिए त्वरित कार्रवाई ही नुकसान को सीमित कर सकती है। परंतु यह भी सच है कि इतनी कम समय सीमा में सामग्री की सत्यता की जांच करना तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत जटिल कार्य है। इससे प्लेटफॉर्मों पर निगरानी तंत्र को अत्यधिक सुदृढ़ करना पड़ेगा, जो लागत और संचालन दोनों के स्तर पर चुनौतीपूर्ण होगा। यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री की परिभाषा कौन और किस आधार पर तय करेगा।**

# डीपफेक का धोखा और डिजिटल सख्त नियमों की अनिवार्यता

डिजिटल युग में सूचना की गति जितनी तीव्र हुई है, उतनी ही तेजी से भ्रम, छल और दुष्प्रचार की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक तकनीक ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। अब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि चेहरों, आवाजों और भाव-भंगिमाओं से भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने डीपफेक और एआई जनित सामग्री के नियमन के लिए आईटी नियमों को सख्त करने का निर्णय लिया है। बीस फरवरी से लागू होने जा रहे नए प्रावधानों के अनुसार एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य होगा और किसी भी अवैध या भ्रामक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना या ब्लॉक करना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। यह बदलाव केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि डिजिटल नैतिकता और लोकतांत्रिक जवाबदेही की दिशा में एक गंभीर हस्तक्षेप है।



ललित गर्ग

पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग भयावह रूप से सामने आया है। राजनीतिक नेताओं के फर्जी वीडियो, अभिनेत्रियों की अश्लील रूप से परिवर्तित तस्वीरें, सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले ऑडियो क्लिप और आर्थिक धोखाधड़ी के लिए बनाए गए कृत्रिम संदेश-ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि तकनीक तटस्थ नहीं रहती, उसका उपयोग और दुरुपयोग दोनों संभव हैं। जब सत्य को जूता जा रहा हो और झूठ को परिष्कृत तकनीक के सहारे प्रमाणिकता का आवरण पहनाकर प्रस्तुत किया जा रहा हो, तब समाज में अविश्वास का वातावरण बनना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा नियंत्रण की पहल आवश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि यह केवल अभिव्यक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है।



नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बढ़ाई गई है। अब उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता को यह जानकारी मिले कि साझा की जा रही सामग्री एआई से निर्मित है या नहीं। इससे पारदर्शिता का एक न्यूनतम मानक स्थापित होगा। साथ ही, तीन घंटे की समयसीमा यह संकेत देती है कि सरकार डिजिटल अपराधों की गंभीरता को समझ रही है। डीपफेक वीडियो के वायरल होने के बाद उसका खंडन अक्सर प्रभावहीन हो जाता है, इसलिए त्वरित कार्रवाई ही नुकसान को सीमित कर सकती है। परंतु यह भी सच है कि इतनी कम समय सीमा में सामग्री की सत्यता की जांच करना तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत जटिल कार्य है। इससे प्लेटफॉर्मों पर निगरानी तंत्र को अत्यधिक सुदृढ़ करना पड़ेगा, जो लागत और संचालन दोनों के स्तर पर चुनौतीपूर्ण होगा। यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री की परिभाषा कौन और किस आधार पर तय करेगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूलाधिकार है। यदि नियमन की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत नहीं होगी, तो इसके दुरुपयोग की आशंकाएँ जन्म लेंगी। अतीत में भी यह देखा गया है कि जब-जब सोशल मीडिया पर नियंत्रण के प्रयास हुए, तब कुछ वर्गों ने इसे सरकारी अतिक्रमण के रूप में प्रस्तुत किया। इसलिए नियमन और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का प्रयोग असहमति को दबाने के लिए नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से दुष्प्रचार और अपराध को रोकने के लिए हो। इस दिशा में स्वतंत्र निगरानी तंत्र, न्यायिक समीक्षा और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली अनिवार्य घटक हो सकते हैं।

वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं। वहाँ की बड़ी तकनीकी कंपनियों पर युवाओं को लत लगाने वाली संरचनाएँ विकसित करने के आरोप लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कई युवा जब अपने फोन से दूर किए जाते हैं तो वे मनोवैज्ञानिक ही नहीं, शारीरिक असहजता भी अनुभव करते हैं। यह स्थिति केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं, भारत सहित विकासशील देशों में भी सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार सामाजिक और मानसिक संकट का कारण बन रहा है।

एआई उद्योग स्वयं भी एक नैतिक दुविधा के दौर से गुजर रहा है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में कंपनियाँ तकनीकी श्रेष्ठता की दौड़ में लगी हैं। इस दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता के प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाते हैं। हाल ही में एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता द्वारा विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति पर असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना इस तनाव का संकेत है। तकनीक की प्रगति जितनी तेज होगी, नियामक ढाँचे उतनी ही तेजी से अप्रासंगिक होते जाएँगे, यदि उन्हें समयानुकूल अद्यतन न किया जाए। इसलिए नियमन को केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और सहभागी होना चाहिए।

भारत के संदर्भ में यह विषय और भी संवेदनशील है। यहाँ डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व विस्तार पाया है। करोड़ों नए उपयोगकर्ता प्रतिवर्ष ऑनलाइन आ रहे हैं। ऐसे में यदि असली और नकली के बीच का फर्क स्पष्ट न रहे तो लोकतांत्रिक विमर्श ही संदिग्ध हो जाएगा। चुनावी प्रक्रिया, सामाजिक सद्भाव, आर्थिक लेन-देन और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा-सभी पर डीपफेक का खतरा मंडरा सकता है। इसलिए एआई जनित सामग्री पर लेबलिंग का प्रावधान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सूचना साक्षरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि लेबलिंग तभी प्रभावी होगी जब आम उपयोगकर्ता डिजिटल साक्षर हो। अन्यथा वह लेबल को समझे बिना ही सामग्री साझा करता रहेगा।

आगामी ई-समिट और भारत के 'इंडिया एआई मिशन' के संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है कि तकनीक का विकास पारदर्शिता, शुद्धता और प्रमाणिकता के मूल्यों के साथ हो। यदि भारत वैश्विक एआई नेतृत्व का दावा करना चाहता है, तो उसे नैतिक मानकों की स्थापना में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। केवल स्टार्टअप्स और नवाचार की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि एआई मानव गरिमा, गोपनीयता और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करे। नियमन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति को रोकना नहीं, बल्कि उसे उत्तरदायी बनाना होना चाहिए।

## भारतीय लोकतंत्रः प्रतिस्पर्धा में शुचिता और विरोध में मर्यादा


भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक सुंदरता उसकी वैचारिक विविधता, सहिष्णुता और संवाद की प्राचीन एवं स्वस्थ परंपरा में निहित है। मतभेद, विचारों का संघर्ष और नीतियों पर सार्थक बहस किसी भी जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्वाभाविक पहचान होते हैं। किंतु जब यही मतभेद व्यक्तिगत कटुता में परिवर्तित हो जाते हैं और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा मर्यादा की सीमाएँ लाँघने लगती है, तब लोकतंत्र की मूल आत्मा को कहीं न कहीं क्षति पहुँचती है। जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे राजनीति के सर्वोच्च सिद्धांत 'प्रतिस्पर्धा में शुचिता और विरोध में मर्यादा' का सदैव पालन करें।



प्रो. मनमोहन प्रकाश

लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अपरिहार्य है, क्योंकि यही सत्ता को उत्तरदायी बनाती है और जनहित के प्रश्नों को विमर्श के केंद्र में लाती है। किंतु वर्तमान समय में यह चिंता का विषय है कि अनेक अवसरों पर यह प्रतिस्पर्धा 'लोक-सेवा' की भावना से भटककर 'व्यक्तिगत विजय' और 'राजनीतिक प्रतिशोध' का रूप लेती प्रतीत होती है। जब चुनाव विकास, नीति और दूरदृष्टि के मूल्यांकन के स्थान पर केवल विरोधी को नीचा दिखाने तथा किसी भी प्रकार से पराजित करने का माध्यम बन जाते हैं, तब लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा प्रभावित होती है। चुनावी विमर्श में तथ्यपरक संवाद के स्थान पर आरोप-प्रत्यारोप, आधे-अधूरे सत्य और डिजिटल मंचों पर अमर्यादित भाषा का बढ़ता प्रयोग किसी स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता।

यह तथ्य भी सही है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है; उसे लोकतंत्र की 'अंतरात्मा' माना गया है। सत्ता के निर्णयों की समीक्षा करना और जनहित के मुद्दों को मुखरता से उठाना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है। किंतु जब यह विरोध नीति-केंद्रित न रहकर व्यक्ति-केंद्रित हो जाता है, तब उसकी रचनात्मक उपयोगिता समाप्त होने लगती है। दुर्भाग्यवश, आज कई अवसरों पर तर्क और तथ्यों के स्थान पर कटु भाषा, अप्रिय दृश्य और भावनात्मक उत्तेजना देखने को मिलती है। संसद और विधानसभाएँ संवाद के सर्वोच्च मंच हैं; वहाँ निरंतर व्यवधान और संवादहीनता न केवल विधायी कार्यों को बाधित करती है, बल्कि लोकतंत्र की श्रेष्ठ परंपराओं को भी कमजोर करती है।




सत्ता पक्ष पर भी लोकतांत्रिक आचरण का आदर्श प्रस्तुत करने की विशेष जिम्मेदारी होती है। सत्ता का स्वरूप स्वभावतः विनम्र, सहिष्णु और समावेशी होना चाहिए। आलोचना को शत्रुता के रूप में देखना या असहमति के स्वर को दबाने का प्रयास करना लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल है। यदि सत्ता पक्ष विपक्ष को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आवश्यक पूरक माने, तो संवाद की संस्कृति सुदृढ़ होती है और देश के लिए निर्मित नीतियाँ अधिक संतुलित एवं सर्वमान्य बनती हैं। इसी प्रकार, विपक्ष के लिए भी यह आवश्यक है कि वह केवल विरोध के लिए विरोध करने के स्थान पर विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाए और जनहित के सकारात्मक प्रयासों का निष्पक्ष समर्थन करे।इस समग्र प्रक्रिया में लोकतंत्र की अंतिम और सबसे बड़ी शक्ति जनता के विवेक में निहित है। मतदाताओं की समझ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था का वास्तविक आधार होती है। यदि उत्तेजक भाषणों और मर्यादा-विहीन आचरण को सामाजिक मौन या परोक्ष स्वीकृति मिलती है, तो उसका दुष्परिणाम अंततः राष्ट्र को ही भुगतना पड़ता है। राजनीतिज्ञ प्रायः उसी मार्ग का अनुसरण करते हैं, जिसे जनता का समर्थन प्राप्त होता है; अतः नागरिकों का यह प्राथमिक दायित्व है कि वे मर्यादित, तथ्यपरक और रचनात्मक राजनीति को प्रोत्साहित करें।

अंततः, राजनीति का चरित्र उसकी मर्यादा से ही निर्धारित होता है। यदि प्रतिस्पर्धा से शुचिता लुप्त हो जाए, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे भीड़तंत्र की ओर अग्रसर हो सकता है। भारत की महानता का मूल्यांकन केवल आर्थिक आँकड़ों से नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक गरिमा, संवाद की संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों के श्रेष्ठ आचरण से भी किया जाएगा।

# डिजिटल युग में अफवाहें-पेड प्रमोशन और डर आधारित स्ट्रेटेजी

**डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल होने वाली सामग्री भावनाओं को भड़काने, डर फैलाने और पूर्वाग्रह को मजबूत करने का काम करती है। भारत जैसे विविधता-पूर्ण देश में, जहाँ भाषा, धर्म, जाति और राजनीतिक मतभेद पहले से मौजूद हैं, अफवाहें सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर देती हैं। वैश्विक स्तर पर भी, अफवाहों ने नस्लीय तनाव,युद्ध जैसी स्थितियों और कूटनीतिकसंबंधों को प्रभावित किया है।**

वैश्विक स्तरपर इक्कीसवीं सदी का डिजिटल युग सूचनाओं की अभूतपूर्व शक्ति लेकर आया है।इंटरनेट सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स ने याँ को जोड़ दिया है,लेकिन इसी के साथअफवाहों और फेक न्यूज का संकट भी तेजी से बढ़ा है। आज भारत ही नहीं, बल्कि पूराविश्व इस चुनौती से जूझ रहा है कि किस प्रकार झूठी,भ्रामक और जानबूझकर फैलाई गई सूचनाएँ समाज, लोकतंत्र और मानव जीवन को गंभीर नुकसान पहुँचा रही हैं।यह स्थिति अब केवल सामाजिक यानैतिक चिंता का विषय नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, जनस्वास्थ्य तथा चुनावी प्रक्रिया की शुचिता से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल होने वाली सामग्री भावनाओं को भड़काने, डर फैलाने और पूर्वाग्रह को मजबूत करने का काम करती है।भारत जैसे विविधता-पूर्ण देश में, जहाँ भाषा, धर्म, जाति और राजनीतिक मतभेद पहले से मौजूद हैं,अफवाहें सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर देती हैं। वैश्विक स्तर पर भी,अफवाहों ने नस्लीय तनाव,युद्ध जैसी स्थितियों और कूटनीतिकसंबंधों को प्रभावित किया है।फेक न्यूज़ का सबसे पहला और सबसे गहरा प्रभाव सामाजिक सौहार्द पर पड़ता है। सांप्रदायिक अफवाहें, भ्रामक वीडियो, एडिटेड तस्वीरें और संदर्भ से काटे गए बयान अक्सर हिंसा, दंगों और सामाजिकतनाव को जन्म देते हैं। भारत में बीते वर्षों में कई घटनाएं सामने आई हैं जहां व्हाट्सएप्प संदेशों या सोशल मीडिया पोस्ट के कारण भीड़ हिंसा,लिंचिंग और सांप्रदायिक टकराव हुए। यह दर्शाता है कि अफवाहें केवल सूचना की समस्या नहीं हैं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का संकट बन चुकी हैं।इसलिए अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अफवाहों से निपटने के लिए केवल सामान्य कानून या प्लेटफॉर्म की स्वैच्छिक नीतियाँ पर्याप्त नहीं हैं। कुछ समय पूर्व मुंबई में मिसिंग पपर्सन्स का मामला जोरशोर से उठ रहा था, मुंबई पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मिसिंग पर्सन्स की संख्या पिछले वर्षों के औसत के अनुरूप ही थी,यानें अफवाहों पर कानूनी सख्ती की चेतावनी आई,मामला वहीं शांत हो गया।अब दिल्ली में मिसिंग पर्सन्स को लेकर फैली चर्चाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वास्तव में कोई असाधारण संकट है,या फिर यह डिजिटल अफवाहों द्वारा निर्मित सामाजिक भय है। दिल्ली में एक बड़ी न्यूज़ एजेंसी द्वारा यह दावा किया गया कि 2026 के पहले 15 दिनों में दिल्ली में 800 से अधिक लोग लापता हो गए। यह संख्या सुनने में भयावह लगती है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि कितने मामले पारिवारिक विवाद, स्वेच्छा से, एग्जाम का डर, युवकों की नासमझी, लव अफेयर्स से घर छोड़ने या फ़िर गलत रिपोर्टिंग से जुड़े हैं।सोशल मीडिया पर वीडियो, ऑडियो क्लिप और भावनात्मक पोस्ट वायरल हों रहें हैं। एक बड़े नेता द्वारा एक्स (पूर्व ट्विटर) पर चिंता व्यक्त किए जाने के बाद यह मुद्दा और अधिक चर्चा में आ गया। हालाँकि, जब आँकड़ों का विश्लेषण किया गया तो सामने आया कि दिल्ली में मिसिंग पर्सन्स की रिकवरी दर लगभग 77 प्रतिशत है। अर्थात, लापता घोषित किए गए लोगों में से एक बहुत बड़ा हिस्सा सुरक्षित रूप से वापस मिल जाता है।यह दर कई अंतरराष्ट्रीय महानगरों की तुलना में बेहतर मानी जाती है।मीडिया के हवाले से सुनने को मिला है कि दिल्ली पुलिस ने बताया कि हाल के अलग-अलग महीनों में मिसिंग पर्सन्स की जो संख्या बताई जा रही है वैसी ही संख्या पिछले वर्षों की औसत अवधि से भिन्न नहीं है तथा दिल्ली पुलिस के एक बड़े अधिकारी का बयान मैंने सुना उन्होंने कहा कि अफवाओं पर ध्यान ना दें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर अफवाहों का प्रभाव अत्यंत चिंताजनक है। चुनावों के दौरान फेक न्यूज मतदाताओं की सोच को प्रभावित करती है, उम्मीदवारों की छवि बिगाड़ती है और चुनावी निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है। भारत में हाल के वर्षों में चुनावी समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई गई भ्रामक जानकारियाँ इसका उदाहरण हैं।कई देशों में चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप और संगठित फेक न्यूज अभियानों की पुष्टि हुई है। यदि लोकतंत्र को सुरक्षित रखना है, तो अफवाहों को केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अनदेखा नहीं किया जा सकता।



किशन भावनानी



साथियों बात अगर हम जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अफवाहों का प्रभाव और भी घातक सिद्ध हुआ है इसको समझने की करें तो कोविड-19 महामारी के दौरान दुनियाँ ने देखा कि कैसे झूठी सूचनाओं ने वैक्सीन को लेकर डर पैदा किया, इलाज के नाम पर खतरनाक घरेलू नुस्खों को बढ़ावा दिया और स्वास्थ्य प्रणालियों पर अविश्वास फैलाया।भारत सहित कई देशों में अफवाहों के कारण लोगों ने समय पर इलाज नहीं कराया, जिससे जानमाल की क्षति हुई। यह स्पष्ट है कि जब अफवाहें जीवन और मृत्यु का प्रश्न बन जाएँ, तब उन्हें रोकना केवल नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि कानूनी आवश्यकता बन जाती है।भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्मों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है।व्हाट्सएप्प फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अफवाहों के सबसे बड़े वाहक बन चुके हैं।एंड-टू-एंडएन्क्रिप्शन अनियंत्रित फॉरवर्डिंग और एल्गोरिदम आधारित कंटेंट प्रमोशन ने झूठी खबरों को पलक झपकते ही लाखों लोगों तक पहुँचा दिया है। वर्तमान भारतीय कानून, जैसे आईटी एक्ट या आईपीसी की कुछ धाराएँ, इस समस्या से निपटने के लिए अपर्याप्त साबित हो रही हैं। ये कानून अफवाहों की गति, पैमाने और जटिलता को ध्यान में रखकर नहीं बिलकुल बनाए गए थे।

साथियों बात अगर हम पेड प्रमोशन और डर कीमार्केटिंग इस एंगल से समस्या को समझने की करें तोअफवाहों के पीछे केवल अज्ञानता ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक हित भी संभवतः काम कर रहे हैं।आज कई इन्फ्लुएंसर्स, पेज और चैनल जानबूझकर डरावनी सामग्री फैलाते हैं क्योंकि-इससे व्यूज बढ़ते हैं,एंगेजमेंट मिलता है पेड प्रमोशन और ब्रांड डील्स आती हैं,यह एक प्रकार की डर आधारित मार्केटिंग स्ट्रेटेजी है, जिसमें समाज की असुरक्षा को उत्पाद की तरह बेचा जाता है।कानून की सीमाएँ- क्या मौजूदा प्रावधान पर्याप्त हैं?भारत में आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता और अन्य कानूनों में अफवाहों से निपटने के कुछ प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन वेनविशिष्ट नहीं हैं। साथियों बात अगर हम इसी संदर्भ में,एक विशिष्ट और सख्त कानून लाने की आवश्यकता की करें तो, फेक न्यूज एक्ट की आवश्यकता महसूस की जा रही है,जो अफवाहों को स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में रखे। ऐसा कानून न केवल जानबूझकर झूठी सूचना फैलाने वालों के लिए दंडात्मक प्रावधान तय करे।

# वीर महाराजा सूरजमल जाट की अमरगाथा

**चंदोस की विजय जाट शक्ति उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुयी और इससे भरतपुर रियासत की प्रतिष्ठा और सामरिक शक्ति दोनों में वृद्धि हुयी। 1748 के बगरू युद्ध ने सूरजमल को अद्भुत सैनिक नेतृत्व और रणकौशल का प्रतीक बनाते हुए एक प्रमुख योद्धा के रूप में इतिहास में स्थापित कर दिया। 1748 में जयपुर राज्य में उत्तराधिकार को लेकर ईश्वरी सिंह और माधो सिंह के बीच संघर्ष छिड़ गया इस अवसर पर राजकुमार सूरजमल ने जयपुर के शासक ईश्वरी सिंह का साथ देते हुए अपनी सेना के साथ युद्ध में भाग लिया।**

13फरवरी 2026 को जाट शक्ति के महानायक, वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल जाट की 319वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान और गर्व के साथ मनायी जा रही है। भारत प्राचीनकाल से ही महान योद्धाओं और वीर सपूतों की उर्वर भूमि रहा है। इसी गौरवशाली परंपरा में महाराजा सूरजमल जाट का नाम पराक्रम, स्वाभिमान और शौर्य के प्रतीक के रूप में अत्यंत आदर एवं गर्व के साथ स्मरण किया जाता है। महाराजा सूरजमल का जन्म 13 फरवरी 1707 ई0 को भरतपुर में हिन्दू जाट परिवार में हुआ इनके पिता का नाम राजा बदन सिंह और माता का नाम रानी देवकी था। महाराजा सूरजमल की मुख्य पत्नियों में महारानी किशोरी और हंसिया प्रमुख थी। उनके पुत्रों में सबसे प्रमुख और उत्तराधिकारी जवाहर सिंह थे। जिन्होंने महाराजा सूरजमल के बाद भरतपुर का शासन संभाला। 1755 से 1763 ई0 महाराजा सूरजमल ने भरतपुर रियासत की बागडोर संभालकर आपने कुशल, न्यायप्रिय और जनहितकारी शासन से राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहँचाया। महाराजा सूरजमल अद्वितीय शौर्य और साहस के धनी महान योद्धा थे, जिन्होंने अपने जीवन काल में कई युद्धों में विजय पताका फहराकर इतिहास में अमिट छाप छोड़ दी। 1746 में चंदौस का युद्ध महाराजा सूरजमल और मुगल अफगान सरदार असद खान के बीच अलीगढ़ में लड़ा गया। घटना इस प्रकार है, दिल्ली के मुगल बादशाह को कोइल(अलीगढ़) के नवाब फतेहअली खान ने नाराज कर दिया उसे दंडित करने लिए बादशाह ने अफगान सरदार असद खान को भेजा। इस युद्ध में महाराजा सूरजमल कोरल(अलीगढ़) के नवाब फतेह खान की जागीर बचाने के लिए लड़ रहे थे। इस युद्ध में असद खान मारा गया और शाही सेना पराजित हुयी। फतेह खान ने भरतपुर राज्य की अधीनता स्वीकार कर ली। चंदोस की विजय जाट शक्ति उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुयी और इससे भरतपुर रियासत की प्रतिष्ठा और सामरिक शक्ति दोनों में वृद्धि हुयी। 1748 के बगरू युद्ध ने सूरजमल को अद्भुत सैनिक नेतृत्व और रणकौशल का प्रतीक बनाते हुए एक प्रमुख योद्धा के रूप में इतिहास में स्थापित कर दिया। 1748 में जयपुर राज्य में उत्तराधिकार को लेकर ईश्वरी सिंह और माधो सिंह के बीच संघर्ष छिड़ गया इस अवसर पर राजकुमार सूरजमल ने जयपुर के शासक ईश्वरी सिंह का साथ देते हुए अपनी सेना के साथ युद्ध में भाग लिया। उन्होंने लगभग 10 हजार सैनिकों के मजबूत सैन्य समर्थन प्रदान किया परिणामस्वरूप मराठा दलों को पीछे हटने पर मजबूत सैन्य समर्थन प्रदान किया परिणामस्वरूप मराठा दलों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया जो माधो सिंह के समर्थन में लड़ रहे थे। ईश्वरी सिंह अपना सिंहासन सुरक्षित रखने में सफल रहे। मुगल सम्राट ने अवध और इलाहबाद राज्य को अवध राज्य के वजीर सफदरजंग से वापस ले लिया था। इस बात से नाराज होकर सफदरजंग ने दिल्ली पर हमला कर दिया और सूरजमल भी इस युद्ध में सफदरजंग का साथ दे रहे थे। सूरजमल और सफदरजंग के समर्थकों ने चारबाग, बाग-ए-कुलतात और हकीम मुनीम पुल को लूटा। सूरजमल और सफदजंग की संयुक्त सेना ने दिल्ली पर हमला किया सादिल खान और राजा देवीदत्त को युद्ध में पराजित किया। जनवरी से मई 1754 में भरतपुर के महाराजा सूरजमल जाट और मराठ (रघुनाथराव), मुगल व जयपुर की संयुक्त सेनाओं के बीच लड़ा गया। इस युद्ध में महाराजा सूरजमल ने अद्भुत वीरता का परिचय दिया 80 हजार सेना का सामना किया। युद्ध में मराठा सेनापति खंडेराव होल्कर की मृत्यु हो गई और महाराजा सूरजमल विजय के साथ संधि हुयी। इस युद्ध में सूरजमल ने साबित कर दिया वे एक उत्कृष्ट सैन्य रणनीतिकार थे उन्होने सीमित संसाधनों के बावजूद मुगलों और मराठों की संयुक्त सेना को टक्कर दी। 1756 ई0 में महाराजा सूरजमल जाट ने अलवर किले पर अधिकार कर लिया। एक महीने के घेराबंदी के बाद, सूरजमल ने 12जून 1761 को आगरा किले पर कब्जा कर लिया। महाराजा सूरजमल ने 1761-1763 के बीच पानीपत के तीसरे युद्ध के बाद हरियाणा क्षेत्र में अपनी शक्ति विस्तार करते हुए मुगलों और बलूच शासकों को हराकर रोहतक, झज्जर, गुडगांव, पलवल, फरीदाबाद, रेवाड़ी और मेवात को अपने अधिकार में कर लिया। इतिहास में ऐसे विरले ही राजा हुए हैं जिन्होंने अपने जीवन में कोई युद्ध न हारा हो। महाराजा सूरजमल उन्हीं महान योद्धाओं में से एक थे। उन्होंने लगभग 80 युद्धों में विजय प्राप्त की और कभी पराजय का सामना नहीं किया। मुगलों, अफगानों तथा रोहिल्लाओं जैसी शक्तिशाली ताकतों को अनेक बार रणभूमि में परास्त कर अपनी वीरता, रणनीति और नेतृत्व का लोहा मनवाया। युगपुरूष, अद्वितीय वीर, और महान योद्धा महाराजा सूरजमल को आमने-सामने की रणभूमि में कोई भी शत्रु परास्त नहीं कर सकता था। 25 दिसम्बर 1765 को दिल्ली की रक्षा के लिए जाते समय नवाब नजीबुद्दौला की मुगल रोहिल्ला सेनाओं ने धोखे से उन पर हमला किया घात लगाकर उनकी हत्या कर दी। महाराजा सूरजमल के अद्वितीय गुणों वीरता और कुशल नेतृत्व के कारण विद्वानों ने उन्हें अनेक सम्मानजनकसूचक उपनाम प्रदान किए युद्धनीति, कूटनीति, और वीरता के कारण ''जाटों का प्लेटो'' कहा जाता था। हिंदू धर्म और संस्कृति के रक्षक के रूप में उन्हें ''हिंदुजा सूरज'' कहते थे। अपनी अजेयता के कारण ''अजेय योद्धा'' ब्रजक्षेत्र में शासन होने के नाते उन्हें ''श्रीमहाराजा विराजमान बृजेन्द्र महाराजा'' कहा जाता था। पश्चिमी इतिहासकारों द्वारा उनकी बुद्धिमता के लिए ''जाटों का ''ओडिसीस'' कहा जाता था। महाराजा सूरजमल उच्चकोटि के दूरदर्शी और कुशल रणनीतिकार थे। उन्होंने तृतीय पानीपत के युद्ध से पूर्व मराठा सेनापति सदाशिव राव को कई महत्वपूर्ण और व्यवहारिक सुझाव दिए थे, किन्तु सदाशिव राव ने उन सुझावों को स्वीकार नहीं किया परिणामस्वरूप मराठों को भीषण पराजय का सामना करना पड़ा। अनेक इतिहासकार और विद्वानों का मत है कि यदि सदाशिव राव ने महाराजा सूरजमल की सलाह मान ली होती, तो पानीपत के तृतीय युद्ध का परिणाम संभवतः कुछ और होता।



ललित शर्मा



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# हार और जीत खेल का हिस्सा : डॉ. घनश्याम

अवधनामा संवाददाता



मंडल की 36वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आगाज़

उरई (जालौन)। राजकीय इंटर कॉलेज, उरई के विशाल मैदान में झांसी मंडल की 36वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में झांसी मंडल के तीनों जनपदों–झांसी, ललितपुर और जालौन–के कुल 530 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। इनमें झांसी के 170, ललितपुर के 165 और मेजबान जालौन के 195 प्रतिभागी शामिल हैं। मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह, दर्शकों की तालियां और अनुशासित मार्चपास्ट ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम अनुरागी, अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, एडी बेसिक संतोष कुमार पांडे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश सहित शिक्षा एवं प्रशासनिक विभाग के अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम अनुरागी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में संघर्ष, संयम और समर्पण की भावना विकसित करते हैं। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल भावना और प्रयास ही सच्ची उपलब्धि है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक सुदृढ़ता के साथ मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागियों से पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने स्वागत भाषण में कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है।

# उद्घाटन से पहले राख हुआ सिद्धिविनायक होटल

अवधनामा संवाददाता

फायर सिस्टम फेल या सिस्टम ही फेल

मथुरा। वृंदावन के रुक्मणी विहार में बना श्री सिद्धिविनायक होटल बुधवार को उद्घाटन से पहले ही आग की भेंट चढ़ गया। पूजन के दौरान हुए कथित शॉर्ट सर्किट ने कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत को आग के हवाले कर दिया। तीन बच्चे झुलस गए, एक महिला और अन्य लोग घायल हुए। दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, लेकिन तब तक होटल लगभग जल चुका था। सवाल यह है कि अगर यह उद्घाटन समारोह नहीं बल्कि पूरी तरह भरा हुआ होटल होता, तो कितनी लाशें निकलतीं?

जिस दिन होटल का रिबन कटना था, उसी दिन उसका ढांचा ध्वस्त हो गया। क्या यह महज हादसा है या लापरवाही की खुली मिसाल? क्या होटल के पास वैध फायर एनओसी थी? क्या अग्निशमन विभाग ने मौके पर भौतिक निरीक्षण किया था? क्या स्प्रिंकलर सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म और इमरजेंसी एग्जिट वास्तव में मौजूद और चालू हालत में थे, या सिर्फ कागजों में दर्ज थे?

वृंदावन और मथुरा में तेजी से होटल और गेस्ट हाउस खड़े हो रहे हैं। तीर्थनगरी की जमीन पर निर्माण की होड़ है, लेकिन सुरक्षा मानकों की क्या स्थिति है? क्या नगर निगम और संबंधित प्राधिकरण निर्माण की अनुमति देते समय फायर सेफ्टी का कड़ाई से पालन कराते हैं, या फाइलों में मुहर लगाकर जिम्मेदारी पूरी मान ली जाती है? यदि एक नया होटल उद्घाटन से पहले ही आग में समा जाता है, तो यह सिर्फ शॉर्ट सर्किट नहीं, बल्कि निगरानी तंत्र के शॉर्ट सर्किट की कहानी है। यह घटना साफ संकेत देती है कि या तो सुरक्षा मानक अधूरे थे या फिर जांच और स्वीकृति प्रक्रिया में गंभीर चूक हुई। जिम्मेदारी केवल मालिक पर डालकर प्रशासन पल्ला नहीं झाड़ सकता। अनुमति देने वाले विभाग, निरीक्षण करने वाले अधिकारी और एनओसी जारी करने वाली एजेंसियां भी जवाबदेह हैं।

# हमारा लक्ष्य क्षेत्र के हर किसान के खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचाना : डॉ विनोद

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर हर संभव प्रयास में लगे भदोही के लोकप्रिय सांसद डॉ विनोद बिंद व प्रमुख समाजसेविका रीना बिंद ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय जल संसाधन केबिनेट मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर महत्वपूर्ण और सार्थक चर्चा हुई और बजट के संभावित प्रभावों पर विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही भदोही लोकसभा क्षेत्र की पेयजल एवं जल जीवन मिशन योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान सांसद डॉ विनोद बिंद ने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से भदोही लोकसभा क्षेत्र में 'हर घर जल' की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पाइपलाइन विस्तार, नई जल टंकियों के निर्माण तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने के विषय में सकारात्मक चर्चा हुई।



सांसद ने जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर जल जीवन मिशन पर की चर्चा

मुलाकात के दौरान क्षेत्र की प्रगति, संगठन की मजबूती और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान भदोही लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास और किसानों की समृद्धि को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद डॉ विनोद बिंद ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जाना आवश्यक है, ताकि किसानों को शत-प्रतिशत सिंचाई का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र के हर किसान के खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचाना है। जल संचयन और सिंचाई संसाधनों के सुदृढ़ीकरण से कृषि क्षेत्र को नई मजबूती मिलेगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि मंत्री जी ने भदोही लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। हमारा विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी।

# डीएम ने कंपोजिट विद्यालय एकारी का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

दिए कई अहम निर्देश



फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने शुक्रवार को हंसवा शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय एकारी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक उपस्थिति पंजिका, छात्र उपस्थिति पंजिका, कॉलिंग रजिस्टर, निपुण तालिका तथा एआरपी विजिट रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार के तीन दिवसीय प्रशिक्षण पर जाने की जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक रिज़वान अहमद द्वारा दी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने डायट से इसकी पुष्टि कराने के निर्देश दिए साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका में माहवार कुल उपस्थिति अंकित की जाए। जिलाधिकारी ने पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि जिन बच्चों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम है, उनके माता-पिता से संपर्क कर बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें। इस कार्य में शिक्षकों का भी सहयोग लेने को कहा गया। बीएसए को यह भी निर्देश दिए गए कि सभी विद्यालयों में कक्षावार अलग-अलग कॉलिंग रजिस्टर बनाए जाएं तथा संबंधित कक्षा के अध्यापक ही उन्हें मेंटेन करें। बच्चों के वार्षिक रिपोर्ट कार्ड को विषयवार जारी करने के निर्देश भी प्रभारी प्रधानाध्यापक को दिए गए।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। वाराणसी भटनी रेल मार्ग पर हुरमुजपुर हाल्ट स्टेशन के समीप शुक्रवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शादियाबाद थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी श्याम बिहारी यादव (38वर्ष) के रूप में हुई। ग्रामीणों द्वारा दुर्घटना की सूचना पर बहरियाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। परिजनों के अनुसार श्यामबिहारी अपने दो भाइयों में छोटा था। उसके बड़े भाई फेकू यादव ने बताया कि वह मुंबई में ट्रक चालक के रूप में कार्य करता था। वह दो दिन पूर्वी गांव आया था। हादसे की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी लालमुनी देवी, पुत्र विकास यादव, पुत्रियां नेहा यादव, स्नेहा यादव, करिश्मा यादव तथा माता राधिका देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

# बार चुनाव में पारदर्शिता की मांग

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। जिले में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के प्रस्तावित चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

संगठन के अध्यक्ष श्रीराम पटेल ने बताया कि बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम तो घोषित कर दिया गया है, लेकिन अब तक चुनाव अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि कार्यकारिणी और एल्डर्स कमेटी की सर्वसम्मति से किसी निष्पक्ष एवं ईमानदार अधिवक्ता को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया जाए, ताकि पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। अधिवक्ताओं ने यह भी मांग उठाई कि



चुनाव अधिकारी की नियुक्ति न होने पर संगठन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

मतदाता सूची में केवल वही अधिवक्ता शामिल किए जाएं, जिनके नाम बार काउंसिल द्वारा जारी फतेहपुर की अधिकृत सूची में दर्ज हैं। अन्य जिलों या किसी अन्य संगठन से जुड़े अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर रखे जाएं, ताकि चुनाव में बाहरी हस्तक्षेप न हो। इसके अलावा संगठन ने नामांकन शुल्क को लेकर भी आपत्ति जताई। अधिवक्ताओं का कहना था कि पदाधिकारियों के लिए नामांकन शुल्क एक हजार रुपये और सामान्य सदस्यों के लिए दो सौ रुपये से अधिक नहीं रखा जाए, जिससे सभी वर्गों के अधिवक्ता समान रूप से चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें। ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि चुनाव पारदर्शी ढंग से कराए जाते हैं तो इससे किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न नहीं होगा और बार एसोसिएशन की गरिमा भी बनी रहेगी।

इस अवसर पर माया सिंह गौतम, वसीम अंसारी, सुरेश सिंह, ओम प्रकाश, वीरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, चंद्र प्रकाश, रामकिशोर, राजकरण, ज्ञानेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की मांग करते हुए प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### चेकिंग अभियान : 55 वाहन के खिलाफ की कार्रवाई

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। 'सड़क सुरक्षा माह' के अन्तर्गत आज 3 फरवरी को झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के.डी. सिंह गौर ने जनपद जालौन स्थान उरई का औचक पर्यवेक्षण किया और एआरटीओ प्रवर्तन सुरेश वर्मा तथा प्रवर्तन दल के साथ जनपद में बकाया वाहनों, ओवर स्पीडिंग तथा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन



करने वाले, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान सम्पादित कराया गया। इस प्रवर्तन कार्यवाही में कुल 55 वाहनों का चालान किया गया जिसमें ज्यादातर चालान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, तथा ओवरस्पीडिंग के विरुद्ध किए गए। उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी, केडी सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति निकट है, अतः इस समय के प्रयास राजस्व लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में हैं जिसे लेकर बकाया टैक्स की वसूली पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### हड़ताल के समर्थन में बामपंथी दलों ने सौंपा ज्ञापन



उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। देश के दस केंद्रीय श्रम संगठनों के राष्ट्रीय आवाहन पर 12 फरवरी को प्रस्तावित आम हड़ताल के समर्थन में जालौन के बामपंथी दलों ने उपजिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार पर किसान एवं मजदूर विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाते हुए इन्हें वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार द्वारा बनाए जा रहे नए कानून किसान, मजदूर और आम जनता के हित में नहीं हैं। साथ ही श्रमिक संगठनों की विभिन्न मांगों का समर्थन भी किया गया। बामपंथी दलों ने अपनी प्रमुख मांगों में श्रम संहिताओं को रद्द करने, संबंधित संशोधन विधेयक को वापस लेने, मनरेगा को मजबूत करने, न्यूनतम वेतन 25 हजार रुपये से कम न रखने, श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा रोजगार विरोधी नीतियों को बंद करने की मांग की। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रेल, कोयला, तेल सहित सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण पर रोक लगाने, संविदा, आउटसोर्स और ठेका मजदूरों को नियमित करने तथा समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने की मांग भी की गई।

### पुखराया टीम को हराकर प्रधान इलेविन सेमीफाइनल में



उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। जालौन प्रीमियर लीग सीजन 3 का पहला क्वार्टर फाइनल मैच पुखरायां बनाम प्रधान इलेवन जालौन के बीच खेला गया। जिसमें प्रधान इलेवन ने पुखरायां को 49 रनों से हराकर सेमी फाइनल में जगह बना ली। जालौन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट छत्रसाल इंटर कालेज के मैदान मे आयोजित किया जा रहा है क्वार्टर फाइनल के पहले मैच मे जालौन तथा पुखरायां के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रधान इलेवन जालौन की टीम के बल्लेबाजों को पुखरायां की टीम के गेंदबाजों ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से बांधे रखा। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहला विकेट मात्र 3 रनों पर ही गिर गया।

# बृजवासियों से बच्चों को टीका लगवाने के लिए की अपील

मथुरा। जनपद मथुरा में बच्चों को खसरा एवं रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करने के उद्देश्य से विशेष खसरा-रूबेला (मीज़ल्स-रूबेला) टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बृजवासियों, अभिभावकों, तथा जनसामान्य से अपील की है कि वे बच्चों को निर्धारित तिथि व समय पर स्कूल स्थित टीकाकरण सत्र स्थल पर अवश्य भेजें। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण ही खसरा-रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों से बच्चों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 5 (5 से 10 वर्ष आयु वर्ग) के बच्चों को खसरा-रूबेला टीका लगाया जाएगा। इसके लिए विद्यालयों एवं चिन्हित स्थलों पर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# शहीद पुष्पेंद्र के परिजनों ने लगाया नैनू पट्टी प्रधान पर मारपीट का आरोप

अवधनामा संवाददाता

मारपीट के आरोप में गरमाया माहौल : शहीद पुष्पेंद्र के परिजनों ने सौंख, गोवर्धन मार्ग पर लगाया जाम

मथुरा। सौंख-गोवर्धन मार्ग पर उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई जब खुटिया गांव निवासी शहीद पुष्पेंद्र के परिजन सड़क पर बैठकर धरने पर बैठ गए और मार्ग को जाम कर दिया। अचानक लगाए गए जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शन कर रहे परिजनों का आरोप है कि नैनू पट्टी के प्रधान और उनके साथियों ने उनके साथ मारपीट की है। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी से आक्रोशित होकर उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया और उन्हें धमकाया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना मगोर्रा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पहले स्थिति को नियंत्रित किया और फिर प्रदर्शन कर रहे लोगों से वार्ता शुरू की। काफी देर तक समझाइश का दौर चलता रहा। पुलिस प्रशासन ने निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन जाम हटाने पर सहमत हुए। इसके पश्चात पुलिस ने यातायात को सुचारू रूप से शुरू कराया। इस दौरान मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ भी एकत्र हो गई थी, जिससे कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण बना रहा। हालांकि पुलिस की सूझबूझ से स्थिति को संभाल लिया गया और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

# महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर निकलेगी कलश व शोभा यात्रा

गाजीपुर। सादात रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर (कुटिया) के जीर्णोद्धार एवं नवीन प्रतिमाओं की स्थापना के उपलक्ष्य में शनिवार 14 फरवरी को नगर पंचायत सादात क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम में नगरवासियों, क्षेत्रीय जनता व श्रद्धालु जनों की सहभागिता से धार्मिक समरसता और श्रद्धा का वातावरण बनेगा। नगर पंचायत सादात के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ यादव ने बताया कि मंदिर के शिखर निर्माण सहित जीर्णोद्धार के कार्य सहित मंदिर परिसर में भगवान गणेश, नंदी, सरस्वती, द्वारपाल तथा शनिदेव की नई प्रतिमाओं की विधि विधान से स्थापना की गई है। कलश यात्रा के पश्चात नगर में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके अगले दिन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मन्दिर में विशेष पूजन-अर्चन, महाभिषेक तथा प्रसाद वितरण का कार्य सम्पन्न होगा।

# एनसीसी कैडेटों को फायरिंग प्रशिक्षण बीएचयू में दिया गया

अवधनामा संवाददाता

90 कैडेट्स ने निभाई भागीदारी

गाजीपुर। श्री महंत शिवदास उदासीन इंटर कॉलेज (समता) एवं बापू इंटर कॉलेज सादात के कुल 183 एनसीसी कैडेटों को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण बीएचयू वाराणसी परिसर में स्थित 89 बटालियन में दिया गया। प्रशिक्षण में कैडेटों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि समता पीजी कॉलेज सादात के ग्राउंड पर फायरिंग रेंज उपलब्ध है, लेकिन सुरक्षा कारणों के चलते उच्चाधिकारियों से अनुमति न मिलने के कारण इन कैडेटों को 89 बटालियन बीएचयू वाराणसी बुलाकर प्रशिक्षण दिया गया। फायरिंग प्रशिक्षण में समता इंटर कॉलेज के कुल 90 कैडेट्स ने भागीदारी निभाई। कॉलेज के प्रबंधक सभाजीत सिंह यादव, प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह यादव और कैप्टन सर्वेश कुमार सिंह यादव के निर्देशन में 58 छात्र और 32 छात्राएं अलग अलग ग्रुपों में गुरुवार को 89 बटालियन बीएचयू के कैंप में पहुंचे। वहां 89 बटालियन बीएचयू के कर्नल रोशन वर्मा के मार्गदर्शन में कैडेटों को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में समता कालेज की गुड़िया, गौरी, शालू, प्रीति, आरती, निधि, खुशी, सचिन यादव, राम आशीष, श्यामसुंदर, शिवम, सूरज, आशीष कुशवाहा सहित कुल 90 कैडेट्स शामिल रहे। वहीं इससे एक दिन पूर्व, बापू इंटर कॉलेज के 93 एनसीसी कैडेटों ने भी डीएसटी और फायरिंग प्रशिक्षण प्राप्त किया था। यह प्रशिक्षण कॉलेज के प्रबंधक सुशील सिंह, प्रिंसिपल कैप्टन उदयभान सिंह और लेफ्टिनेंट शुभम सिंह के निर्देशन में कैडेटों को मिला। बापू के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट शुभम सिंह और समता इंटर कालेज के कैप्टन सर्वेश कुमार सिंह यादव ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेटों में निशानेबाजी की दक्षता बढ़ाना है।

# अनुसूचित जाति के मंदिर कुआं व आबादी की जमीन पर में दबंगों ने अवैध कब्जा



अवधनामा संवाददाता

मथुरा। अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा वार्ड नंबर 25 नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र के अनुसूचित जाति के दर्जनों महिला पुरुषों ने गांव छरोरा थाना जैंत मथुरा में सार्वजनिक अनुसूचित जाति के सैकड़ो वर्ष पुराने मंदिर थान कुआं एवं सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर स्थानीय दबंगों उमेश गौतम, दीपक गौतम, प्रमोद गौतम, भगवान दास गौतम, ललित गौतम आदि अन्य अज्ञात लोगों के द्वारा सरकारी आबादी की जमीन सहित गैर कानूनी तरीके से स्थाई रूप से निर्माण कार्य कर जबरन अवैध कब्जा कर रहे हैं, निर्माण कार्य अवैध रूप से जारी है की शिकायत लेकर आज जिलाधिकारी मथुरा, नगर आयुक्त मथुरा, सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के नाम नगर मजिस्ट्रेट मथुरा अनुपम कुमार मिश्र को शिकायती पत्र ज्ञापन देकर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने नगर मजिस्ट्रेट साहब को अवगत कराते हुए कहा अवैध कब्जा करने वाले सत्ता व राजनीतिक रसूल के चलते अनुसूचित जाति के सार्वजनिक प्रयोग की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं साथ ही शिकायतकर्ताओं को झूठा फसाने जीवन बर्बाद करने की धमकी देते हैं और हवा में फायरिंग कर क्षेत्र

# स्पाइन की अनदेखी से हो सकता है स्थायी नुकसान समय पर सर्जरी है समाधान

मथुरा। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे हमारी स्पाइन भी उम्र के साथ बदलती जाती है। वर्षों तक वजन उठाना, आगे झुकना, नीचे बैठना, लंबे समय तक बैठकर काम करना और खराब सड़कों पर सफर करना, इन सबका असर धीरे-धीरे स्पाइन पर पड़ता है। ऐसे में अगर अचानक गिरने, भारी वजन उठाने, तेज झुकने या स्पीड ब्रेकर पर झटके लगने जैसी स्थिति हो जाए, तो स्पाइन को चोट लग सकती है, जिससे स्लिप डिस्क, वर्टिब्रल फ्रैक्चर या हल्का डिसलोकेशन हो सकता है।

स्पाइन की उम्र बढ़ने के साथ उसमें कई तरह के बदलाव शुरू हो जाते हैं। डिस्क का सूखना, लिगामेंट्स का सख्त होना, स्पाइन के जोड़ों का घिसना, हड्डियों और मसल्स का कमजोर होना, ये सभी मिलकर एक स्थिति बनाते हैं जिसे डिजेनेरेटिव स्पाइन कहा जाता है। समय के साथ ये बदलाव उस जगह पर दबाव बनाने लगते हैं, जहां से स्पाइनल कॉर्ड गुजरती है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम में कांग्रेस ने मजदूरों संग निकाली 16 किमी पदयात्रा

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध और मनरेगा योजना को बचाने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के तहत शुक्रवार को खागा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण मजदूरों के साथ भव्य पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा ग्राम त्रिलोचनपुर से प्रारंभ होकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए खागा नगर पंचायत तक करीब 16 किलोमीटर लंबी रही।

पदयात्रा में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। हाथों में तख्तियां लेकर और सरकार विरोधी व मनरेगा बचाओ के नारे लगाते हुए कार्यकर्ता नगर पंचायत पहुंचे, जहां गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया। पैदल यात्रा का नेतृत्व प्रदेश से नियुक्त प्रभारी कनिष्क पांडेय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश



प्रभारी कनिष्क पांडेय, जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी और शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा रहे उपस्थित

द्विवेदी और शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने किया। इससे पहले त्रिलोचनपुर गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने भाजपा सरकार की नीतियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता पूरी तरह त्रस्त है। अब देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहचान चुकी है और उन्हें नकार चुकी है। वहीं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि मोदी जी ने जनता को गुमराह कर उनके साथ विश्वासघात किया है, जिसे देश कभी भूल नहीं सकता। आज जनता उन्हें घृणा की दृष्टि से देख रही है और सत्ता से हटाने के लिए व्याकुल है। पदयात्रा में महिला नेताओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। इसी क्रम में पदयात्रा में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तथा गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी जोशपूर्वक भागीदारी निभाई।

# थारों का आतंक : हूटर और फायरिंग से दहशत फैलाने वाले तीन वाहन जब्त

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। थाना गोवर्धन क्षेत्र के ग्राम देवसेरस में शादी समारोह के दौरान महंगी गाड़ियों का काफिला लेकर दहशत फैलाने वाले युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन महिन्द्रा थार वाहनों को जब्त कर लिया है। शेष वाहनों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर 2025 को ग्राम देवसेरस में एक स्थानीय निवासी की पुत्री की शादी थी। बारात राजस्थान के ग्राम अंगरावली, कामा से आई थी। बारात में शामिल कुछ लोग महंगी गाड़ियों में सवार होकर गांव की संकरी गलियों में तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते रहे। आरोप है कि गाड़ियों की छत और सनरूफ से निकलकर युवकों ने तमंचा और पिस्टल लहराए, हूटर बजाए और फायरिंग की। साथ ही डीजे को अत्यधिक तेज आवाज में बजाकर पूरे गांव में दहशत का माहौल




बना दिया। इस घटनाक्रम से गांव के लोग भयभीत हो गए और कई परिवारों ने अपने घरों के दरवाजे-खिड़कियां बंद कर लिए। घटना के वीडियो ग्रामीणों द्वारा बनाए गए, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। मामले का संज्ञान लेते हुए गोवर्धन पुलिस ने जांच की, जिसमें आरोप सही पाए गए।

पुलिस का कहना है कि बाकी आरोपियों और वाहनों की पहचान कर जल्द ही कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। शादी समारोह में इस प्रकार के शक्ति प्रदर्शन और हथियारों के खुले प्रदर्शन पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए।

# मानक के अनुरूप कार्य न करने वालों पर होगी कार्रवाई: कोतवाल

■ महा शिवरात्रि एवं कावड़ यात्रा, माहे रमजान के दृष्टिगत हुआ पीस कमेटी का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हिन्दू धर्म के पावन पर्व शिवरात्रि एवं कावड़ यात्रा व माहे रमजान को लेकर कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व क्षेत्र से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने नागरिकों से अराजक तत्वों की जानकारी देने की अपील की। शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुये प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी ने कहा कि सभी लोगों के पास पुलिस के मोबाइल नंबर हैं यदि कहीं पर किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत फोन कर समय रहते अवगत करायें जिससे अराजक तत्वों से शक्ति के साथ निपटा जा सके। इस मौके पर शहर काजी हाफिज जुम्मन ने बताया की मस्जिद के पास शाम 04 बजे रमजान उल मुबारक के महीने में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायें जिससे रोजदारों को किसी प्रकार की परेशानी ना उठाने पड़े। इसी मौके पर शुभम दुबे ने कहा की नगर में बाबा अमरनाथ मंदिर, बाबा पशु पति नाथ मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, राम मंदिर आदि स्थानों पर जलाभिषेक किया जाता है यहां पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर ध्वनि नियंत्रण का विशेष ध्यान रखा जाए। वही डीजे व मैरिज हॉल में होने वाली शादी समारोह में मानक के अनुसार ही डीजे उपयोग करें। यदि मानक के अनुरूप कार्य न करने वालों पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

इस मौके पर निरीक्षक सीपी तिवारी, कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी, उपनिरीक्षक दीपक सिंह, उपरीक्षक कृष्ण पाल सिंह, राजेन्द्र सिंह सहित प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद, हरिओम गुप्ता, मौलाना महताब खॉन, जकील सिददीकी, अनूप दुवे, सभासद जीतू गुप्ता, परमजीत, इरफान अहमद, आजम खान, डॉ. फिद्दा हुसैन, अजीम सिददीकी, छोटे खान, आजाद खान, याहिया सिद्दीकी, मुनीर कुरैशी, लाल मिया, हाफिज सद्दाम, जकील खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# देवरिया हाटा मार्ग होगा दो लेन

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** देवरिया-सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने जनपदवासियों को एक बड़ी सौगात देते हुए देवरिया से हाटा जाने वाले प्रमुख मार्ग को दो लेन में चौड़ा किए जाने की जानकारी दी है। इस संबंध में शासनादेश जारी हो चुका है, जिसके बाद अब टेंडर प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी और निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। ज्ञात हो कि इस महत्वपूर्ण सड़क को हाईवे की तर्ज पर विकसित करने की घोषणा पूर्व में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया प्रवास के दौरान की थी। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद अब परियोजना को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया तेज हो गई है। विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की जनता, व्यापारियों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क के चौड़ीकरण से देवरिया और हाटा के बीच यात्रा अधिक सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा, मैं देवरिया के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ सकता। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले चार वर्षों में जनपद में सड़क विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इस दौरान कई प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराया गया है। इनमें देवरिया बाईपास, देवरिया-पकड़ी मार्ग, देवरिया-उसरा मार्ग, खरोह मठिया रैश्री मार्ग, देवरिया-कसया मार्ग, गौरी बाजार-हाटा से करमहा मार्ग, हाटा-गौरी बाजार से देवतहा कुटी संपर्क मार्ग, देवरिया सदर ब्लॉक से परसिया अहीर होते हुए बेलडाड़ मार्ग, देवरिया-बलटीकरा मार्ग तथा 75 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित देवरिया-खरजरवां-तिलई बेलवा-पड़री ढाला मार्ग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 350 से अधिक अन्य छोटी सड़कों का भी कायाकल्प किया जा चुका है। विधायक ने कहा कि जनपद में सड़क और आधारभूत ढांचे के विकास का सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# जिलाधिकारी ने दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** महा शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन के साथ प्राचीन दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर पहुँचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, दर्शन व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित बैरिकेडिंग, कतारबद्ध दर्शन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, चिकित्सा एवं आपातकालीन सहायता, फायर सेफ्टी, प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छता की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात नियंत्रण की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने, मार्गो को अवरुद्ध न होने देने तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके उपरांत आगामी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 14 फ़रवरी को सायं 7:00 बजे से मंदिर परिसर के पीछे स्थित सरोवर के निकट आयोजित विशेष शिव जागरण एवं महाप्रसाद (भंडारा) कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों एवं श्रद्धालु भक्तों से अपील की कि वे निर्धारित समय पर कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखें तथा प्रशासन का सहयोग करें, जिससे पर्व शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से सम्पन्न हो सके।

# ट्रेन से कट कर अज्ञात अधेड़ की हुई मौत



**अवधनामा संवाददाता**

■ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेजा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समधन पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर रामाश्रम के मध्य डॉउन 109/0 किलोमीटर पर ट्रेन छपरा एक्सप्रेस कानपुर से फर्रुखाबाद जाते समय एक अधेड़ के चपेट में आने से घटना स्थल पर मौत हो गई। जिससे छपरा ट्रेन 30 मिनट गाड़ी मौके पर खड़ी रही। गार्ड ट्रेन रोककर व आरपीएफ पुलिस ने मृतक के शव को स्टेऊचर पर लादकर मलिकपुर क्रॉसिंग गुमटी पर उतार दिया।

वहीं आरपीएफ कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार सिंह ने समधन चौकी पुलिस को सूचना देकर शव को सुपुर्दगी में दिया। वहीं चौकी प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कन्नौज भिजवाया। इस मौके पर दीवान अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल विकुल, बिहारी शेखर, सत्य प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा आसपास क्षेत्र के नागरिकों से शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो सकी थी।

## नाबालिग किशोरी को बिहार से गोवा ले जा रहा शाहनवाज़ गिरफ्तार

**प्रयागराज।** आरपीएफ ने ऑपरेशन आहट के तहत सतर्कता और तत्परता दिखाते हुए प्रयागराज जंक्शन से एक नाबालिग किशोरी को अपहरणकर्ता के चंगुल से मुक्त कराया। बताया जाता है कि बिहार पुलिस ने प्रयागराज आरपीएफ निरीक्षक अमित कुमार मीणा को सूचना दी की पश्चिमी चंपारण का रहने वाला शाहनवाज अहमद वर्ष 19, नाबालिग किशोरी तनु कुमारी 15 वर्ष सरण बिहार को भाग लेकर गोवा जा रहा है। उसकी लोकेशन अभी प्रयागराज में मिली है। पुलिस ने जाल बिछाया और यात्री आश्रय स्थल से दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। उप निरीक्षक ओम प्रकाश द्वारा आरोपी शाहनवाज अहमद को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया, जिसके बाद बिहार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि युवक किशोरी को गोवा ले जाने की योजना बना रहा था। इस कार्रवाई की बालिका के परिजनों और बिहार पुलिस ने सराहना की है।

# पार्टी से भावनात्मक रुप से जोड़ता है समर्पण राशि : पवन मिश्र



**अवधनामा संवाददाता**

■ किसानों के लिए खुशहाली लाएगा बजट

**देवरिया।** समर्पण राशि, एस आई आर एवं बजट धन्यवाद पत्र को लेकर भाजपा किसान मोर्चा रुद्रपुर मण्डल की बैठक स्थानीय डाक बंगला एवं पकड़ी मण्डल की बैठक पिपरा पुरुषोत्तम में सम्पन्न हुई।

बैठक में उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पंडित दिनदयाल के अंत्योदय के संकल्प को पूरा कर रही भाजपा संगठन द्वारा समर्पण राशि का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, पार्टी के कोष में दिया जाने वाला समर्पण राशि हमे पार्टी से भावनात्मक रूप से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि देश में स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना में नवमतदातो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, प्रत्येक कार्यकर्ता बूथों पर एस आई आर अभियान के नवमतदातो का नाम जुड़वाए।

बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार ने किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रस्तुत बजट में 10888 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। सरकार के इस किसान कल्याणकारी बजट से दलहन,तिलहन सहित अन्य अनाजो का उत्पादन कर रहे किसानों के साथ पशुपालको और मत्स्यपालको की आय बढ़ेगी। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियो ने समर्पण राशि देकर किसान कल्याणकारी बजट के लिए मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और कृषि मंत्री को सम्बोधित धन्यवाद पत्र लिखा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री किसान मोर्चा भगवान यादव, जवाहर मिश्र, अमरजीत मिश्र, ओम प्रकाश चौरसिया, शैलेश यादव, गुड्डू यादव, आदित्य सिंह, जयप्रकाश यादव, गोलू यादव, अनिल कुमार, सुमन्त चतूर्वेदी उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन में शामिल होने पर अधिवक्ता का स्वागत



**अवधनामा संवाददाता**

■ अधिवक्ता ने लॉयर्स बार की नीतियो से क्षुब्ध होकर दिया त्यागपत्र

**कन्नौज।** तहसील तिर्वा के तेज तर्रार अधिवक्ता माने जाने बाले अमित राजपूत उर्फ बीटू ने जानकारी देते हुए बताया कि वह लॉयर्स बार की नीतियो से क्षुब्ध थे। इसलिए लॉयर्स बार एसोसिएशन का दामन छोड़ बार एसोसिएशन में शामिल हो गए। वहीं बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने एडवोकेट अमित राजपूत का फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया तथा बार एसोसिएशन के संरक्षक राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि युवा अधिवक्ता अमित राजपूत के आने से निश्चित रूप से संगठन को बल मिलेगा। इस अवसर पर बार के सदस्यों ने मिठाई बाँट खुशी मनाई। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के कमलेश पाल देवेंद्र भदौरिया, सुधीर यादव, महेन्द्र सिंह वैस, निवर्तमान अध्यक्ष ब्रजमोहन यादव, अध्यक्ष अनिल कश्यप, उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, निवर्तमान महामंत्री विपन द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, अनिल पाल, सुनील श्रीवास्तव, अजय यादव, राम रतन पाल, अमरेश यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अमेरिका से डील नहीं, बल्कि ढील दी है केंद्र सरकार ने

■ सरकार विपक्ष को बोलने का मौका नहीं देती: सपा सांसद का आरोप



**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) से जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत सरकार ने अमेरिका से कोई मजबूत डील नहीं की है, बल्कि अमेरिका को ढील दे दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का बजट पूरी तरह जनविरोधी है और इससे आम जनता को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है।

शुक्रवार को नगर के ललौली रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि संसद के बजट सत्र में महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद परंपरा के अनुसार विपक्ष के नेताओं को चर्चा का अवसर दिया जाता है, लेकिन इस बार सत्ता पक्ष ने विपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार एक सप्ताह तक सत्ता पक्ष ने जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न कर विपक्ष की आवाज दबाने का काम किया। उन्होंने कहा कि सरकार जानती है कि विपक्ष उसकी नीतियों और बजट की कमजोरियों को उजागर करेगा, इसलिए विपक्ष को बोलने से रोका गया। यही कारण है कि सरकार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर काम कर रही है। वहीं केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते सपा सांसद ने कहा कि इस बार का केंद्रीय बजट बेहद निराशाजनक है और आम आदमी की समझ से परे है। पहले के बजट में किसानों, व्यापारियों, दुकानदारों और बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ न कुछ राहत देखने को मिलती थी, लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे जनता को यह महसूस हो कि सरकार उनके हित में काम कर रही है। इसी क्रम में सांसद नरेश उत्तम पटेल ने अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते को लेकर कहा कि भारत ने अमेरिका को जीरो टैक्स की सुविधा दे दी है, जिससे अमेरिका के उत्पाद बिना टैक्स के भारत में बिकेंगे, जबकि भारत के उत्पाद जब अमेरिका जाएंगे तो उन पर 18 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इससे भारतीय वस्तुएं महंगी होंगी और उनका निर्यात प्रभावित होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस नीति से भारतीय व्यापारी कमजोर होगा, किसानों, पशुपालकों और छोटे उद्योगों को भारी नुकसान होगा। सरकार इसे डील बता रही है, जबकि असल में यह देश के हितों के खिलाफ एकतरफा समझौता है। इसके बाद सपा सांसद ने आगे कहा कि इस समझौते के तहत भारत को अमेरिका से करीब 500 अरब डॉलर का आयात करना पड़ेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा और गरीबी व बेरोजगारी में इजाफा होगा।

प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य गणेश वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल 'दयालू' गुप्ता सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन 22 फरवरी को

**आजमगढ़।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय आजमगढ़ नितिका राजन ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद स्तर पर जनपद न्यायालय परिसर में दिनांक 22 फरवरी, 2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर लाभान्वित किया जाना है। उक्त वृहद/मेगा शिविर के सफल आयोजन हेतु दिनांक 17 फरवरी 2026, दिन मंगलवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे मा0 जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

# ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़ 60 लाख के आभूषण चोरी

■ 100 ग्राम सोना और 15 किलो चांदी के जेवर चुराए



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार चौराहे पर गुरुवार रात चोरों ने एक ज्वेलरी दुकान में करीब 60 लाख रुपए के आभूषण चोरी कर लिए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैन्ट थाना क्षेत्र के गंगानगर निवासी चंदन की थाना क्षेत्र के ही सदर बाजार चौराहे पर ज्वेलरी शॉप है। दुकान संचालक चंदन ने बताया कि वह रोज की तरह गुरुवार रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर गंगानगर स्थित अपने घर चले गए थे। सुबह करीब 7 बजे दुकान के सामने चाय लगाने वाले एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर बताया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान का शटर तोड़ा गया था। अंदर जाने पर पाया कि चोरों ने भीतर लगा कांच का दरवाजा भी तोड़ दिया था। इसके बाद बदमाश दुकान में रखे लगभग 100 ग्राम सोने और 15 किलो चांदी के आभूषण उठा ले गए। चंदन के मुताबिक चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 60 लाख रुपये है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीवीआर कब्जे में ले लिया है और फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और इलाके में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी हुई थी।

# पांच लोगों ने किया युवक की गला दबाकर मारने की कोशिश

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के लूकरगंज में मामूली विवाद में एक युवक को लाठी-डंडों से जमकर पीटा गया। इसके बाद उसका गला दबाने का भी प्रयास किया गया। आसपास के लोगों के दौड़ने पर हमलावर भाग निकले। घायल युवक ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है, जिसके आधार पर पांच नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभ केसरवानी लूकरगंज का रहने वाला है और व्यापार करता है। उसने पुलिस को बताया कि बुधवार देर रात 1-1.30 बजे वह अपने प्रतिष्ठान से लौट रहा था। रास्ते में उसकी बुआ का लड़का शैलेन्द्र खड़ा था, जिसे देखकर वह रुक गया।

आरोप है कि तभी वहां खड़े मनीष के केसरवानी और शोभित गुप्ता उससे गाली-गलौज करने लगे। आपत्ति करने पर उसे मारना चालू कर दिया। इसके बाद मनीष ने प्रशान्त केसरवानी, सागर केसरवानी और कृष्णा केसरवानी को आवाज लगाकर बुलाया और कहा इसे गैराज में ले चलो। आरोप है कि इसके बाद पांचो मिलकर उसे मारते पीटते हुए गैराज के अंदर ले गए और वहां डंडों से पिटाई की। साथ ही दो लोगों ने जान से मारने की नीयत से उसका गला घोंटने का प्रयास किया। पांचों व्यक्तियों ने कुछ अन्य रिश्तेदारों के साथ मिलकर उसे बुरी तरह पीटा, जिससे कि वह बेहोश हो गया। इसके बाद मरा हुआ समझकर उसके गले से लगभग 24 ग्राम सोने की चेन निकालकर चले गए। कुछ देर बाद होश आने पर वह किसी तरह से वहां से भागा और एक राहगीर की मदद से अपने भाई को फोन किया। इस घटना में उसका पर्स भी गायब हो गया जिसमें 3400 रुपए भी थे। खुल्दाबाद पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# डा. तुलसीराम का साहित्य व समाज-दर्शन विषयक राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** प्रख्यात मार्क्सवादी दलित चिंतक और साहित्यकार डा.तुलसीराम की पुण्यतिथि पर आज हरिऔध कला केंद्र में डा.तुलसीराम का साहित्य और समाज-दर्शन विषयक राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस परिसंवाद में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं विचारक प्रो.दीपक मलिक ने कहा कि अपने लेखन के माध्यम से सामाजिक, राजनीतिक यथार्थ को तुलसीराम जी ने अभिव्यक्ति दी है। एक नये हिन्दुस्तान की परिकल्पना करते हुए उसमें बुद्ध, मार्क्स और अंबेडकर की आकांक्षाओं का समाज बनाने की रूपरेखा उन्होंने प्रस्तुत की है। वे चाहते थे कि हाशिए का समाज मुख्य धारा में आए उसकी विडम्बनाएँ खत्म हों। प्रो.मलिक ने कहा कि अपने आरम्भिक जीवन में डा.तुलसीराम ने अपार कष्ट,अपमान और वंचनाएँ झेलीं। लेकिन वे संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटे। उनका अथाह ज्ञान न सिर्फ दलित समाज के लिए हितकर था बल्कि वे सभी वर्गों को सही दिशा देने में कामयाब रहे। उन्होंने आत्मकथा लेखन के द्वारा सामाजिक चेतना और परिवर्तन की दिशा सुनिश्चित की। मुर्दहिया जैसी आत्मकथा दलित विमर्श का व्यापक सन्दर्भ ग्रहण करता है। विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय से आए वरिष्ठ आलोचक प्रो.सूरज बहादुर थापा ने कहा कि हिन्दी लेखन में आत्मकथा का विशेष महत्व नहीं था। लेकिन अस्सी के दशक में विमर्श की शुरुआत जब सहानुभूति बनाम स्वानुभूति से होती है तब सर्वाधिक महत्वपूर्ण लेखन आत्मकथा को ही माना गया। इसमें भी अन्य दलित आत्मकथाओं की तुलना में मुर्दहिया का सबसे बड़ा पाठकीय दायरा है। बाद में जब इसका जब दूसरा संस्करण मणिकर्णिका आया तो उसने इस दायरे को और सघन बनाया। वे बौद्ध दर्शन के साथ वेदांत दर्शन के भी विद्वान थे। भारतीय ज्ञान समाज की सभी धाराओं में उनका दखल था। हमारे समय के व्याख्याकार और सामाजिक यथार्थ के सच्चे निरूपक थे डा.तुलसीराम। अध्यक्षता करते हुए शिक्षक नेता हरिमंदिर पाण्डेय ने कहा कि डा.तुलसीराम ने नया समाज बनाने के लिए पहल की थी। वे बौद्धिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक नायक भी थे। कबीर की विरासत के साथ हाशिए के समाज को शक्ति देने के लिए उन्होंने साहित्य का रास्ता चुना। यह परिसंवाद स्मरण डा. तुलसीराम का आयोजन प्रगतिशील लेखक संघ, इप्टा, इस्कफ, एटक, अ.भा.नौजवान सभा,भारतीय महिला सभा, प्रारंभिक शिक्षक समिति, लोकायन संस्कृति न्यास आदि के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में स्वागत वक्तव्य डा.राम नारायण राम ने किया। विषय प्रवर्तन एवं संचालन डा.संजय श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों का परिचय जितेंद्र हरि पाण्डेय ने और आभार बी.राम पूर्व जिला जज ने किया। आयोजन में विशेष रूप से पी.आर.गौतम, सरिता महेंद्र, जय प्रकाश नारायण, हरिगेन राम, रामाज्ञा यादव, राजनाथ राज, राम अवध यादव सहित बड़ी तादाद में लोग उपस्थित थे।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में रिया सिंह बनीं विजेता

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में आज वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन का आयोजन अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में बैडमिंटन और बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आरंभ मैं महाविद्यालय की छात्राओं ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो आशिमा घोष एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ अंजलि शिवहरे ने मुख्य अतिथि प्रो अनुराधा अग्रवाल पूर्व विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में 90 से ज्यादा छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवम बास्केटबॉल प्रतियोगिता में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में रिया सिंह विजेता रहीं जबकि कृतिका कुशवाह को द्वितीय स्थान और श्वेता पांडेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में विजेता बी कॉम की टीम और उपविजेता बी ए (ए) टीम रही। प्रतियोगिता के दौरान खेल कूद क्रियाकलाप समिति के सभी सदस्य एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक वं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# सरोजिनी नायडू हॉस्टल में वार्षिकोत्सव के प्री इवेंट का शुभारंभ

■ 13 से 19 फरवरी तक प्री-इवेंट्स, 21 फरवरी को होगा मुख्य समारोह



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के सरोजिनी नायडू हॉस्टल में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत प्री-इवेंट्स का शुभारंभ उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। मुख्य वार्षिक समारोह 21 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जबकि 13 से 19 फरवरी तक विभिन्न प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 13 फरवरी का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती एवं राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर उत्सव श्रृंखला का उद्घाटन किया गया। पहले दिन क्विज़ और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। क्विज़ प्रतियोगिता में 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया, वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में ऊर्जा, प्रतिस्पर्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की आयोजक लता चौरसिया, सौम्या शुक्ला और चंद्रकला हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरोज उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता का विकास होता है। हॉस्टल प्रशासन के अनुसार आगामी दिनों में भी विविध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका समापन 21 फरवरी को भव्य वार्षिक उत्सव के साथ होगा।

## हर प्रोसेस्ड फूड नहीं होता सेहत का दुश्मन, बस जान लें किसे चुनें और किससे बचें

# प्रोसेस्ड फूड में नमक, चीनी और अनहेल्दी फैट होते हैं मौजूद

प्रोसेस्ड फूड में नमक, चीनी और अनहेल्दी फैट मौजूद होते हैं। वहीं




कुछ ऐसे भी हैं, जिनको सीमित मात्रा में या सही चुनाव के साथ अपनी डाइट में शामिल किया जा सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे सीमित मात्रा में या सही चुनाव के साथ अपनी डाइट में शामिल किया जा सकता है।

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रोसेस्ड फूड बहुत लोगों की लाइफस्टाइल का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चिप्स, नूडल्स, रेडी टू ईट फूड और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ अपनी सुविधा के कारण काफी ज्यादा प्रसिद्ध हो गए हैं। बेशक यह फूड्स हमारा समय बचाते हैं, लेकिन इसको लेकर कुछ लोगों के मन में अक्सर यह सवाल रहता है कि क्या प्रोसेस्ड फूड हमारी सेहत के लिए हानिकारक है। लेकिन सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि प्रोसेस्ड फूड क्या होता है।

इसके साथ ही यह भी जानना जरूरी है कि सभी प्रोसेस्ड फूड एक जैसे नहीं होते हैं। बता दें कि प्रोसेस्ड फूड की दुनिया काफी जटिल है और कुछ ऐसे फूड हैं, जिनसे पूरी तरह से बचना काफी जरूरी है। क्योंकि प्रोसेस्ड फूड में नमक, चीनी और अनहेल्दी फैट मौजूद होते हैं। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जिनको सीमित मात्रा में या सही चुनाव के साथ अपनी डाइट में शामिल किया जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे सीमित मात्रा में या सही चुनाव के साथ अपनी डाइट में शामिल किया जा सकता है। साथ ही हम इसके कुछ संभावित नुकसानों, इनसे बचने या फिर सुरक्षित ऑप्शन के बारे में भी जानेंगे।

**प्रोसेस्ड फूड**

यह वह खाद्य पदार्थ है, जिसको स्वाद, सुविधा, या सेल्फ लाइफ के लिए रासायनिक प्रोसेस से तैयार किया जाता है। इसमें डिब्बाबंद फल, फ्रोजन सब्जियां और चिप्स जैसे स्नैक्स शामिल हैं। हालांकि सभी प्रोसेस्ड फूल हानिकारक नहीं होते हैं।

जैसे फ्रोजन मटर या पाश्चुरीकृत दूध न्यूनतम प्रोसेसिंग के साथ पौष्टिक हो सकते हैं। लेकिन ज्यादा प्रोसेस्ड फूड जैसे कि पैकेज्ड स्नैक्स, चीनी युक्त पेय और रेडी-मेड भोजन, सामान्यतौर पर सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं।

**हानिकारक प्रोसेस्ड फूड**

ज्यादा प्रोसेस्ड फूड में नमक, चीनी, ट्रांस फैट और कृत्रिम रसायन जैसे प्रिजर्वेटिव्स और रंग अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। चिप्स, बर्गर, इंस्टेंट नूडल्स और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का नियमित सेवन करने से मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप का जोखिम बढ़ाता है। इनमें पोषक तत्व कम और कैलोरी अधिक मात्रा में पाई जाती है। जिसका पाचन तंत्र पर बुरा असर होता है।

**किन प्रोसेस्ड फूड से बचना चाहिए**

बता दें कि कुछ प्रोसेस्ड फूड ऐसे होते हैं, जिनसे पूरी तरह से दूरी बनाकर रहना चाहिए। क्योंकि इसमें एनर्जी ड्रिंक्स, मीठे सोडा और चिप्स-कुकीज जैसे ट्रांस फैट वाले स्नैक्स आते हैं। आर्टिफिशियल स्वाद वाले रेडी-टू-ईट भोजन भी इसी लिस्ट में आते हैं। इन चीजों में मौजूद प्रिजर्वेटिव्स और ज्यादा नमक आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकते हैं। यह मोटापा, मसूड़ों की बीमारी और हार्मोनल असंतुलन की वजह बन सकते हैं।

**सुरक्षित प्रोसेस्ड फूड और इनका सीमित सेवन**

हालांकि ऐसा नहीं है कि सारे प्रोसेस्ड फूड खराब होते हैं। कुछ तो ऐसे होते हैं, जिनकी प्रोसेसिंग कम होती है। जैसे डिब्बाबंद दालें, फोजन सब्जियां या पाश्चुरीकृत दही आदि। अगर इनका सेवन सीमित मात्रा में किए जाए, तो यह स्वास्थ्य



के लिए अधिक नुकसानदायक नहीं होते हैं। हालांकि बस आपको एक बात का ध्यान रखना है कि इसमें अधिक चीनी व नमक न मिला हो।

जैसे बिना चीनी वाले ओट्स सेहत के लिए एक बढ़िया ऑप्शन है। जब भी आप पैकेट वाला सामान लें, तो उसकी पैकेजिंग पर दी गई पोषण संबंधी जानकारी को ध्यान से पढ़ें और प्रयास करें कि आप ऐसा उत्पाद चुनें, जिसमें कम से कम केमिकल मिले हों।

# पुरुषों की लापरवाही महिलाओं को अंदर से कर रही खोखला

## रिश्तों में समर्थन की कमी और भावनात्मक उपेक्षा के कारण महिलाओं में पैनिक अटैक

पुरुषों की कुछ लापरवाहियां महिलाओं की सेहत पर साइलेंट अटैक की तरह असर करती है। बल्कि गंभीर बीमारियों को भी न्योता दे सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको उन 5 बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका खतरा ऐसे रिश्तों में बढ़ जाता है।

क्या आपको कभी ऐसा महसूस होता है कि आपके रिश्ते में प्यार, अपनापन और सपोर्ट की कमी है। क्या आपको लगता है कि आपका पार्टनर छोटी-छोटी जरूरतों को नजरअंदाज करता है। अगर ऐसा है तो हम आपको पुरुषों की कुछ लापरवाहियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि अक्सर मामूली लगती हैं। असल में यह लापरवाहियां महिलाओं की सेहत पर साइलेंट अटैक की तरह असर करती है। बल्कि गंभीर बीमारियों को भी न्योता दे सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन 5 बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका खतरा ऐसे रिश्तों में बढ़ जाता है।

**परेशान**

**« यह लापरवाहियां महिलाओं की सेहत पर साइलेंट अटैक की तरह असर करती है। बल्कि गंभीर बीमारियों को भी न्योता दे सकती हैं।**

**थायराइड डिसफंक्शन**

पौष्टिक डाइट, अनियमित दिनचर्या और तनाव थायराइड को प्रभावित करने वाले मुख्य कारण है। जब पुरुष अपने पार्टनर के साथ पर्याप्त समय नहीं बिताते, इमोशनल सपोर्ट नहीं करते और घर के कामों में हाथ नहीं बटाते हैं, तो महिलाओं पर रिश्तों और काम का बोझ बढ़ जाता है। यह तनाव सीधे तौर पर थायराइड ग्लैंड को प्रभावित कर सकता है।



जिससे थायराइड हार्मोन का संतुलन बिगड़ जाता है और इसके लक्षणों में थकान, बालों का झड़ना, मूड स्विंग्स और वजन का घटना-बढ़ना शामिल है।

**पीसीओएस और अनियमित पीरियड्स**

आजकल महिलाओं में पीसीओएस और अनियमित पीरियड्स आम समस्या है। इसकी एक बड़ी वजह हार्मोनल असंतुलन है, जोकि तनाव और खराब लाइफस्टाइल से जुड़ा होता है। अगर पुरुष अपने पार्टनर की जरूरत को नहीं समझते हैं, उनको पर्याप्त आराम नहीं मिलता या घर में सपोर्ट नहीं मिलता है, तो तनाव बढ़ जाता है। यह तनाव इंसुलिन रेजिस्टेंस और एण्ड्रोजन के लेवल को बढ़ा सकता है। जिससे पीरियड्स और पीसीओएस की समस्या हो सकती है।

**क्रॉनिक फटीग और फाइब्रोमायल्जिया**

लगातार थकान महसूस करने और पूरे शरीर में दर्द महिलाओं में अक्सर देखा जाता है। यह बीमारियां अक्सर शारीरिक और मानसिक तनाव से जुड़ी होती है। अगर पुरुषों की लापरवाही की वजह से महिलाओं को बच्चों, घर और काम का सारा बोझ अकेले उठाना पड़ता है। इससे उनको लगातार तनाव बना रहता है। यह तनाव नींद की कमी, मांसपेशियों में दर्द और एनर्जी की कमी की वजह बन सकती है। जिससे यह बीमारियां विकसित हो सकती हैं।

**बिंज ईटिंग और पेट संबंधी समस्याएं**

महिलाएं तनाव और अकेलेपन की वजह से बिंज ईटिंग का शिकार हो जाती हैं। यह एक कोपिंग मैकेनिज्म बन जाता है, जहां पर महिलाएं अपनी भावनाओं को काबू करने के लिए फूड का सहारा लेती हैं। पुरुषों की अनदेखी या भावनात्मक दूरी महिलाओं में इनसिक्योरिटी और अकेलेपन की भावना को पैदा कर सकती है। जिससे वह अपने खाने की आदतों में बदलाव करती हैं। इससे महिलाओं को मोटापा, पाचन संबंधी समस्याएं, एसिडिटी, कब्ज और आईबीएस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। रिश्तों में समर्थन की कमी और भावनात्मक उपेक्षा के कारण महिलाओं में पैनिक अटैक, एंग्जायटी और गंभीर हार्मोनल असंतुलन हो सकता है। जब महिलाएं अपने पार्टनर से अपेक्षित सहयोग या समर्थन नहीं पाती है, तो वह लगातार तनाव में रहती हैं। यह तनाव कोर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन को बढ़ाता है, जिसकी वजह से मासिक धर्म चक्र बाधित होता है और मूड स्विंग्स होते हैं। यहां तक कि महिलाओं को पैनिक अटैक और डिप्रेशन भी हो सकता है।

## अब इंजेक्शन से घटेगा वजन, भारत में वेगोवी लॉन्च




बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इस समस्या का शिकार हो रहे हैं। वहीं बच्चों के मोटापे के मामलों में 8.4% वृद्धि हुई है। लोगों को मोटापे की इस बढ़ती समस्या से बचाने के लिए नोवो नॉर्डिस्क ने भारत में वेगोवी नामक इंजेक्शन लॉन्च किया है। आज के समय में सभी उम्र के लोगों में बढ़ते वजन की समस्या देखी जा सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो मोटापा एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य संकट है, जोकि सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर रही है। वैश्विक स्तर पर देखें, तो एक अरब से ज्यादा लोग मोटापे का शिकार हैं। साल 1975 के बाद से मोटापे की व्यापकता तीन गुना से ज्यादा है। साल 2023 के आंकड़ों पर नजर डालें, तो भारत में मोटापे की समस्या काफी तेजी से बढ़ रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इस समस्या का शिकार हो रहे हैं। वहीं बच्चों के मोटापे के मामलों में 8.4% वृद्धि हुई है। लोगों को मोटापे की इस बढ़ती समस्या से बचाने के लिए नोवो नॉर्डिस्क ने भारत में वेगोवी नामक इंजेक्शन लॉन्च किया है। यह दावा किया जा रहा है कि मोटापे की समस्या को कंट्रोल करने और इसकी वजह से होने वाली हार्ट की समस्याओं को कम करने में सहायता मिल सकती है।

**वजन कंट्रोल करने वाली दवा- वेगोवी**

डेनिश दवा निर्माता नोवो नॉर्डिस्क ने भारत में अपनी वजन घटाने वाली दवा वेगोवी लॉन्च की है। वेगोवी में सेमाग्लूटाइड है, जोकि भूख को कंट्रोल करने में मदद करती है। इससे आप ओवरईटिंग से बच सकते हैं। बता दें यह भारत में लॉन्च की गई पहली दवा है, जिसे मोटापा ग्रस्त लोगों में दीर्घकालिक रूप से वेट कंट्रोल करने और हृदय संबंधित खतरों को घटाने में मददगार हो सकती है। बताया जा रहा है कि सप्ताह में एक बार इस्तेमाल किए जाने वाला यह इंजेक्शन देश भर के फार्मेसियों में जल्द ही उपलब्ध होगा। दवा कंपनी की मानें, तो वेगोवी 0.25 मिलीग्राम, 1 मिलीग्राम, 1.7 मिलीग्राम और 2.4 मिलीग्राम खुराक में उपलब्ध होगी। पहली तीन की कीमत 4,336 रुपए होगी, इसकी मासिक लागत 17,345 रुपए तक हो सकती है।

**कैसे काम करती है ये दवा**

वेगोवी दवा ग्लूकागन जैसे जीएलपी-1 या पेप्टाइड 1 नामक हार्मोन की तरह काम करती है। इन हार्मोन्स को भूख को कंट्रोल करने में अहम माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक यह मस्तिष्क में मौजूद जीएलपी-1 रिसेप्टर्स से बाइंड होकर पेट भरा हुआ महसूस कराने और भूख को कम करने में मदद करती है। इसके साथ ही यह ब्लड शुगर के लेवल को भी कंट्रोल करने में सहायक होता है।

**क्या होगा असर**

कंपनी के मुताबिक वेगोवी दवा इंजेक्शन के तौर पर कैलोरी इंटेक को कम करने में सहायक हो सकती है। इससे वेट लॉस करना आसान हो जाता है। इस दवा के प्रभावों को समझने के लिए कुछ परीक्षण किए गए हैं। इन परीक्षणों के अनुसार, आहार और व्यायाम पर ध्यान देने के साथ इंजेक्शन की सहायता से डेढ़ साल के भीतर शरीर के वेट में 20त्न तक की कमी लाने में सहायक हो सकती है। साथ ही स्ट्रोक, वजन कम होने से दिल के दौरे और हृदय रोग से संबंधित मृत्यु के खतरों भी 20 फीसदी तक कम करने में सहायता मिल सकती है।

## गॉलस्टोन के इन लक्षणों को भूलकर भी न करें नजरअंदाज, वरना बढ़ सकती है परेशानी

गॉलस्टोन के बारे में जानकारी और इसके लक्षणों के बारे में पता लगाकर इस समस्या को गंभीर होने से बचाया जा सकता है और सही इलाज कराने में भी मदद मिल सकती हैं। ऐसे में आजहम आपको पित्त की पथरी के लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं। गॉलस्टोन यानी की पित्त की पथरी या फिर पित्ताशय की पथरी से पेट में तेज दर्द होता है। यह कोई छोटी समस्या नहीं बल्कि एक गंभीर समस्या है। जिसका इलाज सिर्फ सर्जरी से होता है। एक अध्ययन के मुताबिक दुनिया में करीब 6 प्रतिशत आबादी गॉलस्टोन की समस्या से पीड़ित है। आमतौर पर महिलाओं में पित्त की पथरी की समस्या देखी जाती है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की आदतों की वजह से यह समस्या लगातार बढ़ रही है। वहीं चिंता की बात यह है कि लोग अक्सर इस समस्या को नजरअंदाज करने की गलती कर देते हैं। जिस कारण यह बिना लक्षणों के समय के साथ गंभीर होता चला जाता है। वहीं सही समय पर गॉलस्टोन के बारे में जानकारी और इसके लक्षणों के बारे में पता लगाकर इस समस्या को गंभीर होने से बचाया जा सकता है और सही इलाज कराने में भी मदद मिल सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पित्त की पथरी के लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**जानिए क्या गॉलस्टोन**

पेट के दाईं ओर लिवर के नीचे गॉलब्लैडर स्थित होता है। इसमें बाईल जूस इकट्ठा होता है, जोकि छोटी आंत में जाकर पाचन क्रिया में सहायता करता है। यह बाइल जूस कठोर होकर छोटे-छोटे टुकड़ों के रूप में बाईल डक्ट या गॉलब्लैडर में एकत्रित हो जाता है। तो इसको गॉलस्टोन कहा जाता है।

**किसको ज्यादा खतरा**

गॉलस्टोन की समस्या किसी को भी हो सकती है। लेकिन इसका खतरा महिलाओं और अधिक वजन वाले लोगों में ज्यादा होता है। वहीं बढ़ती उम्र के साथ इसका जोखिम बढ़ता चला जाता है।

**धीरे-धीरे इकट्ठा होते हैं पत्थर**

गॉलस्टोन के साथ मुख्य समस्या यह है कि यह समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ते जाते हैं। क्योंकि इनके ऊपर बाईल इकट्ठा होता रहता है। यह इतने बड़े हो सकते हैं कि बाइल के छोटी आंत में पहुंचने में रुकावट पैदा करने लगे। बता दें कि अगर बाईल डक्ट में फंस जाते हैं, जो व्यक्ति को अलग परेशानियां हो सकती हैं। इस स्थिति में लिवर, पैन्क्रिया और गॉलब्लैडर के काम पर असर पड़ता है।

**इनके नुकसान**

इसके कारण सूजन या फिर खून में बाईल का रिसाव हो सकता है। जिसकी वजह से पीलिया और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए इसकी गंभीर स्थिति को होने से रोकने के लिए फौकन उपाय करना जरूरी हो जाता है। जब गॉलस्टोन बड़े हो जाते हैं, तो दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगते हैं। आमतौर पर गॉलब्लैडर को काटकर निकालना पड़ता है। यह प्रोसेस एक लैप्रोस्कोप की सहायता से कोलेसिस्टेक्टोमी द्वारा की जाती है।

**लक्षण**

इसके लक्षणों बुखार, दिल की धड़कन बढ़ना, त्वचा और आंखों में पीलापन, पसीना आना, पेट में सूजन या नरम महसूस होना, मूत्र का रंग गहरा हो जाना, मल का मिट्टी के रंग का हो जाना आदि शामिल है।

## अच्छी सेहत पाने के लिए डिनर स्किप करना सही या गलत



इन दिनों अच्छी फिटनेस पाने, वेट लॉस करने और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए लोग स्किप डिनर काफी ट्रेंडिंग में है। इसका मतलब है कि आप रात का खाना छोड़ दीजिए। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या शरीर को हेल्दी रखने के लिए डिनर स्किप कर देना चाहिए।

आज के समय में अधिकतर लोग अपनी सेहत को लेकर काफी जागरुक रहते हैं। यह बात सभी लोग जानते हैं कि अगर आपको अपनी सेहत ठीक रखनी है, तो डाइट पर विशेष ध्यान देना जरूरी हो जाता है। हम कब खाते हैं और क्या खाते हैं, इन सभी का असर हमारी सेहत पर सीधा होता है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि अगर आप दिन में तीन बार खाना खाते हैं, नाश्ता, लंच और डिनर तो इसमें सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। नाश्ते में पौष्टिक चीजों का सेवन करना चाहिए, फिर लंच में थोड़ा हल्का और रात को सबसे हल्का भोजन करना अच्छा माना जाता है।

बता दें कि इन दिनों अच्छी फिटनेस पाने, वेट लॉस करने और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए लोग स्किप डिनर काफी ट्रेंडिंग में है। इसका मतलब है कि आप रात का खाना छोड़ दीजिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या शरीर को हेल्दी रखने के लिए डिनर स्किप कर देना चाहिए।

**इंटरमिटेंट फास्टिंग और डिनर स्किप करना**

अक्सर हम यह सुनते हैं कि रात को हल्का भोजन खाना चाहिए या फिर डिनर जल्दी करना फायदेमंद होता है। लेकिन आज के समय में लोग एक कदम आगे बढ़कर डिनर को स्किप कर देते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या वाकई डिनर स्किप करना फायदेमंद होता है या फिर यह आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है।

इंटरमिटेंट फास्टिंग से डिनर स्किप करने का चलन काफी ज्यादा हुआ है। इसमें व्यक्ति को 16:8 फास्टिंग करने की सलाह दी जाती है। जिसमें व्यक्ति 16 घंटे उपवास करता है और सिर्फ 8 घंटे भोजन करता है, जोकि अक्सर ब्रेकफास्ट और लंच तक सीमित होता है।

**क्या कहते हैं अध्ययन**

एक अध्ययन से पता चलता है कि डिनर स्किप करने से या फिर खाने की मात्रा सीमित करने से कैलोरी इनटेक कम होता है। जिस कारण वजन कम करने में मदद मिलती है। वहीं एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि अगर शाम 7 बजे से पहले डिनर कर लिया जाए, तो ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

**डिनर छोड़ देना ठीक है या गलत**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक रात में जल्दी खाने या डिनर स्किप करने के अपने कुछ लाभ जरूर हैं। लेकिन सभी लोगों के लिए यह पूरी तरह से सही नहीं है। क्योंकि शरीर को काम करने के लिए जरूरी ऊर्जा के लिए खाने की जरूरत होती है। शरीर रात के समय कोशिकाओं की मरम्मत और पुनर्निर्माण करता है। ऐसे में अगर आपने दिन में पर्याप्त पोषण नहीं लिया है, तो रात में डिनर स्किप करने से न सिर्फ यह प्रक्रिया बाधित हो सकती है, बल्कि आपको कमजोरी और थकावट महसूस हो सकती है। इसके साथ ही अगर आप अपने शरीर को पर्याप्त प्रोटीन नहीं देते हैं, तो इससे मांसपेशियों की समस्याएं बढ़ सकती हैं। क्योंकि प्रोटीन की सहायता से शरीर रात के समय कोशिकाओं को सही तरीके से मरम्मत करता है।

# बेदाग निखार पाने के लिए डाइट में शामिल करें ये फूड्स, खिला-खिला दिखेगा चेहरा

घरेलू नुस्खों के इस्तेमाल से स्किन की रंगत को निखारा जा सकता है। हालांकि ग्लोइंग स्किन के लिए सिर्फ स्किन केयर की जरूरत नहीं होती है। इसके लिए कुछ फूड्स होते हैं, जोकि स्किन के लिए जरूरी होते हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ही सुपरफूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

गर्मी में धूल-पसीने की वजह से हमारी स्किन पर बुरा असर पड़ता है। इससे चेहरे की रंगत डाउन हो जाती है। लड़कियों को अपनी स्किन की सबसे ज्यादा चिंता होती है। ऐसे में लड़कियां मार्केट से कई तरह के महंगे प्रोडक्ट्स खरीदकर इस्तेमाल करती हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स में केमिकल्स मिले होते हैं। जिस कारण यह स्किन के लिए हानिकारक होते हैं। ऐसे में आप घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं, जिनके आपको ढेरों लाभ मिलते हैं।

इन घरेलू नुस्खों के इस्तेमाल से स्किन की रंगत को निखारा जा सकता है। हालांकि ग्लोइंग स्किन के लिए सिर्फ स्किन केयर की जरूरत नहीं होती है।



इसके लिए कुछ फूड्स होते हैं, जोकि स्किन के लिए जरूरी होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ही सुपरफूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको दमकती हुई स्किन लौटाने का काम करेंगी।

**फल और सब्जियां**

फल और सब्जियों में एंटीऑक?सीडेंट्स की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। यह आपकी स्किन को जवां बनाए रखने में मदद करता है। आपको अपनी डाइट में मौसमी फलों और हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए। इससे आपको नूरानी निखार मिलेगा।

**बेरीज**

बेरीज जैसे ब्लूबेरीज और स्ट्रॉबेरीज भी स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। यह एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी का अच्छा स्त्रोत है। अगर आप अपनी डाइट में बेरीज को शामिल करती हैं, तो स्किन के दाग-धब्बे दूर होते हैं। वहीं फ्री रेडिकल्स से भी छुटकारा मिलता है और स्किन जवां बनती है।

**नट्स और सीड्स**

ग्लोइंग स्किन के लिए डाइट में नट्स और सीड्स जरूर शामिल करना चाहिए। नट्स और सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड, जिंक, प्रोटीन और सिलेनियम पाया जाता है, जोकि स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से स्किन सॉफ्ट बनती है और गजब का निखार आता है।

**ग्रीन टी**

ग्रीन टी सिर्फ वेट लॉस के लिए नहीं बल्कि यह हमारी स्किन को भी जबरदस्त फायदे पहुंचाती हैं। यह स्किन को रेडनेस और सनटैन से बचाती है। ग्रीन टी का सेवन करने से हमारी स्किन यंग नजर आती है।

**आंवला**

आंवला में विटामिन सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह हमारी त्वचा के साथ बालों के भी फायदा पहुंचाने का काम करती है। आंवला को डाइट में कई तरह से शामिल कर सकते हैं। आप आंवला की अचार, चटनी, मुरब्बा और कैंडी के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं आंवला का जूस भी पिया जा सकता है।

# ओवरवेट महिलाओं का आसानी से कम होगा वेट

अगर आपका भी वेट ज्यादा है, तो वर्कआउट करते हुए घुटनों पर जोर डालने या फिर एनर्जी को पूरी तरह से निचोड़ने से बचना चाहिए। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

अधिक वजन बढ़ना कई तरह की समस्याओं की वजह बन सकता है। जब वेट बढ़ने लगता है तो इसके साथ आपको कई तरह की बीमारियां हमें घेर लेती हैं। ऐसे में हेल्दी लाइफ जीने के लिए जरूरी है कि एक्स्ट्रा वेट को कम करने की जरूरत होती है। इसके लिए डाइट के साथ वर्कआउट करना भी जरूरी होता है। ओवरवेट के लिए वर्कआउट करना इतना भी आसान नहीं होता है। जब वजन ज्यादा होता है, तो शायद आपके लिए जिम जाकर इंटेंस वर्कआउट या रनिंग करना संभव न हो। लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

वर्कआउट का मतलब शरीर को सजा देना नहीं होता है। बल्कि खुद को अधिक एक्टिव बनाना और शरीर की बेहतर तरीके से देखभाल



करना होता है। अगर आपका भी वेट ज्यादा है, तो वर्कआउट करते हुए घुटनों पर जोर डालने या फिर एनर्जी को पूरी तरह से निचोड़ने से बचना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो ओवरवेट महिलाओं को वर्कआउट करने के दौरान काम आएंगे।

**धीरे-धीरे करें शुरुआत**

अगर आप भी ओवरवेट हैं और वर्कआउट शुरूकर रही हैं। तो एकदम से जोश में आकर हैवी एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। क्योंकि अभी आपका शरीर इसके लिए तैयार नहीं है। साथ ही इंटेस वर्कआउट आपको परेशान कर सकता है। इस तरह से आपको ज्यादा दर्द का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए प्रयास करें कि आप पहले दिन हल्की स्ट्रेचिंग, टहलना या फिर लो इंपैक्ट एक्सरसाइज शुरू करें। इससे आपकी बॉडी खुद को धीरे-धीरे एक्टिव करना सीखता है।

**एक्टिविटी को बनाएं वर्कआउट**

अगर आपने कभी पहले एक्सरसाइज नहीं की है, तो ऐसे में जिम जाकर वर्कआउट करना आपको बोर कर सकता है। इसलिए आप दो-चार दिन में जिन जाना छोड़ सकते हैं। इसलिए आप खुद में बदलाव चाहती हैं, तो ऐसे वर्कआउट रूटीन चुनें। जिसको आप भरपूर एन्जॉय करें। आप अपनी पसंद को ध्यान में रखकर स्विमिंग, डांस या जुम्बा आदि एक्सरसाइज को अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। जो भी चीज पंसद आती है, वह रोज की जा सकती है। क्योंकि जबरदस्ती वाली एक्सरसाइज को लंबे समय तक नहीं कर पाएंगी।

**इम्पैक्ट एक्सरसाइज**

अगर आपको वेट अधिक है, तो आपको ऐसी एक्सरसाइज करनी चाहिए, जो लो इंपैक्ट हो। इसके लिए आप एक ही जगह पैरों से मार्चिंग, रेसिस्टेंस बैंड से लाइट एक्सरसाइज और कुर्सी पर बैठकर वर्कआउट कर सकती हैं।

# केरल के मोटिवेशनल स्पीकर और पूर्व पुलिस अफसर पर पॉक्सो केस

**स्टेशन**

**यह मामला सबसे पहले गुरुवार को कोझिकोड के चेवयूर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था। बाद में जांच आगे बढ़ाने के लिए इसे नीलांबुर पुलिस को सौंप दिया गया।**




**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने पूर्व सब-इन्स्पेक्टर और मोटिवेशनल स्पीकर को पॉक्सो एक्ट के तहत हिरासत में लिया है। उन पर एक नाबालिग लड़की ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है। केरल के नीलांबुर में पुलिस ने शुक्रवार को एक मोटिवेशनल स्पीकर और पूर्व पुलिस अधिकारी को हिरासत में लिया। उन पर प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) कानून के तहत मामला दर्ज हुआ है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति का नाम फिलिप मम्पाड है। वह युवाओं के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से मोटिवेशनल क्लास चलाने के लिए जाने जाते हैं। एक नाबालिग लड़की की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। यह मामला सबसे पहले गुरुवार को कोझिकोड के चेवयूर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था। बाद में जांच आगे बढ़ाने के लिए इसे नीलांबुर पुलिस को सौंप दिया गया। नीलांबुर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग लड़की के माता-पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसी आधार पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपी पुलिस की हिरासत में है और उससे पूछताछ चल रही है।

पुलिस का कहना है कि औपचारिक गिरफ्तारी होने के बाद ही मामले से जुड़ी और जानकारी साझा की जाएगी। फिलिप मम्पाड केरल पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात रह चुके हैं। उन्होंने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और मेंटरिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए पुलिस की नौकरी से समय से पहले रिटायरमेंट (वीआरएस) ले लिया था। इसके बाद वह युवाओं के बीच एक मार्गदर्शक के रूप में काफी लोकप्रिय हो गए थे। अब इस गंभीर आरोप के बाद पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## ज्योतिषी के कहने पर महिला ने मां का गला घोंटकर की हत्या

**कर्नाटक।** कर्नाटक से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। एक 33 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर अपनी मां का सोते समय तकिए से गला घोंट दिया। इसके साथ ही एक ज्योतिषी के दावों से प्रभावित होकर इसे स्वाभाविक मृत्यु बताने की कोशिश की। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार रात को तुमकुरु तालुक के अनुपनहल्ली गांव में हुई। हालांकि ग्रामीणों ने गुरुवार को अधिकारियों को सूचित किया। मृतक की पहचान पुष्पावती (55) के रूप में हुई है। आरोपी सुचित्रा (33) अपने पति के साथ तुमकुरु शहर के श्रीनगर इलाके में रहती थी। पुलिस के मुताबिक, सुचित्रा के पिता की लगभग डेढ़ साल पहले स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मृत्यु हो गई थी।

# भारतीय सेना करेगी अंतरराष्ट्रीय मिलिट्री एडवेंचर चैलेंज कप का आयोजन



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना पहली बार अंतरराष्ट्रीय मिलिट्री एडवेंचर चैलेंज कप (आईएमएसीसी) 2026 का आयोजन करने जा रही है। यह प्रतियोगिता 18 से 23 फरवरी 2026 तक पूर्वी हिमालय की तलहटी में आयोजित होगी। एक सप्ताह के आयोजन में भारत और मित्र देशों की सैन्य टीमें साहसिक और सहनशक्ति से जुड़ी कठिन प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगी।

23 फरवरी तक चलने वाला यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इस आयोजन में सात मित्र देश भूटान, ब्राजील, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, नेपाल, श्रीलंका और सऊदी अरब की सैन्य टीमें शामिल होंगी। इनके साथ भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीमें भी हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य एक सैनिक की आवश्यक क्षमताओं जैसे शारीरिक फिटनेस, मानसिक दृढ़ता, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और दबाव में निर्णय लेने की योग्यता की परीक्षा लेना है। इसमें पहाड़ी और कठिन भू-भाग में आधारित चुनौतियां शामिल होंगी, जो वास्तविक सैन्य अभियानों जैसी परिस्थितियों को दर्शाएंगी। अंतरराष्ट्रीय सैन्य खेल लंबे समय से दुनिया भर की सेनाओं के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाने का माध्यम रहे हैं। ये प्रतियोगिताएं इंटरनेशनल मिलिट्री स्पोर्ट्स काउंसिल (सीआईएसएम) के खेल के माध्यम से मित्रता% के सिद्धांत के तहत आयोजित होती हैं। भारत इस परंपरा में सक्रिय भागीदारी करता रहा है और वर्ष 2007 में चौथे सीआईएसएम मिलिट्री वर्ल्ड गेम्स की मेजबानी भी कर चुका है।

# केरल बना शहरी नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य



**तिरुवनंतपुरम।** केरल देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने अपनी व्यापक शहरी नीति बनाई है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने इस नीति को मंजूरी दी, जिसका मकसद 2050 तक राज्य का वैज्ञानिक विकास करना है। भविष्य की चुनौतियों और बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए केरल अपनी खुद की व्यापक शहरी नीति तैयार करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस शहरी नीति के मसौदे को मंजूरी दी गई। यह नीति स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा तैयार की गई है, जो करीब दो साल की लगातार मेहनत का नतीजा है। इस पहल की घोषणा पहली बार राज्य के 2023-24 के बजट में की गई थी। यह नीति केवल ईंट-पत्थरों के विकास की बात नहीं करती, बल्कि साल 2050 तक केरल को जलवायु-अनुकूल शहरों का एक अटूट नेटवर्क बनाने का विजन रखती है।

इस नीति का उद्देश्य केरल के शहरीकरण को एक वैज्ञानिक दिशा देना है। अनुमान के मुताबिक, 2050 तक केरल की लगभग 80 प्रतिशत आबादी शहरी हो जाएगी। शहरी विकास का विस्तार पहाड़ी इलाकों और तटीय पट्टी के बीच घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विकेंद्रीकृत तरीके से होने की उम्मीद है। यह नीति शहरीकरण को राज्य के आर्थिक विकास में सहायक बनाने के तरीके भी बताती है। दिसंबर 2023 में सरकार ने केरल शहरी नीति आयोग का गठन किया था, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल थे। आयोग ने मार्च 2025 में मुख्यमंत्री को नवा केरल अर्बन पालिसी रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट पर व्यापक चर्चा के लिए सरकार ने सितंबर में कोच्चि में एक वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में देश-विदेश के मंत्रियों, मेयरों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान मिले सुझावों को बाद में अंतिम नीति में शामिल किया गया।

# फ्रांस के बाहर पहली बार इतने बड़े पैमाने पर बनेगा राफेल



**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ये पहली बार होगा जब फ्रांस के बाहर इतने बड़े पैमाने पर राफेल बनाए जाएंगे। उन्होंने इसे मेक इन इंडिया की ताकत बताया।

रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी है। इसके बाद रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह पहली बार होगा जब राफेल विमान फ्रांस के बाहर भारत में बनाए जाएंगे। इस परियोजना में 40 से 50 प्रतिशत हिस्सेदारी 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत स्थानीय उत्पादन की होगी।

न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह प्रोग्राम सरकार से सरकार के समझौते के तहत लागू किया जा रहा है, इसमें कोई बिचौलिया नहीं होगा और पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारतीय हथियार और सिस्टम इन विमानों में जोड़े जा सकेंगे।

सिंह ने कहा कि पहली बार राफेल विमान फ्रांस के बाहर इतने बड़े पैमाने पर भारत में बनाए जाएंगे। हम कम से कम 40-50 प्रतिशत लोकलाइजेशन का लक्ष्य रख रहे हैं। इसमें %मेक इन इंडिया, सरकार से सरकार का समझौता, कोई बिचौलिया नहीं, पूरी पारदर्शिता और भारतीय हथियार व सिस्टम को विमान में जोड़ने की पूरी स्वतंत्रता शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि इससे लड़ाकू विमान जल्दी भारत में आ सकेंगे। राफेल मरीन विमानों की डिलीवरी 2028 से शुरू होगी और इसके बाद करीब तीन साल और छह महीने में एयर फोर्स के राफेल भी आना शुरू होंगे।

बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डीएसी की बैठक में लगभग 3.60 लाख करोड़ रुपये की विभिन्न रक्षा खरीद प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (शह) मिली। इसके साथ ही भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने कई नई खरीद को मंजूरी दी है। इसमें मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए)- राफेल, कॉम्बैट मिसाइल्स और एयर-शिप बेस्ड हाई-ऑल्टिट्यूड स्यूडो-सैटेलाइट शामिल है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार राफेल की खरीद से वायु सेना की क्षमता बढ़ेगी और एयर डॉमिनेंस रोल के लिए अधिक ताकत मिलेगी। इसके लिए अधिकांश राफेल विमान भारत में बनाए जाएंगे। कॉम्बैट मिसाइल्स से लंबी दूरी पर सटीक हमले करने की क्षमता बढ़ेगी और एयर-शिप बेस्ड हाई-ऑल्टिट्यूड स्यूडो-सैटेलाइट का उपयोग इंटेलिजेंस, सर्विलांस, इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस, दूरसंचार और रिमोट सेंसिंग के लिए किया जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश स्थानीय निकाय चुनावों पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों (पंचायती राज और नगरपालिका) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को समय सीमा बढ़ा दी है। पहले हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने चुनाव कराने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल तय की थी, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने 31 मई तक बढ़ा दिया है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ में मुख्य न्यायाधीश और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल थे। उन्होंने राज्य सरकार के मुख्य सचिव द्वारा दाखिल याचिका पर ध्यान दिया और हाईकोर्ट की एक और समय सीमा, जो पुनर्निर्माण, मतविभाजन और आरक्षण कार्यों को पूरा करने के लिए 28 फरवरी से 31 मार्च तक थी, उसे भी बढ़ा दिया। बता दें कि 9 जनवरी को हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू की सरकार की याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने स्थानीय निकाय चुनाव छह महीने के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया था।

# पीएम मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी, ढाका में दो दशकों बाद बनेगी नई सरकार





**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बांग्लादेश के आम चुनाव में भारी बहुमत हासिल की है। पार्टी ने 300 में से 212 सीटों पर जीत दर्ज की है। करीब दो दशक बाद बीएनपी की सत्ता में वापसी तय मानी जा रही है। यह चुनाव ऐसे समय में हुआ जब देश में लंबे समय तक राजनीतिक अस्थिरता, विरोध प्रदर्शन और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं थी। पिछले साल अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद 15 साल से सत्ता में रही शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। उसके बाद अंतरिम सरकार बनी, जिसका नेतृत्व नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस कर रहे थे। अब चुनावी नतीजों के बाद बीएनपी नेता तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना है।

वहीं इस चुनाव में जमात-ए-इस्लामी गठबंधन ने 77 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा अन्य दलों को प्रदर्शन नाकाफी रहा, इसमें इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश पार्टी ने एक सीट और सात सीटों पर निर्दलीयों ने जीत हासिल की है। आम चुनाव को लेकर जमात गठबंधन ने कुछ सीटों पर नतीजों में देरी और छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मतदान निष्पक्ष हुआ है। जबकि पूर्व सत्ताधारी दल अवामी लीग (शेख हसीना की पार्टी) को इस चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी गई।

बांग्लादेश के चुनाव आयोग के अनुसार इस बार के आम चुनाव में 59.44त्न मतदान हुआ। इसके लिए करीब 10 लाख सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया, जो देश के चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था मानी जा रही है।

वहीं पीएम मोदी ने तारिक रहमान से फोन पर बात कर उन्हें जीत की बधाई दी। इससे पहले एक्स पर बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत और बांग्लादेश ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े पड़ोसी हैं, और भारत शांति, प्रगति और विकास के लिए मिलकर काम करता रहेगा।

## अमेरिका में जान गंवाने वाली भारतीय छात्रा के पिता की मौत

**नई दिल्ली।** तीन साल पहले अमेरिका में एक भारतीय छात्रा की मौत हो गई थी। अब छात्रा के परिवार को उस समय दूसरा बड़ा झटका लगा जब मुआवजे के समझौते की घोषणा से ठीक दो दिन पहले उनके पिता का निधन हो गया। कुछ साल पहले अमेरिका में पुलिस की एक दुर्घटना में 23 वर्षीय भारतीय छात्रा जाह्नवी कंदुला का निधन हो गया था। अब उसके परिवार को उस समय दूसरा बड़ा झटका लगा जब 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मुआवजे के समझौते की घोषणा से ठीक दो दिन पहले उनके पिता का निधन हो गया। 23 जनवरी, 2023 को जाह्नवी सड़क पार कर रही थी, उस समय एक तेज रफ्तार सिएटल पुलिस वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उस समय संबंधित अधिकारी एक आपातकालीन कॉल का जवाब दे रहा था।

# ढाका-3 से अल्पसंख्यक हिंदू नेता गायेश्वर रॉय जीते, बीएनपी की दो दशक बाद सत्ता में होगी वापसी



**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में बीएनपी के वरिष्ठ हिंदू नेता गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका-3 सीट पर बड़ी जीत दर्ज की। उनकी यह सफलता ऐसे समय आई है जब देश में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व चर्चा में है। बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आने वाले गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका-3 संसदीय सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की है। सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, रॉय ने 99,163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया। शाहिनुर इस्लाम जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार थे। यह जीत 1971 में स्वतंत्रता के बाद ढाका से चुने गए पहले हिंदू सांसद के रूप में दर्ज की गई है। रॉय की जीत ऐसे समय में आई है जब देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित हमलों और उत्पीड़न की खबरें सामने आती रही हैं। दिसंबर में कट्टरपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद कई स्थानों पर तनाव की स्थिति बनी थी। भारत ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। ऐसे माहौल में एक हिंदू नेता का राजधानी क्षेत्र से जीतना राजनीतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दूसरी ओर, जमात-ए-इस्लामी द्वारा उतारे गए इकलौते हिंदू उम्मीदवार कृष्णा नंदी को खुलना-1 सीट से हार का सामना करना पड़ा। नंदी को 70,346 वोट मिले, जबकि बीएनपी के उम्मीदवार अमीर एजाज खान ने 1,21,352 वोट हासिल कर स्पष्ट जीत दर्ज की। बता दें कि बांग्लादेश में जारी सत्ता के लिए संघर्ष और घमासान के 18 महीनें के बाद हुए चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को बड़ा जनादेश मिला। मतगणना के ताजा आंकड़ों के अनुसार बीएनपी को दो तिहाई बहुमत मिले है।

वहीं जबकि जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन को अभी तक केवल 73 सीटें मिली हैं। बांग्लादेश की संसद, जिसे जातीय संसद कहा जाता है, में कुल 300 सीटें हैं। इनमें से 299 सीटों पर मतदान हुआ। शेरपुर-3 सीट पर एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया। बहुमत के लिए 150 सीटें जरूरी होती हैं। इसके अलावा 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इन सीटों का बंटवारा 300 सामान्य सीटों पर पार्टियों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।

## नीदरलैंड की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी हुई हैक

**एम्सटर्डैम।** नीदरलैंड की टेलीकॉम कंपनी ओडिडो पर साइबर हमला हुआ। 60 लाख से ज्यादा ग्राहकों का निजी डेटा चोरी हुआ। इसमें बैंक डिटेल्स और पासपोर्ट नंबर शामिल हैं। कंपनी ने सात फरवरी से जांच शुरू की और हैक रोक दिया। ग्राहकों को ईमेल से सूचना दी। नीदरलैंड की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी ओडिडो पर साइबर हमलावरों ने बड़ा हमला बोल दिया है। कंपनी ने खुद माना कि हैकर्स ने उसके सिस्टम में घुसकर 60 लाख से ज्यादा ग्राहकों का निजी डेटा चुरा लिया। यह डेटा बहुत संवेदनशील है। इसमें लोगों के बैंक खाते की जानकारी और पासपोर्ट नंबर जैसी चीजें शामिल हैं। यह नीदरलैंड में अब तक का सबसे बड़ा डेटा लीक मामला बन गया है। कंपनी ने ग्राहकों को चेतावनी भेजी है और जांच शुरू कर दी है।

# शक्तिशाली भारत, चीन का मुकाबला करने के लिए बेहद जरूरी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत को चीन के खिलाफ अपना सबसे महत्वपूर्ण साथी बताया है। अमेरिकी अधिकारी पॉल कपूर के अनुसार, एक मजबूत और स्वतंत्र भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के दबदबे को रोकने के लिए जरूरी है।

दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक सचिव पॉल कपूर ने भारत की भूमिका पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चीन के खिलाफ अमेरिका की कोशिशों में भारत एक बेहद जरूरी साथी है। कपूर के अनुसार, एक ताकतवर भारत न केवल चीन को हिंद-प्रशांत क्षेत्र से बाहर रखता है, बल्कि किसी भी बड़े देश को इस इलाके पर कब्जा करने या दबाव बनाने से भी रोकता है।

उन्होंने यह बातें बुधवार को दक्षिण और मध्य एशिया पर बनी एक सब-कमेटी की बैठक में कहीं। इस बैठक का मकसद इलाके में अमेरिका की विदेश नीति की जांच करना था। जब उनसे पूछा गया कि भारत इंडो-पैसिफिक इलाके में तेजी से आक्रामक होते चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी कोशिशों में कैसे मदद करेगा। इस पर उन्होंने कहा कि भारत का आजाद रहना, अपने पैरों पर खड़ा होना और अपने काम करने की आजादी को बनाए रखना, अमेरिका के रणनीतिक फायदे के लिए है। उन्होंने साफ किया कि अमेरिका का मकसद चीन को पूरी तरह बाहर निकालना नहीं, बल्कि उसे मनमानी करने से रोकना है। कपूर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को आर्थिक और सैन्य रूप से मजबूत होना चाहिए। इससे चीन पर भारत की निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि एक आजाद और खुशहाल भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा चीन के प्रभाव से बचा लेगा, जो अमेरिका के लिए एक बड़ी जीत होगी।

हालांकि, कैलिफोर्निया की प्रतिनिधि कामलागर-डोव ने ट्रंप सरकार के कुछ फैसलों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत पर भारी टैक्स लगाने और बैठकों में देरी करने से दोनों देशों के बीच भरोसे को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कदमों से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की स्थिति कमजोर हुई है। इन आलोचनाओं के बीच कपूर ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। दोनों देश रक्षा तकनीक और ऊर्जा के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच व्यापार को लेकर एक अहम सहमति बनी है। इस समझौते के तहत भारत अमेरिकी सामानों पर टैक्स कम करेगा। इसमें खेती से जुड़े उत्पाद जैसे सूखे मेवे, ताजे फल, सोयाबीन तेल, वाइन और जानवरों का चारा शामिल है।

बदले में अमेरिका कुछ खास भारतीय सामानों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा। इसमें कपड़े, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर और मशीनरी जैसी चीजें शामिल हैं। जब यह समझौता पूरी तरह लागू हो जाएगा, तब दवाओं, जेम्स-ज्वेलरी और हवाई जहाज के पुर्जों पर से अमेरिकी टैक्स हटा लिए जाएंगे। कपूर ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों की खुशहाली बढ़ेगी और भारत को अपनी सीमाओं की रक्षा करने में मदद मिलेगी।

# अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम 47 फीसदी अधिक, विशेषज्ञों ने चेताया



**वॉशिंगटन।** विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले वर्षों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड कम करना सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उतना ही अहम हो सकता है, जितना पिछली सदी में तंबाकू छोड़ना था। अमेरिका में रोजमर्रा की डाइट का बड़ा हिस्सा बन चुके अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स अब सीधे तौर पर दिल की बीमारियों से जुड़े पाए गए हैं। फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर पाया है कि जो वयस्क सबसे ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ खाते हैं, उनमें हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा 47% तक अधिक है। उम्र, धूम्रपान और आय जैसे कारकों को समायोजित करने के बाद भी यह जोखिम बना रहा। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स ऐसे औद्योगिक उत्पाद होते हैं जिनमें अतिरिक्त वसा, चीनी, स्टार्च, नमक और इमल्सीफायर जैसे रासायनिक एडिटिव्स मिलाए जाते हैं। सोडा, पैकेज्ड स्नैक्स और प्रोसेस्ड मीट इसके आम उदाहरण हैं। निर्माण के दौरान इनमें कई प्राकृतिक पोषक तत्व हटा दिए जाते हैं, जिससे ये अपने मूल स्वरूप से काफी अलग हो जाते हैं। इनमें ऐसे तत्व भी शामिल होते हैं जिनका मानव शरीर को ऐतिहासिक रूप से अनुभव नहीं रहा है। आज स्थिति यह है कि अमेरिका में औसतन वयस्कों की लगभग 60% कैलोरी और बच्चों की करीब 70त्न कैलोरी अल्ट्रा-प्रोसेस्ड भोजन से आती है। अमेरिका ही नहीं दुनिया के तमाम देशों में अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ती जा रही है। पिछले अध्ययनों में यह दिखाया जा चुका है कि ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाने वालों में मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, असामान्य कोलेस्ट्रॉल स्तर और इंसुलिन रेजिस्टेंस शामिल हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड से जुड़े स्वास्थ्य खतरों की पहचान उसी तरह समय ले सकती है, जैसे पिछली सदी में तंबाकू के नुकसान समझने में लगा था। इसका एक कारण बड़े बहुराष्ट्रीय खाद्य निगमों का प्रभाव भी है, जो वैश्विक फूड मार्केट पर हावी हैं।

# नियुक्तियों और बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर बरसीं डॉ. रागिनी सोनकर

- युवा न सो पा रहा है, न रो पा रहा है, शादियाँ तक रुकीं

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मछलीशहर (जौनपुर) से विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने सरकार को युवाओं के रोजगार और प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर जमकर घेरा। उन्होंने सदन में नियम 56 के अंतर्गत बोलते हुए सरकार की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए।

सरकारी नियुक्तियों में हो रही देरी और विसंगतियों पर डॉ. सोनकर ने बेहद भावुक और तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश का शिक्षित युवा अवसाद में है। नियुक्तियां न होने के कारण युवाओं की शादियाँ नहीं हो पा रही हैं। वह न ठीक से सो पा रहा है, न रो पा रहा है। रोजगार केवल रिक्त पद भरना नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों का आधार है। उन्होंने लोक सेवा आयोग (PPSC) सहित अन्य विभागों में हुई नियुक्तियों में आरक्षण रोस्टर और संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया।

उन्होंने मांग की कि सरकार विगत वर्षों की नियुक्तियों का विवरण सदन के पटल पर रखे और एक ऐसी स्पष्ट नीति बनाए जहाँ सिफारिश नहीं, बल्कि योग्यता को सम्मान मिले।प्रयागराज कांड और फर्जी एनकाउंटर पर सरकार को घेराज़ डॉ. सोनकर ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को विफल बताते हुए प्रयागराज के खटिक समाज के चार नाबालिग बच्चों (करन, प्रिंस, प्रतीक और प्रियांशु) की संदिग्ध मृत्यु का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस इसे साधारण डूबने का मामला बताकर रफा-दफा करना चाहती है, जबकि यह एक गंभीर साजिश है। इसके साथ ही, उन्होंने पप्पू सोनकर और अरविंद सोनकर के मामले का जिक्र करते हुए इसे कथित फर्जी एनकाउंटर करार दिया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को हिरासत में लेने के बाद 28 जनवरी को गोली मारना मानवाधिकारों का हनन है। मृतक के परिजनों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा, जमीन का पट्टा और आवास दिया जाए।

# महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** आईकॉनिक स्कूल ऑफ़ आजमगढ़ वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक शिव बारात निकाली गई, जिसमें महादेव दूल्हा के रूप में तथा भूत-प्रेत व गण बाराती के रूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। शिव बारात के पश्चात शिव-पार्वती विवाह का मंचन अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शिव के रूप में रुद्रांश गौड़ तथा पार्वती के रूप में ईशानवी ने प्रभावशाली भूमिका निभाई। बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को भाव-विभोर कर दिया। प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने विद्यार्थियों को महाशिवरात्रि के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह पर्व आस्था, संयम, भक्ति और सकारात्मक



ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को भगवान शिव के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को आरती सिंह ने कुमकुम दुबे, उजाला गुप्ता, सुप्रिया राय, अर्जुन के सहयोग से सफल बनाया। जिसमें रमन सहित समस्त शिक्षकों का विशेष yigdan रहा। शिव बारात को सुरक्षित रूप से निकालने, शिव मंदिर तक जाने और वापस लाने में बनकट पुलिस चौकी का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंध निदेशक गोविंद सिंह ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं बनकट पुलिस चौकी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी की सराहना की।

# नैनी में युवक की हत्या के बाद तनाव

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में नैनी के मड़ौका स्थित एक गेस्ट में गुरुवार को रात मामूली विवाद में युवक की हत्या किए जाने के बाद शुक्रवार को मृतक का शव पहुंचने से पहले परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए मड़ौका रोड जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन भीड़ उग्र होती गई। इसके बाद चार थानों में नैनी, औद्योगिक, बारा, कौंधियारा थाने की फोर्स के साथ पीएसी बल तैनात कर दिया गया। घंटों प्रयास के बाद पुलिस ने घरवालों को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया और वापस भेज दिया। मृतक का शव घर पहुंचा तो परिवार में लोग चीत्कार मारकर रोने लगे। पुलिस ने माहौल को देखते हुए तत्काल कड़ी सुरक्षा में शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया। पूरी घटना गुरुवार रात नैनी थाना क्षेत्र के कुशवाहा गेस्ट हाउस के सामने हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेनी थाना क्षेत्र के मड़ौका के रहने वाले ननकऊ की बेटी की शादी गुरुवार को थी। बारात कुशवाहा गेस्ट हाउस में आई थी। देर रात 12 बजे



बाराती खाना-पीना और नाच-गाना कर रहे थे। इसी दौरान कुछ बाराती पास में रहने वाले राजेश निषाद के खाली पड़े प्लॉट में पेशाब करने चले गए। उसी प्लॉट में राजेश की गाड़ी खड़ी थी। राजेश ने गाड़ी के पास पेशाब करने का विरोध किया। इस पर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि बात बढ़ने पर गाली-गलौज और फिर मारपीट होने लगी। इसी बीच ननकऊ का भतीजा सुनील कनौजिया भी वहां पहुंच गया। आरोप है कि सुनील ने गेस्ट हाउस में तंदूर पर रखी लोहे की सरिया उठा ली। उसी सरिये से राजेश के चेहरे पर कई वार किए। इसके बाद चापड़ से भी हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल राजेश खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। राजेश की मौत की खबर फैलते ही गेस्ट हाउस में अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित परिजनों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना पर एसीपी करछना सुनील सिंह भारी फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने पहले भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया, फिर शव को कब्जे में लेने की कोशिश की। मगर परिजनों ने शव को हाथ नहीं लगाने दिया। उनका कहना था कि पहले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और गिरफ्तारी हो, तभी शव उठाया जाएगा। पुलिस ने गेस्ट हाउस से आठ बारातियों को हिरासत में लिया। साथ ही तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद भीड़ शांत हुई। नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने बताया कि जिस कुशवाहा गेस्ट हाउस में बारात आई थी, वहां से 100 मीटर की दूरी पर राजेश का मकान है। उसके पास ही खाली प्लॉट है। इस प्लॉट में राजेश के माता-पिता की समाधि बनी हुई है और वहीं राजेश की कार खड़ी रहती है। बाराती इसी प्लॉट में टॉयलेट कर रहे थे। राजेश ने इसका विरोध किया तो विवाद शुरू हो गया। मारपीट में राजेश की मौत हो गई। परिजनों ने तहरीर दी है। जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रेरुआ में अज्ञात युवक का शव मिला

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेरुआ गांव में आज एक युवक का शव मिला है। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। उसका रंग सांवला है। युवक ने लाल रंग की गोल गले की टी-शर्ट और फटी हुई अंडरवियर पहन रखी थी। प्रारंभिक जांच में शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव की पहचान कराने के कई प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन प्रयागराज स्थित मर्चरी हाउस भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है। हालांकि पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है। एसीपी सोरांव श्यामजीत प्रमिला सिंह ने बताया कि अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी।

# बक्शा थाना में शांति समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र में आगामी महाशिवरात्रि पर्व, होलिका दहन और होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह की अध्यक्षता में थाना परिसर में हुई। बैठक में ग्रामीण, मंदिर समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, थानाध्यक्ष सहित प्रशासनिक और सामाजिक स्तर के कई लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, बिजली-पानी और विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होलिका



दहन, होली पर्व और महाशिवरात्रि मेले के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि होलिका दहन और होली में किसी भी तरह की हुड़दंगबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीजे संचालकों को भी नियंत्रित ध्वनि में धीमी गति से डीजे चलाने और नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया। असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। मंदिर समिति और ग्रामीणों से आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिवरात्रि और होली पर्व आपसी भाईचारे और श्रद्धा का प्रतीक हैं, जिन्हें सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इस अवसर पर सारनाथ साहिनाथ महादेव मंदिर संरक्षिका पुजारिन माला शुक्ला, आलोक उपाध्याय, लक्ष्मीशंकर उपाध्याय, अरुण कुमार, संजय शुक्ला, मनोज कुमार यादव प्रधान, रवीन्द्र कुमार यादव प्रधान, मुरली दास संत, सुंदर मौर्या, धर्मेंद्र मौर्या प्रधान, बृजेश यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में तीन सेतुओं के निर्माण का रास्ता साफ

- 562 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के भव्य और दिव्य आयोजन के साथ प्रशासन ने आगामी कुंभ को लेकर अपनी भावी रणनीति पर अभी से कार्य करना शुरू कर दिया है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई। इस दौरान प्रशासन ने भविष्य में भीड़ प्रबंधन को लेकर जो रणनीति तैयार की उसे धरातल पर उतारने की कोशिश अभी से शुरू हो गई है। शहर में दो नदियों में तीन सेतुओं का निर्माण इसी का हिस्सा है।



प्रयागराज महाकुंभ के बाद सन 2031 में होने जा रहे कुंभ ( अर्धकुंभ ) की तैयारियों के लिए भी प्रशासन ने होम वर्क शुरू कर दिया है। प्रशासन का कहना है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर पिछले महाकुंभ से उसे जो सीख मिली है उसमें प्रमुख तथ्य यह है कि श्रद्धालुओं के लगातार आवागमन को बनाए रखना सबसे आवश्यक है। श्रद्धालुओं की संख्या अगर बढ़ती है तो उसके सहज आवागमन के लिए शहर से बाहर जाने और आने के लिए दोनो नदियों पर सेतुओं का होना आवश्यक है। सरकार ने इसके समाधान के गंगा और यमुना दोनों नदियों में तीन सेतुओं के निर्माण पर मुहर लगा दी है। इसके लिए सरकार 562 करोड़ दे रही है।

### पूर्वांचल और मध्य प्रदेश के बीच आवागमन होगा सुगम

पूर्वांचल से प्रयागराज को जोड़ने वाला शास्त्री पुल वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण अपने विकल्प की तलाश कर रहा है। पिछले एक साल में दो बार इसे मरम्मत के चलते बंद करना पड़ा। ऐसे में विकल्प के रूप में इसी पुल के बगल में गंगा नदी में 2500 मीटर पुल बनाने के लिए स्वीकृति मिल गई है। इसी तरह प्रयागराज को मध्य प्रदेश और चित्रकूट से जोड़ने के लिए यमुना नदी में पुराने नैनी पुल के समकक्ष मड़ौका से करैलाबाग तक एक 1100 मीटर लंबे पुल के निर्माण की आवश्यकता थी । इस पुल के लिए राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए बजट में 157.05 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा यमुना नदी पर बनने वाले राम सेतु के लिए 42.42 लाख का प्रावधान किया गया है। सलोरी से हेताप ट्टी तक गंगा पर बनने वाले फोर लेन पुल के निर्माण के लिए भी राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए बजट में 300.30 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है।

# खेल सर्वांगीण विकास व उन्नत में सहायक होता है

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** बेसिक शिक्षा परिषद मंडल आजमगढ़ के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के ब्रह्मस्थान स्थित सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समारोह का आयोजन हुआ। जहां बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मंडलायुक्त विवेक कुमार व विशिष्ठ अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक नवल किशोर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद सहायक शिक्षा निदेशक मनोज कुमार मिश्रा, बीएसए राजीव पाठक, खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी और जगदीश यादव द्वारा मुख्य अतिथियों को बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। वही बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पीटी और नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई। जिसके बाद मुख्य अतिथि मंडलायुक्त द्वारा स्काउट मास्टर दिनेश सिंह के कमान्ड पर ध्वजारोहण, मार्च पास्ट को सलामी और मशाल दौड़ को रवाना कर प्रतियोगिता



का शुभारंभ किया गया। मंडल के आजमगढ़, मऊ, बलिया तीनों जनपदों से आए परिषदीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने एथलीट, दौड़, कबड्डी, खो खो जैसे खेलों में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों को उम्दा बताया। कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेला जाए तो यह बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और उन्नत में सहायक होता है। कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार सिंह ने किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारियों में दिनेश कुमार वर्मा, कुलदीप नारायण, बृजेश श्रीवास्तव, अशोक राय, व्यास देव, नवनीत चौबे और शिक्षकों में सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश सिंह, उपेंद्र दत्त शुक्ल, अतुल सिंह, पंकज सिंह, रवि पाठक संतोष राय सहित तीनों जनपदों से बड़ी संख्या में शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# 22 फरवरी को पुलिस लाइन में मेगा सहायता एवं सेवा शिविर

**अवधनामा संवाददाता**

- एक मंच, एक समाधान की अवधारणा के साथ लगेगा शिविर
- सरकारी योजनाओं से वंचितों को एक ही जगह मिलेगा लाभ

**मैनपुरी।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रीती गिरी ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्ग-निर्देशन में दि. 22 फरवरी को पुलिस लाइन परिसर में एक वृहद मेगा सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इस मेगा शिविर का उद्देश्य जनपद के उन समस्त पात्र लाभार्थियों को एक ही मंच पर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है, जो किसी कारणवश अब तक योजनाओं से वंचित रह गए हैं, जिनका प्रकरण लंबित है, उक्त मेगा शिविर में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि अपने-अपने स्टॉल स्थापित कर आमजन को विभागीय संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे, विभागीय अधिकारी केवल योजनाओं की जानकारी ही नहीं बल्कि पात्रता पूर्ण करने वाले लाभार्थियों को उसी स्थल पर पंजीकरण एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा, इस प्रकार यह शिविर 'एक मंच, एक समाधान' की अवधारणा को साकार करेगा जिससे नागरिकों को बार-बार विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होने कहा कि शिविर विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, गर्भवती माताओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, श्रमिक वर्ग तथा अन्य दुर्बल एवं वंचित वर्गो को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है, ऐसे सभी नागरिक, जिन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई आ रही है या जो अब तक लाभान्वित नहीं हो सके हैं, वह दि. 22 फरवरी को पुलिस लाइन में उपस्थित होकर पंजीकरण करा सकते हैं और योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव ने बताया कि इस मेगा शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, इसमें आमजन के लिए सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था रहेगी, नागरिक अपनी नियमित स्वास्थ्य जांच निःशुल्क करवा सकेंगे, स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रारंभिक स्तर पर रोगों की पहचान सुनिश्चित करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर स्थल पर एक विधिक सहायता स्टॉल स्थापित किया जाएगा, यहां नागरिकों को निःशुल्क विधिक परामर्श प्रदान किया जाएगा, किसी भी प्रकार के न्यायालयी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, भूमि संबंधी मामले, महिला उत्पीड़न, श्रमिक अधिकार, मोटर दुर्घटना दावा, भरण-पोषण, पेंशन या अन्य अधिकारों से संबंधित जानकारी आमजन प्राप्त कर सकेंगे साथ ही पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी दी जाएगी तथा आवश्यकता होने पर विधिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी आरंभ की जाएगी। उन्होने बताया कि अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुपेश रंजन जी के निर्देशन में इस मेगा शिविर के सफल आयोजन हेतु एक समिति का गठन किया गया है, ए.डी.जे. प्रथम अक्षय लाल सरोज को समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है, इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी सतेंद्र नाथ त्रिपाठी तथा पॉक्सो एक्ट के अपर जिला जज जितेंद्र मिश्रा समिति के सदस्य हैं, इनके मार्ग-दर्शन में समस्त व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि शिविर का संचालन सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। उन्होने बताया कि शिविर का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है, वर्तमान में प्री-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया संचालित है, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलेंटियर्स विभिन्न क्षेत्रों में लघु शिविर लगाकर संभावित लाभार्थियों का पंजीकरण कर रहे हैं तथा उनके द्वारा योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जा रहा हैं, अब तक चिन्हित किए गए लाभार्थियों को 22 फरवरी को आयोजित मेगा शिविर में योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया जाएगा।

### कांग्रेस ने अनुज को सौंपी विधि विभाग की प्रदेश कमान



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर संगठन की मजबूती पर जोर देने पर जुटी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की लखनऊ में चल रही मैराथन बैठकों के बीच हाइकोर्ट के अधिवक्ता व इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रनेता अनुज यादव को कांग्रेस विधि विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं विधि विभाग के चेयरमैन अली आसिफ जमा रिजवी ने संगठन को सुदृढ़ बनाने की अपेक्षा की है। अनुज यादव हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष हीरा लाल यादव के पुत्र है और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल राम नरेश यादव के पारिवारिक सदस्य है। अनुज यादव को विधि विभाग का प्रदेश सचिव बनाये जाने पर अधिवक्ताओं व कांग्रेसियों में खुशी की लहर है।

### एनजीआईटी शैक्षणिक संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रयागराज के एनजीआईटी शैक्षणिक संस्थान को नई दिल्ली के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह सम्मान आईएएस राजेश गोयल (ओएसडी, लोकसभा) तथा अन्य अतिथियों की उपस्थिति में संस्थान के एम डी जावेद सिद्दीकी को प्रदान किया गया। आयोजकों के अनुसार संस्थान को यह सम्मान युवाओं को तकनीकी एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के कार्यों के आधार पर दिया गया। समारोह के दौरान संस्थान प्रतिनिधि ने इसे शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों से जुड़े लोगों में लोकसेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चोपडा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती सुभाष राठी, वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षा विद ब्रम्ह प्रकाश तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव, कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, समाजसेवी अनुराधा, घनश्याम मास्टर सहित अनाम स्नेह, लोकसेवक मंडल,अखिल भारतीय महिला शाखा प्रयागराज ने संस्थान को बधाई दी।

# तीन दिवसीय बूट कैंप ऑन प्रॉब्लम सॉल्विंग एंड आइडिएशन संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आई.आई.सी. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय बूट कैंप ऑन प्रॉब्लम सॉल्विंग एंड आइडिएशन का तृतीय दिवस अत्यंत उत्साह, नवाचार एवं रचनात्मकता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम डॉ. कीर्ति राजे सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग, सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं जैविक खेती विषय पर आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षा डॉ. अनीता सिंह रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हेमलता पंत (सहायक प्राध्यापक ,प्राणी विज्ञान विभाग, सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, प्रयागराज) ने केंचुआ खाद निर्माण की वैज्ञानिक विधि, जैविक खेती के लाभ, मृदा उर्वरता में वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत कृषि एवं आत्मनिर्भर खेती की दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पल्लवी राय ने प्रस्तुत किया।द्वितीय सत्र इंटरएक्टिव सेशन एवं स्टूडेंट इनोवेशन पिच (स्टूडेंट आइडिया प्रेजेंटेशन एंड एक्सपर्ट मेंटरिंग सेशन) के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी एवं शोधपरक विचारों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस सत्र की अध्यक्षा प्रो. अमिता पांडेय रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. आलोक कुमार सिंह (वनस्पति विज्ञान), डॉ. मनोज जायसवाल (प्राणी विज्ञान) एवं डॉ. मोनिका सिंह (रसायन विज्ञान) शामिल रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के विचारों का मूल्यांकन करते हुए उन्हें उपयोगी सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस सत्र का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पल्लवी राय ने प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर वैलिडिक्टरी सेशन आयोजित किया गया। इस सत्र की मुख्य अतिथि प्रो. एच. के. केहरी रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता की दिशा में निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया तथा सतत विकास की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को तीन विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए–बेस्ट बॉटनिकल इनोवेशन अवार्ड, बेस्ट रिसर्च ओरिएंटेड आइडिया अवार्ड, बेस्ट इको-फ्रेंडली सॉल्यूशन अवार्डइन पुरस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, शोधपरक दृष्टिकोण एवं पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया गया।अंत में डॉ. दीपक कुमार गोंड ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, निर्णायकों, आयोजकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रकार तीन दिवसीय बूट कैंप का तृतीय दिवस उत्साह, सम्मान एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने विद्यार्थियों में समस्या-समाधान क्षमता, नवाचार सोच एवं शोध के प्रति रुचि को सुदृढ़ किया।

# सीखने की नई संस्कृति है स्कूल पेयरिंग एंड ट्विनिंग प्रोग्राम: अरविंद



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (जफराबाद)।** सरकार के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित स्कूल पेयरिंग एंड ट्विनिंग कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय स्कूलों में जाकर वहां की अन्य गतिविधियों एवं अन्य जानकारी को हासिल करना है। इसी क्रम में शुक्रवार को सिरकोनी विकासक्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर के 50 छात्र-छात्राओं की टीम ने उमानाथ सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरगंज का भ्रमण किया। उमानाथ सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों की देखरेख में बच्चो ने पुस्तकालय, रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला, भौतिकी प्रयोगशाला,जीव विज्ञान प्रयोगशाला, कंपोजिट प्रयोगशाला संगीत कक्ष एवं खेल के मैदान का अवलोकन किया। इस दौरान दोनों स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रसन्नता के साथ अपने-अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल पेयरिंग एवं ट्विनिंग कार्यक्रम नई शिक्षा नीति की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिससे बच्चे उच्च स्तरीय सुविधा से लैस स्कूलों में जाकर अपनी जानकारियों को नया आयाम देते है। पीएमसी कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ऐसे शैक्षिक भ्रमण बच्चों में सीखने की नई संस्कृति पैदा कर रहे हैं जिसके माध्यम से परिषदीय विद्यालय के बच्चे दूसरे श्रेष्ठ विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर ,उपलब्ध संसाधन ,शिक्षण तकनीकी एवं उनकी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हैं। शैक्षिक भ्रमण पर आए बच्चों का स्वागत करते हुए उमानाथ सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक शिवेंद्र सिंह ने सरकार की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाएंगे तथा बच्चों का इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## सूचना

मैं मो. खलील पुत्र स्व. यूसुफ निवासी वार्ड नं. 5 गाडीवान, कस्बा - भारतगंज, थाना-माण्डा, तहसील मेजा जनपद-प्रयागराज (उ.प्र.) अपने ज्येष्ठ पुत्र रुस्तम एवं उसकी पत्नी तबस्सुम बेगम को इनके गलत कृत्यों की वजह से अपने सम्पूर्ण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल काता हूँ। आज दिनांक 13. 02. 26 से मेरे और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से उनका कोई वास्तह्-सरोकार नहीं रहेगा। पुत्र रुस्तम मेरे आवास को यदि किसी व्यक्ति के साथ बेचने या खरीदने की एग्रीमेण्ट करेगा तो इसका मुझसे कोई वास्ता -सरोकार नहीं होगा। उसकी जिम्मेदारी स्वयं उस व्यक्ति की होगी।

मो. खलील पुत्र स्व. यूसुफ
निवासी वार्ड नं. 5 गाडीवान, कस्बा - भारतगंज, थाना-माण्डा, तहसील मेजा
जनपद- प्रयागराज (उ.प्र.)

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मुहम्मद कलाम इदरीसी था जिसको बदलकर मुहम्मद कलाम रख लिया है। अब मुझे मुहम्मद कलाम के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

मुहम्मद कलाम
पुत्र मुहम्मद खलील
168 मोहल्ला-कुन्दीगढ़ पोस्ट-सदर थाना-कोतवाली जनपद- आजमगढ़


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| --- | --- |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-LKO-PR-178-26-1 (Parking Premium) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.02.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-RDL-MX-90-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-GGJ-MX-158-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

500/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रिकॉर्ड हाई से फिसला विदेशी मुद्रा भंडार: एक हफ्ते में 6.7 अरब डॉलर की गिरावट, सोने की कीमतों में नरमी वजह

**नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार 6.7 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रह गया। सोने के भंडार में 14 अरब डॉलर की गिरावट आई है। हालांकि विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षा कवच माने जाने वाले विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले हफ्ते की ऐतिहासिक तेजी के बाद अब गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 बिलियन डॉलर घटकर 717.064 बिलियन डॉलर रह गया है।

यह गिरावट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके ठीक पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार ने 14.361 बिलियन डॉलर की भारी छलांग लगाई थी और यह 723.774 बिलियन डॉलर के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।



ताजा आंकड़ों में आई यह गिरावट मुख्य रूप से सोने के भंडार (गोल्ड रिजर्व) के मूल्य में आई भारी कमी के कारण है, जबकि विदेशी मुद्रा संपत्तियों में बढ़ोतरी देखी गई है।

**सोने के भंडार में बड़ी गिरावट**

आरबीआई के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि कुल भंडार में गिरावट का मुख्य कारण सोने के भंडार के मूल्यांकन में कमी आना है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान, गोल्ड रिजर्व का मूल्य 14.208 बिलियन डॉलर घटकर 123.476 बिलियन डॉलर रह गया। यह एक बड़ा सुधार है जो वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव को दर्शाता है।

**विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में उछाल**

दिलचस्प बात यह है कि कुल भंडार में गिरावट के बावजूद, इसका सबसे बड़ा घटक यानी विदेशी मुद्रा संपत्ति (एफसीए) मजबूत हुआ है। 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में एफसीए 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 बिलियन डॉलर हो गया। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की चाल का असर शामिल होता है, जो विदेशी मुद्रा भंडार में रखी जाती हैं। इसका अर्थ है कि अन्य प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की चाल ने इस घटक को सहारा दिया है।

**एसडीआर और आईएमएफ के रिजर्व का हाल**

आरबीआई ने अन्य घटकों के आंकड़े भी साझा किए हैं-

एसडीआर- विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 132 मिलियन डॉलर की गिरावट आई है, जिससे यह घटकर 18.821 बिलियन डॉलर रह गया है।

आईएमएफ की स्थिति- अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (इूस्क) के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 32 मिलियन डॉलर घटकर 4.715 बिलियन डॉलर हो गई है।

विदेशी मुद्रा भंडार में साप्ताहिक आधार पर उतार-चढ़ाव एक सामान्य प्रक्रिया है, जो मुख्य रूप से वैश्विक मुद्रा बाजार में अस्थिरता और आरबीआई द्वारा रुपए को संभालने के लिए किए गए हस्तक्षेप पर निर्भर करता है।

हालांकि 6.7 अरब डॉलर की गिरावट बड़ी लग सकती है, लेकिन 717 अरब डॉलर का स्तर अभी भी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत बफर है, जो लगभग एक साल के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है।

## वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में परिचालन से 843.8 करोड़ रुपये का राजस्व, सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग और विनिर्माण (मैन्यूफैक्चरिंग) क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएफआईएल) 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने के अनऑडिटेड वित्तीय नतीजों (फाइनेंशियल रिजल्ट्स) की घोषणा की है।कंपनी के वित्तीय नतीजों को लेकर बीएफआईएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर जसपाल सिंह चंडोक ने कहा-वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों के दौरान मांग में लगातार वृद्धि से कंपनी ने परिचालन से 843.8 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जो सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस दौरान एबिटा सालाना आधार पर 36.1 प्रतिशत की वृद्धि और 28.4 प्रतिशत के मार्जिन के साथ 239.6 करोड़ रुपये रहा। यह स्थिर लागत संरचना और ऑपरेटिंग लीवरेज के फायदों को दिखाता है। वहीं, पहले नौ महीने में शुद्ध लाभ 193.2 करोड़ रुपये रहा जो 22.6 प्रतिशत के पैट मार्जिन को दर्शाता है। यह प्रदर्शन अनुशासित क्रियान्वयन, मार्जिन में लचीलता और बालू फोर्ज के एकीकृत विनिर्माण प्लेटफॉर्म (मैन्यूफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म) को मजबूत किए जाने का नतीजा है।तिमाही के दौरान, हमने अधिक प्रभाव डालने वाली रणनीतिक परिसंपत्तियों का परिचालन शुरू किया जिससे कंपनी को अगले दशक के दौरान लगातार मजबूत वृद्धि हासिल करने में मदद मिलेगी। हाल ही में कमीशन की गई हमारी नई प्रिसिजन मशीनिंग फैसिलिटी का अब पूरी तरह व्यावसायीकरण कर दिया गया है जो अत्याधुनिक 7-एक्सिस और 11-एक्सिस सीएनसी मशीनिंग लाइन से लैस है।

यह क्षमता हमें विशेष मिश्रधातुओं (एलॉय) से अत्यंत जटिल घटकों का माइक्रोन-स्तर की सटीकता के साथ निर्माण करने में सक्षम बनाती है। इससे बालू फोर्ज को वैल्यू चेन में निर्णायक रूप बढ़त मिल रही है और मिशन-क्रिटिकल अनुप्रयोगों में हमारी भूमिका और बढ़ रही है।

## टीसीएस ने आयोजित किया एआई हैकथॉन

**मुंबई।** आईटी सेवाओं, कंसल्टिंग और व्यावसायिक समाधानों में वैश्विक अग्रणी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस ने एक अनोखी पहल करते हुए उन छात्रों के लिए दुनिया का पहला बड़ा AI हैकाथॉन आयोजित किया, जिन्हें कोडिंग या इंजीनियरिंग नहीं आती। पिछले 6 हफ्तों में 10 राज्यों के 22 कॉलेजों से 10,000 से ज्यादा छात्र इसमें शामिल हुए। ये छात्र आर्ट्स, कॉमर्स, नर्सिंग, खेती और कानून जैसे अलग-अलग विषयों से थे। छात्रों ने नौ भारतीय भाषाओं में उपलब्ध वॉयस-फर्स्ट एआई टूल का उपयोग किया। उन्होंने अपने क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं को चुना और सिर्फ 90 से 120 मिनट के अंदर उनके समाधान के मॉडल (प्रोटोटाइप) तैयार कर लिए। टीसीएस का लक्ष्य देश में डिजिटल साक्षरता बढ़ाना है ताकि गैर-तकनीकी छात्र भी एआई की इस बदलती दुनिया में पीछे न रहें और खुद को सशक्त बना सकें।

सैटेलाइट एडिशन की कामयाबी के बाद, अब इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में मुख्य टाटा भारत YUVAi हैकाथॉन आयोजित होगा, जिसमें करीब 2,000 छात्र हिस्सा लेंगे। इस इवेंट में तकनीक की मदद से छात्रों के काम पर नज़र रखी जाएगी और एआई के ज़रिए ही उनका टेस्ट होगा। यहाँ छात्रों को बड़े दिग्गजों और अधिकारियों के सामने अपने बनाए हुए मॉडल दिखाने का मौका मिलेगा। आधुनिक एआई का इस्तेमाल करके टीसीएस का लक्ष्य भारत में एक ऐसी वर्कफोर्स तैयार करना है जो डिजिटल रूप से कुशल हो और तकनीक के क्षेत्र में नई क्रांति ला सके। टीसीएस के एआई प्रैक्टिस के वीपी और हेड श्री अशोक क्रिश ने कहा, सॉफ्टवेयर बनाने के लिए कंप्यूटर साइंस की डिग्री की ज़रूरत नहीं है बस आपके अंदर सीखने की इच्छा और एआई का साथ होना चाहिए। यह हैकाथॉन हर बैकग्राउंड के छात्रों को अपनी भाषा में कुछ नया और असली बनाने का मौका देता है, ताकि वे इस आत्मविश्वास के साथ बाहर निकलें कि वे भी यह कर सकते हैं। इसी तरह हम स्किल्स की कमी को पूरा कर सकते हैं और डिजिटल उद्यमियों को तैयार कर सकते हैं। यह पहल टीसीएस के उस लक्ष्य को पूरा करती है जिसमें वह भारत में एक एआई-रेडी वर्कफोर्स तैयार कर दुनिया की सबसे बड़ी एआई-आधारित टेक्नोलॉजी कंपनी बनना चाहती है।

## नया स्वरूप, वैश्विक संकल्प- बिड़ला प्रिसिजन का दुनिया जीतने का नया आगा।

सीमाओं के पार बिड़ला की धमक- नई पहचान के साथ वैश्विक बाार में मबूत पैठ।

सिर्फ पहचान नहीं, एक नई उन- ग्लोबल मार्केट में दबदबा बनाने को तैयार बिड़ला प्रिसिजन।

बदला अंदा, वही अटूट विश्वास- अब दुनिया भर में गूंजेगा बिड़ला प्रिसिजन का नाम।

**कानपुर।** बिरला प्रिसिजन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (बीपीटीएल), जो परिशुद्धता अभियांत्रिकी और उत्पादनों में एक अग्रणी कंपनी है, उन्होंने अपने कारोबार की एक नई पहचान और दृष्टिकोण पेश किया है। यह कंपनी के अधिक प्राद्योगिकी आधारित, विविध और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनने की दिशा में रणनीतिक विकास का संकेत है। यह नई पहचान बिरला प्रिसिजन के भरोसे, विकास, नवीनता और उभरते उद्योग क्षेत्रों में विस्तार पर नए सिरे से केन्द्रित दृष्टिकोण को दिखाता है, साथ ही यह उन्नत उत्पादन और परिशुद्धता अभियांत्रिकी के प्रति अपनी विरासत और प्रतिबद्धता को भी बनाए रखता है।

विकसित दृष्टिकोण और भविष्य की दिशा पर टिप्पणी करते हुए, बिरला प्रेसिजन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के अध्यक्ष, श्री वेदांत बिरला ने कहा कि, ÷हमारी नई कारोबार की पहचान बिरला प्रिसिजन टेक्नोलॉजीज को एक विश्व स्तर पर भरोसेमंद, नवीनता आधारित परिशुद्धता अभियांत्रिकी कंपनी बनाने के लिए एक साहसिक, भविष्य उन्मुख दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो महत्वपूर्ण और उच्च-विकास वाले उद्योगों में उन्नत उत्पादन को सशक्त बनाती है। हम मेक इन इंडिया कार्यक्रम के प्रति अधिक प्रतिबद्ध हैं, जिसमें उन्नत उत्पादन और तकनीकी क्षमताओं में नियोजित निवेश के माध्यम से

## नया स्वरूप, वैश्विक संकल्प: बिड़ला प्रिसिजन का दुनिया जीतने का नया आगाज़

**सीमाओं के पार बिड़ला की धमक: नई पहचान के साथ वैश्विक बाज़ार में मज़बूत पैठ**

**सिर्फ पहचान नहीं, एक नई उड़ान: ग्लोबल मार्केट में दबदबा बनाने को तैयार बिड़ला प्रिसिजन**

**कानपुर।** बिरला प्रिसिजन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (बीपीटीएल), जो परिशुद्धता अभियांत्रिकी और उत्पादनों में एक अग्रणी कंपनी है, उन्होंने अपने कारोबार की एक नई पहचान और दृष्टिकोण पेश किया है। यह कंपनी के अधिक प्राद्योगिकी आधारित, विविध और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनने की दिशा में रणनीतिक विकास का संकेत है। यह नई पहचान बिरला प्रिसिजन के भरोसे, विकास, नवीनता और उभरते उद्योग क्षेत्रों में विस्तार पर नए सिरे से केन्द्रित दृष्टिकोण को दिखाता है, साथ ही यह उन्नत उत्पादन और परिशुद्धता अभियांत्रिकी के प्रति अपनी विरासत और प्रतिबद्धता को भी बनाए रखता है।

विकसित दृष्टिकोण और भविष्य की दिशा पर टिप्पणी करते हुए, बिरला प्रेसिजन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के अध्यक्ष, श्री वेदांत बिरला ने कहा कि, हमारी नई कारोबार की पहचान बिरला प्रिसिजन टेक्नोलॉजीज को एक विश्व स्तर पर भरोसेमंद, नवीनता आधारित परिशुद्धता अभियांत्रिकी कंपनी बनाने के लिए एक साहसिक, भविष्य उन्मुख दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो महत्वपूर्ण और उच्च-विकास वाले उद्योगों में उन्नत उत्पादन को सशक्त बनाती है। हम मेक इन इंडिया कार्यक्रम के प्रति अधिक प्रतिबद्ध हैं, जिसमें उन्नत उत्पादन और तकनीकी क्षमताओं में नियोजित निवेश के माध्यम से महाराष्ट्र में अपनी उत्पादन सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। विकास का यह अगला चरण बाज़ार में नेतृत्व हासिल करते हुए दीर्घावधि और स्थायी मूल्य बनाने पर केंद्रित है। इन रणनीतिक निवेशों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य टियर 1, टियर 2 और टियर 3 शहरों में बड़े और साथ ही एमएसएमई ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले, विश्वसनीय और परिशुद्धता संचालित समाधानों के साथ समर्थन करना है।

बिरला प्रिसिजन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के व्यवस्थापकीय संचालक, श्री रविंदर चंदर प्रेम ने कहा कि, बिरला प्रिसिजन ने दशकों से ग्राहकों का भरोसा जीता है, और हमारे विकास का अगला चरण इस बात पर केंद्रित है कि हम सुनिश्चित/परिशुद्धता उपायों का कैसे प्रबंध, उत्पादन और प्रदान करते हैं। हमारे नए दृष्टिकोण के साथ, हमारा ध्यान अपनी उत्पादन क्षमताओं को बेहतर बनाने, उत्पादन संबंधी मूलभूत सुविधा को उन्नत करने और विभिन्न उद्योगों की बदलती मांगों के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपनी तकनीकी विशेषज्ञता को गहरा करने पर है।

## देश की पहली सांस्कृतिक क्रिकेट लीग सनातन प्रीमियर लीग का ट्रायल शुरू



**लखनऊ।** क्रिकेट, संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनूठे संयोजन के साथ सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल SPL) का पहला सीजन मार्च 2026 में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में अब लखनऊ में 14 और 15 फरवरी 2026 को निःशुल्क ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ये ट्रायल यॉर्कर क्रिकेट एकेडमी, लखनऊ में होंगे, जहां बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एसपीएल के संस्थापक विजय शर्मा हैं, जबकि सह-संस्थापक देव जोशी और आनंद मिश्रा हैं। लीग का आयोजन सनातन क्रिकेट क्लब द्वारा किया जा रहा है। लीग का उद्देश्य ऐसे युवाओं तक पहुंचना बताया गया है, जो क्रिकेट से जुड़े तो रहते हैं, लेकिन कई बार जीवन मूल्यों और सामाजिक दिशा से भटक जाते हैं। आयोजकों का मानना है कि खेल को सही मार्गदर्शन और उद्देश्य मिले, तो यह समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

एसपीएल के ट्रायल देश के प्रमुख शहरों में आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद वे 12 से 15 मार्च के बीच इंदौर में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। लीग का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देना है। मैचों का प्रसारण प्रमुख स्पोर्ट्स चैनलों और ह्ज्ञ्ज्ञ प्लेटफॉर्म्स पर किए जाने की बात कही गई है। लीग को कई संतों और आध्यात्मिक गुरुओं का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त है। इनमें जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज, पूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज, पूज्य पंडित श्री प्रदीप मिश्रा जी, पूज्य चिन्मयानंद बापू जी महाराज, पूज्य श्री इंद्रेश उपाध्याय जी महाराज और पूज्य श्री अनिरुद्धाचार्य जी महाराज शामिल हैं। आयोजकों का कहना है कि यह पहल केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा अभियान है।

## इंटेलक्ट का पर्पल फैब्रिक भारत का निर्णय-केंद्रित ओपन बिजनेस इम्पैक्ट एआई प्लेटफॉर्म, अब एंटरप्राइज एआई ऑन टैप के रूप में उपलब्ध

**चेन्नई।** एआई-फर्स्ट, एंटरप्राइज-ग्रेड फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी, इंटेलक्ट डिज़ाइन एरिना लिमिटेड ने आज घोषणा की कि पर्पल फैब्रिक, भारत का निर्णय-केंद्रित फुल-स्टैक ओपन बिजनेस इम्पैक्ट एआई प्लेटफॉर्म, अब 99,500 प्रति माह पर एंटरप्राइज एआई ऑन टैप के रूप में उपलब्ध है। यह 50 उपयोगकर्ताओं तक को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर के बोझ के बिना बिजनेस इम्पैक्ट एआई को तैनात और स्केल करने में सक्षम बनाता है। यह कदम विश्वसनीयता-प्रथम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को प्रमाणित, भरोसेमंद, गवर्नेंस-रेडी संस्थागत इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में स्थापित करता है। इंटेलक्ट के समर्पित एंटरप्राइज एआई रिसर्च प्रोग्राम द्वारा 2016 से भारत में संकल्पित और इंजीनियर किया गया पर्पल फैब्रिक, संस्थानों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपनाने के तरीके में एक संरचनात्मक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। वैश्विक दुनिया के लिए भारत में निर्मित, यह प्लेटफॉर्म हमारे देश को केवल एआई तकनीक के उपभोक्ता के रूप में नहीं, बल्कि भरोसेमंद एंटरप्राइज एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माता के रूप में पेश करता है। मिड-मार्केट उद्यमों, वित्तीय संस्थानों, आईटी सेवा फर्मों, शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र और सरकारी वातावरण के लिए डिज़ाइन किया गया पर्पल फैब्रिक, संगठनों को बड़े आंतरिक एआई विभाग बनाने या पूंजी-गहन इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध हुए बिना कॉन्सीक्वेंस-अवेयर (परिणाम-जागरूक) एआई तैनात करने में सक्षम बनाता है।

एआई क्षमता अब बाधा नहीं है; विश्वसनीयता है, इंटेलक्ट डिज़ाइन एरिना के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर और पर्पल फैब्रिक के चीफ आर्किटेक्ट अरुण जैन ने कहा। उद्यम इसलिए नहीं हिचकिचाते क्योंकि एआई कमजोर है; वे इसलिए हिचकिचाते हैं क्योंकि एआई को कार्य करने का अधिकार अर्जित करना चाहिए। पर्पल फैब्रिक इसी सिद्धांत के इर्द-गिर्द बनाया गया है। संगठन प्रयोग से आगे बढ़ रहे हैं - उन्हें अब निर्णय-केंद्रित, भरोसेमंद एआई की आवश्यकता है जो वास्तविक निर्णयों के साथ भरोसा करने के लिए पर्याप्त सुरक्षित हो। पर्पल फैब्रिक को प्रमाणित, गवर्नेंस-रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में इंजीनियर किया गया है जहां विश्वसनीयता, ऑडिटेबिलिटी और पारदर्शिता आर्किटेक्चर में ही निर्मित हैं, न कि बाद में जोड़ी गई। यह संस्थानों को वित्त, स्वास्थ्य सेवा, शासन और अन्य मिशन-महत्वपूर्ण डोमेन में विश्वास के साथ एआई तैनात करने की अनुमति देता है जहां परिणाम मायने रखते हैं। एंटरप्राइज एआई का भविष्य उन प्लेटफार्मों का होगा जिन पर संगठन हर दिन भरोसा कर सकें, न केवल उत्तर उत्पन्न करने के लिए, बल्कि जवाबदेह निर्णयों का समर्थन करने के लिए।

पर्पल फैब्रिक एआई को प्रयोगात्मक क्षमता से संस्थागत इंफ्रास्ट्रक्चर में बदल देता है। जबकि वैश्विक एआई को अपनाने में तेजी से विस्तार हुआ है, उद्यमों को अभी भी विश्वसनीयता की बाधाओं, गवर्नेंस की कमियों और अप्रत्याशित लागतों का सामना करना पड़ता है जब एआई को वास्तविक दुनिया के विनियमित वर्कफ़्लो पर लागू किया जाता है। अधिकांश प्रोबेबिलिस्टिक एआई सिस्टम गति और प्रवाह के लिए अनुकूलित होते हैं, फिर भी उद्यम ऐसे वातावरण में काम करते हैं जहां निर्णयों के नियामक, वित्तीय और सामाजिक परिणाम होते हैं।

पर्पल फैब्रिक एक निर्णय-केंद्रित आर्किटेक्चर पेश करता है जो नियतात्मक एंटरप्राइज नॉलेज गवर्नेंस, संदर्भ-बद्ध तर्क, मापने योग्य विश्वसनीयता सीमा और पूर्ण निर्णय ऑडिटेबिलिटी को लागू करता है।

## भारत में सैमसंग के अगले एआई स्मार्टफोन का प्री-रिज़र्वेशन शुरू

**गुरुग्राम।** देश की प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने अगले एआई स्मार्टफोन के लिए भारत में प्री-रिज़र्वेशन की घोषणा कर दी है। इस नई गैलेक्सी स सीरीज़ स्मार्टफोन को 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को में आयोजित 'गैलेक्सी अनपैक्ड' कार्यक्रम में पेश किया जाएगा। ग्राहक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि देकर नए गैलेक्सी S सीरीज़ डिवाइस को प्री-रिज़र्व कर सकते हैं। प्री-रिज़र्वेशन Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in, Flipkart.com और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। प्री-रिज़र्व करने वाले ग्राहकों को नए गैलेक्सी S सीरीज़ डिवाइस की खरीद पर 2,699 रुपये तक के विशेष लाभ मिलेंगे।कंपनी के अनुसार, नई गैलेक्सी स सीरीज़ को इस तरह तैयार किया गया है कि रोज़मर्रा के काम आसान हों, यूजर का आत्मविश्वास बढ़े और गैलेक्सी एआई फीचर्स शुरू से ही सहज और स्वाभाविक अनुभव दें।

## प्यार की एक नई भाषा: वैलेंटाइन का उपहार जो देखभाल और सच्ची भावना को दर्शाए



**नई दिल्ली।** वैलेंटाइन डे अब सिर्फ बड़े दिखावे या एक दिन के जश्न तक सीमित नहीं रह गया है। आज गिफ्ट देना ज्यादा व्यक्तिगत, सोच-समझकर और रोज़मर्रा की परवाह से जुड़ा गया है। लोग अब सिर्फ अपने जीवनसाथी ही नहीं, बल्कि दोस्तों, परिवार और खुद को भी इस दिन खास महसूस कराना चाहते हैं। ऐसे में लोग ऐसे उपहार पसंद कर रहे हैं जो दिल से जुड़े हों और रोज़मर्रा के काम भी आएं। इसी बदलाव के साथ अब लोग चॉकलेट और फूलों से आगे बढ़कर नए और बेहतर विकल्प चुन रहे हैं। कैलिफोर्निया बादाम एक समझदारी भरा गिफ्ट विकल्प बनकर उभर रहे हैं जो बेहतरीन स्वाद के साथ रोज़ की सेहत का भी ख्याल रखते हैं। ये आसानी से दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाते हैं, जिससे यह ऐसा तोहफा बनता है जो वैलेंटाइन डे के बाद भी लंबे समय तक खास बना रहता है।

प्राकृतिक रूप से पोषक तत्वों से भरपूर और कई तरह से उपयोगी, कैलिफोर्निया बादाम आसानी से रोज़मर्रा की दिनचर्या में शामिल हो जाते हैं, खासकर सुबह की शुरुआत में। भीगे हुए बादाम, स्मूदी या नाश्ते के बाउल में इन्हें जोड़ा जा सकता है। ये संतुलित और बेहतर जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं। बादाम उपहार में देना इस बात का सरल तरीका है कि आपकी परवाह सिर्फ एक दिन के लिए नहीं, बल्कि हर दिन के लिए है।

**हर सुबह परवाह का एहसास देने वाला एक तोहफा**

छोटी और नियमित आदतें अक्सर बड़ा बदलाव लाती हैं, और सुबह पूरे दिन की दिशा तय करती है। सुबह की दिनचर्या में कैलिफोर्निया बादाम शामिल करना पोषण और ऊर्जा पाने की एक आसान शुरुआत है। प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट सहित 15 जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर बादाम रोज़ की सेहत के लिए सरल और असरदार विकल्प हैं। ऋतिका समद्दार, रीजनल हेड - डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली, ने कहा, मैं अक्सर दिन की शुरुआत कैलिफोर्निया बादाम से करने की सलाह देती हूँ, क्योंकि इसमें प्रोटीन और आहार फाइबर अच्छी मात्रा में होते हैं। सुबह नियमित रूप से बादाम खाने से ब्लड शुगर को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है, फास्टिंग इंसुलिन स्तर संतुलित रखने में सहायक हो सकता है और लंबे समय तक पेट भरा महसूस होने से वजन प्रबंधन में भी मदद मिलती है।

## पोवा कर्व 2 स्लिम फ्यूचरिस्टिक डिज़ाइन में ज़बरदस्त बैटरी पावर के साथ ऑफिशियली लॉन्च हुआ



**लखनऊ।** भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पोवा कर्व 2 स्लिम फ्यूचरिस्टिक डिज़ाइन में ज़बरदस्त बैटरी पावर के साथ अधिकृत रूप से लांच किया गया है। पोवा ने हमेशा स्मार्टफोन को पहचान का बैज माना है, जिसे खास तौर पर बोल्ड इंडियन स्पिरिट के लिए बनाया गया है। जहां ओरिजिनल पोवा कर्व ने अपने इनोवेटिव एस्थेटिक्स से नया ट्रेंड शुरू किया, वहीं पोवा कर्व 2 एक बड़ी छलांग है। स्पेसक्राफ्ट इंजीनियरिंग की शानदार सटीकता से प्रेरित होकर, यह 'कूल' फैक्टर को कुछ ज़्यादा शार्प और सोफिस्टिकेटेड बनाता है, एक लॉन्चपैड-रेडी डिज़ाइन जो भीड़ में सबसे अलग दिखने के लिए बनाया गया है।

लॉन्च पर बोलते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, मिस्टर अरिजीत तलपात्रा ने कहा, ÷ पोवा एक सीरीज़ के तौर पर हमेशा लिमिट्स को आगे बढ़ाने और यूज़र की असली दिक्कतों को हल करने के लिए जानी जाती है। पोवा कर्व 2 के साथ, हमने फिर से सोचा है कि रोज़ाना की पावर कैसी दिखनी और महसूस होनी चाहिए।

लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और इंटेलिजेंट एआई जो सच में रोज़ाना की ज़िंदगी को सपोर्ट करता है, से लेकर मुश्किल हालात में भी भरोसेमंद कनेक्टिविटी तक हर चीज़ को सोच-समझकर बनाया गया है। साथ ही, हमने इस परफॉर्मेंस को स्पेसक्राफ्ट की सटीकता से प्रेरित एक पावरफुल लेकिन स्लिम डिज़ाइन में लपेटा है। पोवा कर्व 2 उन कस्टमर्स के लिए बनाया गया है जो उम्मीद करते हैं कि उनका स्मार्टफोन उनकी स्पीड के साथ चले आसानी से, स्टाइलिश तरीके से और बिना किसी कॉम्प्रोमाइज़ के।

## चार दिवसीय समागम प्रदर्शनी में सेरा सैनिटरीवेयर लिमिटेड ने अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित किया

**लखनऊ।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती होम सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी सेरा सैनिटरीवेयर लिमिटेड का उद्देश्य सेरा के डिजाइनों के माध्यम से जीवनशैली में बदलाव लाकर आपकी आकांक्षाओं को साकार करना है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित चार दिवसीय समागम प्रदर्शनी में सेरा सैनिटरीवेयर लिमिटेड ने अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित किया है।

सेरा सैनिटरीवेयर लिमिटेड के डीजीएम सेल्स शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि गांवों में जलजीवन मिशन शुरू होने से सैनिटरीवेयर प्रोडक्ट की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है। लग्जरी के साथ ही मध्यम वर्ग के लिए भी प्रोडक्ट उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 70 स्टोर है और अगले 2 वर्षों में इसको 100 करने का लक्ष्य है।

सेरा सैनिटरीवेयर लिमिटेड के नेशनल सेल्स मैनेजर केदार आप्टे ने




बताया, सेरा सैनिटरीवेयर लिमिटेड भारत की एक प्रमुख और अग्रणी बिल्डिंग मटेरियल कंपनी है, जो 1980 से सैनिटरीवेयर, फैसेट (नल) और टाइल्स के क्षेत्र में काम कर रही है। गुजरात के कडी में स्थित इसके अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र में 3ष्ठ प्रिंटिंग और रोबोटिक तकनीक का उपयोग किया जाता है। सेरा सैनिटरीवेयर, फैसेट और वेलनेस (बाथटब, शावर पैनल) उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है।

इसमें सैनिटरीवेयर, नल, टाइल्स, बाथटब और किचन सिंक शामिल हैं। यह उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए जानी जाती है और इसके ब्रांडों में सेरा, सीनेटर और SVA शामिल हैं।

सतत विकास, अत्याधुनिक तकनीक और उभरते रुझानों को अपनाते हुए, नवीन और उच्च गुणवत्ता वाले बाथरूम समाधान प्रदान करना, साथ ही ग्राहक-केंद्रितता को बढ़ावा देना, ब्रांड इक्विटी को बढ़ाना और जन और लक्जरी दोनों बाजारों में महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करना कंपनी का लक्ष्य है।

# नकलबिहीन परीक्षा को लेकर बैठक में प्रभारी डीएम ने कसे पेंच

**बोर्ड परीक्षा**

- विषय से संबंधित शिक्षक नहीं बनेंगे कक्ष निरीक्षक
- परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित


बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक करती प्रभारी जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रभारी जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों के प्रबंधक/प्राचार्यो के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा संबंधी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रभारी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्ट्रांग रूम की व्यवस्था शासन के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। प्रश्नपत्र प्राप्त होते ही उन्हें डबल लॉक अलमारी में सुरक्षित रखा जाए तथा डबल लॉक प्रणाली को खोलने एवं बंद करने की प्रक्रिया निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही संपादित की जाए। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रहें तथा उनकी रिकॉर्डिंग और लॉग बुक में अंकित विवरणों का शत-प्रतिशत मिलान किया जाए। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी जिलाधिकारी ने प्रश्नपत्र खोलने की प्रक्रिया पर स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय से पूर्व प्रश्नपत्र न खोले जाएं। प्रश्नपत्र खोलते समय सावधानी बरती जाए कि वे क्षतिग्रस्त न हों। किसी भी दशा में गलत प्रश्नपत्र न खोला जाए तथा शेष सामग्री का नियमानुसार सुरक्षित निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट भरने की विधि के संबंध में स्पष्ट जानकारी दी जाए, जिससे त्रुटियों की संभावना समाप्त हो सके। विद्यालयी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ एवं कार्यशील शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश, पंखे एवं विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई, बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा आपात स्थिति के लिए वैकल्पिक बिजली व्यवस्था भी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि जिस विषय की परीक्षा होगी उस विषय से सम्बंधित अध्यापक की डियूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में नही होगी। दिव्यांग (विकलांग) परीक्षार्थियों के संबंध में विशेष निर्देश देते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे परीक्षार्थियों के लिए रैम्प की व्यवस्था, भूतल पर कक्ष आवंटन, पृथक शौचालय सुविधा तथा आवश्यकता अनुसार लेखक (स्क्राइब) की व्यवस्था शासनादेश के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। दिव्यांग परीक्षार्थियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाया जाए, ताकि वे बिना किसी बाधा के परीक्षा दे सकें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों पर इनविजीलेटर्स के साथ बैठक कर उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दी जाएं।

परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि परीक्षा के दौरान किसी के पास मोबाइल पाया जाता है तो संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के दौरान प्राचार्यगणों द्वारा परीक्षा तैयारियों के संबंध में उठाई गई जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय एवं सजगता के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराएंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील केंद्रों की निगरानी एवं परीक्षा अवधि में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कुशीनगर में स्थापित होगी केले की टिशू कल्चर लैब

- किसानों को मिलेंगे उन्नत किस्म के केले के पौधे, बढ़ेगी आय और खुशहाली

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि और बागवानी को बढ़ावा देने के क्रम में जनपद कुशीनगर के कसया स्थित राजकीय आलू फार्म पर केला टिशू कल्चर लैब की स्थापना की जा रही है।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कुल 401.75 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से 223.54 लाख रुपये निर्माण कार्य और 178.21 लाख रुपये मशीनरी व उपकरणों के लिए आवंटित किए गए हैं। इस लैब की स्थापना से क्षेत्र के केला उत्पादक किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले रोगमुक्त पौधे स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे उनकी उत्पादन लागत में कमी आएगी और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य


कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

जनपद कुशीनगर में केले की खेती को वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ना है। कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि वर्तमान में किसानों को उन्नत टिशू कल्चर पौधों के लिए अन्य राज्यों या दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे परिवहन के दौरान पौधों के खराब होने का डर और अधिक व्यय होता था। अब स्थानीय स्तर पर लैब स्थापित होने से किसानों को समय पर स्वस्थ और अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के पौधे प्राप्त होंगे। यह लैब न केवल केले की गुणवत्ता में सुधार करेगी, बल्कि निर्यात योग्य फसल तैयार करने में भी सहायक सिद्ध होगी, जिससे एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) अभियान को भी नई गति मिलेगी। परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (UPRNSS) को सौंपी गई है।

कुशीनगर के कसया में ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) पोटैटो के अतिरिक्त घटकों के लिए भी 70.86 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इस प्रकार कुल 472.61 लाख रुपये की संयुक्त वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया गतिमान है। इन सुविधाओं के विकसित होने से कुशीनगर और आसपास के जनपदों के हजारों किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि यह लैब तकनीकी हस्तांतरण का केंद्र बनेगी, जहां किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण भी दिया जा सकेगा।

लैब के माध्यम से तैयार पौधे कीट और रोगों के प्रति सहनशील होंगे, जिससे कीटनाशकों पर होने वाला खर्च कम होगा और किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि होगी। सरकार का यह कदम कुशीनगर को केले के उत्पादन और प्रसंस्करण के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## कप्तानगंज ब्लॉक का सीडीओ ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** विकास खण्ड कप्तानगंज में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी ब्लाक पहुंच कर अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक कर विस्तृत जानकारी ली तथा सरकारी योजनाओं के संदर्भ में खण्ड विकास अधिकारी से वार्ता करने के उपरांत विभागीय कार्यालयों में जाकर गहन निरीक्षण की। मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड कार्यालय पहुंची तो खण्ड विकास अधिकारी अमरनाथ नाथ पाण्डेय अपने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ स्वागत किया। उसके उपरांत सी डी ओ एक आवश्यक बैठक ब्लॉक के अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार की मंशा के अनुसार विभिन्न योजनाएं को पूर्ण रूप से हर पात्र व्यक्तियों को कार्य करने का निर्देश दी साथ ही जन्म व मृत्यु प्रमाण,व परिवार व रजिस्टर को समय से बनाए जाएं जाने की बात कही साथ ही पेंशन विकलांग पेंशन वृद्धा पेंशन, जी राम जी योजना, प्रधानमंत्री आवास आदि योजनाओं का लाभ पात्रों को हर हाल में दिए जाने की कही।

## दौड़ एवं लंबी कूद प्रतियोगिता में शिवांश सिंह और पावनी कसेरा ने मारी बाजी

**अवधनामा संवाददाता, अमेठी ।** संजय गांधी पॉलिटेक्निक के क्रीड़ास्थल पर आयोजित वार्षिक खेलकूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 400 मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग से शिवांश सिंह तथा बालिका वर्ग से पावनी कसेरा ने तीनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग से सूरज कुमार गौतम एवं बालिका वर्ग से गुलिस्ता खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अनुराग तथा बालिका वर्ग में सावित्री ने अव्वल स्थान हासिल किया। वहीं ऊंची कूद प्रतियोगिता में अर्चित पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य राम रतन द्वारा किया गया।

## एक माह से थानेदार की कुर्सी खाली, फरियादी परेशान

- यूपी-बिहार सीमा पर स्थित है थाना सेवरही

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** यूपी-बिहार सीमा पर स्थित अत्यंत संवेदनशील सेवरही थाना में विगत एक माह से थानेदार (प्रभारी निरीक्षक) का पद रिक्त चल रहा है। इसके चलते दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं लंबित मुकदमों के अनुसंधान कार्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग एक माह पूर्व बतौर प्रभारी निरीक्षक यहां तैनात हुए आनंद गुप्ता के विरुद्ध महराजगंज जिला में पूर्व तैनाती के दौरान किसी प्रकरण में चल रही जांच के आधार पर कार्रवाई हो गई। परिणामस्वरूप पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें सेवरही से हटाया गया। उनके स्थानांतरण के बाद थानेदार के सीयूजी मोबाइल की जिम्मेदारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह को सौंप दी गई। इसी बीच स्थानांतरण पर क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद यादव की सेवरही थाने में आमद हुई, जिसके बाद सीयूजी मोबाइल उनके सुपुर्द कर दिया गया। तत्पश्चात जनवरी माह में बड़े पैमाने पर हुए दरोगाओं के तबादलों (लगभग 50 उपनिरीक्षक) में एसएसआई राजेंद्र सिंह का भी अन्य थाने पर स्थानांतरण हो गया।वर्तमान में थाने की कमान क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद यादव के हाथों में है, जिन्हें अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य संचालन कराया जा रहा है। किंतु स्थायी थानेदार की नियुक्ति न होने से प्रशासनिक निर्णय, जनसुनवाई और विवेचना कार्य प्रभावित हो रहे हैं।स्थानीय लोगों एवं फरियादियों ने शीघ्र स्थायी प्रभारी निरीक्षक की तैनाती की मांग की है, ताकि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अनुसंधान कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस सम्बन्ध में तमकुहीराज के नवागत क्षेत्राधिकारी जयंत यादव का कहना है कि मेरी जानकारी में यह है, उच्च अधिकारियों से इस संबंध में बात करूंगा।

## निराश्रित पशुओं के हमले से हुई किसान की मौत पर विधायक ने व्यक्त की संवेदना

- सदन की कार्यवाही के बाद पर्यावरण मंत्री से मिलकर पशुओं की सुरक्षित स्थान छोड़े जाने की मांग किया

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के भिस्वा बाजार निवासी स्व. मल्लू प्रजापति की निराश्रित गोवंश के हमले में हुई मृत्यु एवं मिटठू के घायल होने की घटना पर क्षेत्र में शोक एवं चिंता का वातावरण है। यह अत्यंत दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। घटना की जानकारी मिलते ही हाटा के विधायक मोहन वर्मा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने घायल मिटठू भाई के समुचित उपचार हेतु बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से वार्ता कर बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बता दें कि सदन की कार्यवाही के


पर्यावरण मंत्री से मिलते हाटा विधायक

दौरान विधायक मोहन वर्मा ने वन एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री अरुण सक्सेना से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री सक्सेना जी ने संभागीय वन अधिकारी को निर्देशित किया है कि निराश्रित पशुओं एवं जंगली जानवरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान (कोप जंगल) में छोड़ा जाए तथा संबंधित क्षेत्र का दौरा कर संवेदनशील स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जाए।

विधायक ने कहा कि मृतक के परिजनों एवं घायल को शासन स्तर से हरसंभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## महाशिवरात्रि को लेकर डीएम और एसपी ने किया शिवालयों का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से तहसील तिलोई अंतर्गत तपेश्वर नाथ धाम तथा तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत श्री दण्डेश्वर नाथ धाम का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा जनपदवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था पेयजल स्वच्छता आवागमन पार्किंग तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि पर संभावित भीड़ को देखते हुए पर्याप्त बैरिकेडिंग साफ-सफाई पेयजल व्यवस्था अस्थायी शौचालय एवं चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा।

# राज दरबार की जमीन हेराफेरी मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष के दो बेटों का भी नाम

- खड्डा के रोहुआ नाला पुल घोटाले के बाद फिर चर्चा में जिपं अध्यक्ष का परिवार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सीबीआई जांच में दोषी पाए गए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल का परिवार बार फिर चर्चा में आ गया है। कोर्ट के आदेश पर पडरौना कोतवाली में प्रदीप जायसवाल के दो बेटों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। इसमें राजदरबार की जमीन की हेराफेरी का मामला सामने आया है। इसके पूर्व खड्डा क्षेत्र में मनरेगा से बने रोहुआ पुल के घोटाले के मामले में सीबीआई प्रदीप जायसवाल समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। यह मामला वर्तमान में सीबीआई न्यायालय लखनऊ में विचाराधीन है। वर्तमान में प्रदीप जायसवाल की पत्नी सावित्री जायसवाल जिला पंचायत अध्यक्ष हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रहते प्रदीप जायसवाल ने नियम-कानूनों को दरकिनार कर खड्डा ब्लॉक के रोहुआ नाले पर 68.93 लाख रुपये की लागत से पुल निर्माण की स्वीकृति दी थी। निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी के चलते 20 फरवरी वर्ष 2011 को पुल ढह गया था। पुल के निर्माण में मनरेगा का धन खर्च हुआ था। मामले ने तूल पकड़ा तो जिला प्रशासन ने खड्डा थाने में धोखाधड़ी, कूटरचना, गबन सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में यह मामला उत्तर प्रदेश आर्थिक अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया। यह मामला लंबे समय तक ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने कुशीनगर सहित प्रदेश के सात जिलों में वर्ष 2007 से 2010 के बीच हुए मनरेगा कार्यों में कथित घोटालों की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। फरवरी 2014 में ईओडब्ल्यू वाराणसी से यह मुकदमा सीबीआई को हस्तांतरित हुआ। जांच के बाद सीबीआई टीम ने प्रदीप जायसवाल सहित कई लोगों को दोषी पाया।

फरवरी 2015 में सीबीआई के तत्कालीन डीएसपी पीके श्रीवास्तव ने प्रदीप जायसवाल को गिरफ्तार कर सीबीआई अदालत लखनऊ में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। बाद में जमानत पर रिहा हुए थे। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने साक्ष्यों के आधार पर प्रदीप जायसवाल सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। पिछले दिनों पडरौना कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल के बेटे डुम्मरभार गांव निवासी गिरिजेश कुमार जायसवाल, संजीव कुमार जायसवाल समेत 15 लोगों पर दस्तावेजों में हेराफेरी कर राजदरबार की जमीन की खरीद फरोख्त की प्राथमिकी दर्ज की है।

**दबाव में आई कोतवाली पुलिस, एफआर की तैयारी**

कोर्ट के आदेश पर जिन 15 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज है, वे प्रभावशाली हैं और सत्ता के करीब रहने वाले लोग हैं। सूत्रों के मुताबिक मुकदमे में एफआर लगाने का खाका कोतवाली पुलिस ने तय कर लिया है। इसकी चर्चा शहर में आम है। कोतवाल हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि सुरेंद्र यादव के मुकदमे में दम नहीं है। इसमें एफआर लग जाएगी, पहले दर्ज प्राथमिकी ही सही है।

> खड्डा के रोहुआ पुल मामले में इंडी ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट लगा दी है और सीबीआई का मामला कोर्ट में लंबित है, जिसका निस्तारण होगा। जमीन के मामले में हुई कार्रवाई गलत है और पुलिस जांच कर रही है।
>
> **पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल**

> कोर्ट के आदेश पर प्राथमिक दर्ज हुई है और इसकी विवेचना चल रही है, जिसमें साक्ष्य के आधार पर बाकी तथ्य शामिल किए जाएंगे।
>
> **अजय कुमार सिंह, सीओ पडरौना**

## पूसा कृषि विज्ञान मेले में प्रतिभाग को आवेदन 20 तक

**अमेठी ।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद में संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत कृषकों के भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के बाहर भी आयोजित कराए जाते हैं। इसी क्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली द्वारा सूचित किया गया है कि संस्थान में 25 से 27 फरवरी 2026 तक पूसा कृषि विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद अमेठी के कृषकों को उक्त मेले में प्रतिभाग कराया जाएगा। मेले में उन्नत कृषि तकनीकों नवीन किस्मों आधुनिक कृषि यंत्रों जैविक खेती फसल संरक्षण एवं कृषि आधारित उद्यमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी जिससे कृषकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि पूसा नई दिल्ली में आयोजित किसान मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक कृषक अपना आवेदन 20 फरवरी 2026 तक संबंधित विकासखण्डों में स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडार के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 24 फरवरी 2026 को जनपद से कृषकों का दल मेले में प्रतिभाग करने हेतु रवाना किया जाएगा।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



**बस्ती।** हरैया पुलिस ने बीते 11 फरवरी को कस्बा हरैया से चोरी हुए मोटरसाइकिल के आरोपी को मुखबिर की सूचना पर बीती रात खम्हरिया गंगाराम पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की हीरो मोटर साइकिल गाड़ी संख्या-UPyz-AJ|398 बरामद किया है। इस मामले में हरैया पुलिस ने गिरफ्तार थाना क्षेत्र के ही वार्ड नंबर 6 अंबेडकर नगर निवासी रोहित पुत्र रामचंद्र को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया । गिरफ्तार आरोपी रोहित पर जनपद के विभिन्न थानों में आठ मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जावेद खान, आरक्षी शिव यादव, आरक्षी धर्मेंद्र कुमार और आरक्षी बिंद्रेश साहनी शामिल रहे।

## कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ संग्राम पद यात्रा




**बस्ती।** गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व और पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. आलोक रंजन वर्मा के संयोजन में गोटवा से ' मनरेगा बचाओ संग्राम पद यात्रा' निकाली गई। यात्रा गोटवा से चलकर गनेशपुर होते हुये विभिन्न मार्गो से गांधी कला भवन पहुंची। बापू प्रतिमा के समक्ष यात्रा का समापन हुआ। सुदामागंज, गनेशपुर और शंकरपुर चौराहा पर नुक्कड सभाओं में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के नीति, कार्यक्रम पर निशाना साधा। कहा कि यह पूंजीपतियों की सरकार है जिसमें गरीब, किसान हाशिये पर हैं।कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर नया कानून लाकर मोदी सरकार ने ''बुलडोजर चलाकर'' मनरेगा को खत्म किया। कांग्रेस इसे स्वीकार नहीं करेगी और गरीबों, कृषि मजदूरों के हक हकूक को लेकर आन्दोलन जारी रहेगा। डा. आलोक रंजन वर्मा ने कहा कि हम मोदी सरकार द्वारा मनरेगा कानून को बदल देने के इस कदम का डटकर मुकाबला कर रहे हैं।

## आरआरएसआईएमटी में फ्रेशर्स डे संगम का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मुंशीगंज स्थित राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को फ्रेशर्स डे संगम का आयोजन हुआ। जिसमें बीटेक और एमबीए प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। फ्रेशर्स डे कार्यक्रम हर साल बीटेक और एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए किया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री व संस्थान के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में व पूर्व मंत्री तथा संस्थान की उपाध्यक्ष डॉ अमीता सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमारी आकांक्षा सिंह भी उपस्थित रहीं।फ्रेशर्स डे कार्यक्रम संगम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसकी शुरुवात गणेश वंदना से हुई और छात्र-छात्राओं ने एकल गीत एकल नृत्य समूह नृत्य एकांकी स्टैंड अप कॉमेडी कविता व शायरी भी प्रस्तुत किए।संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान के छात्र पढ़ाई के साथ साथ हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रहा है।फ्रेशर्स डे संगम का मुख्य आकर्षण केंद्र प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया रैंप वॉक व मिस फ्रेशर तथा मिस्टर फ्रेशर का चयन रहा जिसमें प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## हॉकी प्रतियोगिता का जिला स्तरीय ट्रायल 16 को

**अमेठी।** वर्ष 2025-26 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के लिए जिला एवं मंडल स्तरीय चयन ट्रायल की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। यह जानकारी उप क्रीड़ाधिकारी मोहम्मद शमीम ने दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल 16 फरवरी 2026 को अपराह्न 2:00 बजे डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। वहीं मंडल स्तरीय ट्रायल 17 फरवरी 2026 को अयोध्या में संपन्न कराया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे जबकि अंतिम रूप से चयनित टीमें 23 से 28 फरवरी 2026 तक गोरखपुर में प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाली इच्छुक खिलाड़ियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो विद्यालय महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित आयु प्रमाण-पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से साथ लानी होगी। जनपद की समस्त जूनियर बालिका खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अपील की गई है।

# यूजीसी के नये नियमों के समर्थन में कुर्मी महासभा ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** भारतीय कुर्मी महासभा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों, सदस्यों ने यूजीसी के नये नियमों के समर्थन में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया यूजीसी के नए नियम उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसे पूरी तरह से लागू किया जाय।ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि यूजीसी भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, समान अवसर, पारदर्शिता और शैक्षणिक मानकों को बनाए रखना है। यूजीसी द्वारा निर्धारित नीतियां और दिशा-निर्देश समाज के सभी वर्गों के छात्रों को लाभ पहुंचाने का कार्य करते हैं। ऐसे में नये नियम बहु उपयोगी है।भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश संगठन सचिव आर.के. सिंह पटेल, मण्डल अध्यक्ष बद्री प्रसाद चौधरी, ई. के.सी. चौधरी, विद्यासागर चौधरी आदि ने ज्ञापन देने के बाद कहा कि आयोग की नीतियां सामाजिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये संविधान में निहित समानता और शिक्षा के अधिकार को सशक्त करती हैं, साथ ही राष्ट्र निर्माण में शिक्षित युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करती हैं। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार अवसर मिलते हैं। यूजीसी के नए नियम उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में कारगर होगा, उसे लागू किया जाय।प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौपने के दौरान कृपाशकर, चौधरी, अशोक वर्मा, मायाराम चौधरी, अशोक चौधरी, लालचंद वर्मा, सुरेश चौधरी, घनश्याम चौधरी, डा. श्याम नरायन चौधरी, घनश्याम चौधरी, आज्ञाराम चौधरी, मंशाराम चौधरी, अरविन्द चौधरी के साथ ही भारतीय कुर्मी महासभा के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक 122 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परिषदीय परीक्षा-2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं को सुचितापूर्ण वातावरण में सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से महाराजा सुहेल देव स्वःशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के आडिटोरियम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी व शासन के निर्देशानुसार जिले में नकलविहीन बोर्ड आयोजित कराने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी की प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। डीएम श्री त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्भीक होकर अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें। यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया गया कि संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में आने वाले परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले लें।

बैठक के दौरान डीआईओएस सर्वदानन्द ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए जनपद में कुल 122 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक का समय निर्धारित है। बोर्ड परीक्षा में कुल 67097 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 38103 तथा इण्टर में 28994 परीक्षार्थी हैं।

बैठक के दौरान डीआईओएस ने जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों तथा अन्य सम्बन्धित को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान व परीक्षा के बाद की समस्त प्रकिया व शासन तथा बोर्ड के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई।

# दिव्यांगजनों के लाभार्थ आयोजित हुआ रोज़गार मेला



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला उद्योग केन्द्र, जिला सेवायोजन कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में दिव्यांगजन के लाभार्थ रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग करते हुए आठ दिव्यांगजनो को कम्पनियों के द्वारा जॉब ऑफर लेटर वितरित किया गया साथ ही छः दिव्यांगजनों का मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पंजीकरण कराकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया। रोज़गार मेले में आये हुए दिव्यांगजनो को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई श्रीमती स्मृति शर्मा ने मेला आयोजन में सहयोग करने वाले विभागों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि निरन्तर अन्तराल में शिक्षण संस्थान द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सेवायोजित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यदेशक श्रीमती अनुसूईया, जिला प्रबन्धक रवि पाठक, डी.पी.एम. भानु प्रताप, अनुदेशक अर्पित मौर्य, राहुल बाजपेयी व निरंजन लाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## टीबी एवं कैंसर की जांच को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप

**सुल्तानपुर।** शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में जनपद में कल 100 कैंप टीबी एवं कैंसर का आयोजित किया जाना था, जिसके क्रम में आज डॉ. भारत भूषण के निर्देशन में रायबरेली रोड अमहट पुलिस चौकी के पास काशीराम कॉलोनी में एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आरके कनौजिया, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता, एनसीडी क्लीनिक के चिकित्सा अधिकारी डॉ. इमरान युसूफ डॉ.पवन कुमार गुप्ता की मौजूदगी में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में टीबी की जांच स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, मुख कैंसर की जांच, शुगर की जांच, हाइपरटेंशन की जांच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ आभा आईडी भी बनाया गया। जिसमें कुल 73 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग किया गया, केंद्र सरकार से प्राप्त हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से डीआरए नाज़नीन के द्वारा सभी 73 व्यक्तियों का सीने का एक्सरे किया गया।

# नायब तहसीलदार की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद की तहसील सदर में तैनात नायब तहसीलदार की कार्यशैली को लेकर अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है अधिवक्ताओं का आरोप है कि नायब तहसीलदार केवल अपने ड्राइवरों और दलालों के माध्यम से आने वाले मामलों को प्राथमिकता देते हैं, जबकि वकीलों और आम लोगों के कार्यों की अनदेखी की जा रही है।

इसी नाराजगी के चलते शुक्रवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील परिसर में एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने एसडीएम सदर की गाड़ी के सामने बैठकर अपना आक्रोश जताया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अधिवक्ताओं का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नायब तहसीलदार की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि दलालों के माध्यम से आने वाले मामलों को तुरंत निपटाया जा रहा है, जबकि अधिवक्ताओं के जरिए प्रस्तुत किए गए मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा जाता है। वकीलों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्यशैली में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए तहसील परिसर में कामकाज भी प्रभावित रहा।

मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने अधिवक्ताओं को समझाने का प्रयास किया और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि अधिवक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता नहीं लाई जाएगी, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

## क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले वाहनों का चालान

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में शुक्रवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम ने ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाकर क्षमता से अधिक सवारी भरने वाले एक आटो सहित तीन बहनों का का चलन करते हुए चेतावनी दी की क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले वाहनों पर अभियान चला कर कठोर कार्रवाई की जाएगी इस दौरान हरिओम ने पेट्रोल पंप और बगैर हेलमेट चलने वाले वाहनों की भी चेकिंग कर कार्रवाई की अभियान के दौरान उनके साथ यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पांडे और स्टाफ मौजूद रहा।

## मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत पर बवाल

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक युवक की मौत के बाद हंगामा खड़ा हो गया परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के बेहटी गांव निवासी 35 वर्षीय अकरस सड़क हादसे में घायल हुआ था डीसीएम की टक्कर के बाद उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि हालत बिगड़ने पर एक नर्स ने गलत दवा दे दी जिसके तुरंत बाद अकरस की मौत हो गई विरोध करने पर स्टाफ के रवैये को लेकर भी सवाल उठाए गए अकरस भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार चलाता था पत्नी और दो छोटे बच्चों का सहारा अब छिन गया है घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है और कहा है कि इलाज तय प्रोटोकॉल के तहत हुआ, लेकिन चोटें गंभीर थीं।

## विश्व कृमि दिवस पर गोष्ठी का आयोजन




**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक प्रोफेसर एमपी सिंह ने बताया कि विश्व कृमि दिवस के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर विशाल पाठक ने की। गोष्ठी के मुख्य वक्ता शिकोहाबाद जिला संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ आरसी केशव ने बताया कि प्रतिवर्ष क्रमियों के कारण हजारों की संख्या में बच्चे और खास तौर से 19 वर्ष तक के युवा कुपोषण तथा एनीमिया आदि के शिकार हो जाते हैं। डॉ शाने आलम, डॉ शाहरुख एवं सहायक रुख्सार ने भी कृमि से बचाव हेतु अपने विचार व्यक्त किए। डॉ सिंह ने बताया कि वर्म्स के संक्रमण से बचने के लिए खास तौर से स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखना होगा। इसके अलावा डॉ की सलाह से दवाएं भी निश्चित समयावधि पर लेनी होंगी।

# अमृत सरोवर या भ्रष्टाचार का तालाब



अवधनामा संवाददाता

**दोस्तपुर ब्लॉक में मुख्यमंत्री के सपनों पर कीचड़**

**सुल्तानपुर।** जिले का सबसे भ्रष्ट ब्लॉक बनने की होड़ अगर कहीं दिखती है तो वह है दोस्तपुर। ब्लॉक दोस्तपुर की ग्राम पंचायत बनी में बना तथाकथित अमृत सरोवर आज खुद अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है। अम्बेडकर पार्क के बगल में बना यह सरोवर गाँव की शान नहीं बल्कि सरकारी धन की खुली लूट का स्मारक बन चुका है। मुख्यमंत्री का सपना था कि हर गाँव में अमृत सरोवर बने। जल संरक्षण हो, सौंदर्यीकरण हो, ग्रामीणों को बैठने की व्यवस्था हो, स्वच्छता हो। लेकिन बनी ग्राम सभा में हालात यह हैं कि न बैरिकेडिंग, न बेंच, न इंटरलॉकिंग, न साफ-सफाई। हालत इतनी बदतर कि गाँव के बीच के पुराने गड्ढे से भी ज्यादा जर्जर दिखाई देता है यह अमृत सरोवर। सवाल उठता है आखिर लाखों रुपये गए कहाँ। जब सचिव के प्रतिनिधित्व का दावा करने वाले सुषमा के भाई धर्मेन्द्र से फोन पर बात की गई तो उनका जवाब बेहद सीधा और बेशर्मी से भरा था जितना पैसा निकला है उतना काम हुआ है। यानी कागजों में सब चकाचक, ज़मीन पर सब ध्वस्त। वहीं जब खंड विकास अधिकारी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने पत्रकार को ब्लॉक बुलाने की सलाह दे दी आ जाइए फाइनल चेक कर बताते हैं। गलती हुई तो खुद एफआईआर कराएंगे। सवाल यह है कि क्या भ्रष्टाचार की तस्वीरें देखने के लिए भी अब पत्रकार को ब्लॉक में हाज़िरी लगानी पड़ेगी? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी सिर्फ फाइलों तक सीमित है। जिलाधिकारी महोदय मीडिया का काम फाइलें पलटना नहीं ज़मीन पर सच्चाई दिखाना है। गाँव के एक जागरूक व्यक्ति ने जब मौके पर स्थिति दिखाई तो तस्वीरें खुद बयां कर रही हैं कि अमृत के नाम पर कैसे विकास को डुबोया गया है। क्या मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना सिर्फ फोटो सेशन और उद्घाटन तक सीमित रह जाएगी। क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी कागजों में संतोषजनक बताकर दफ्न कर दिया जाएगा।

# सामान्य वर्ग की पीड़ा पर जन सामान्य मंच का आह्वान

अवधनामा संवाददाता

**संयम, संगठन और संवैधानिक संघर्ष से ही आएगा परिवर्तन**

**बाँदा।** देश का सामान्य वर्ग आज स्वयं को ठगा हुआ, उपेक्षित और असंतुलित व्यवस्था का शिकार महसूस कर रहा है। यह पीड़ा केवल अवसरों की कमी तक सीमित नहीं, बल्कि सम्मान, न्याय और समानता के प्रश्न से भी जुड़ी हुई है। इसी संदर्भ में जन सामान्य मंच ने एक विचारपूर्ण वक्तव्य जारी कर संगठित और संवैधानिक संघर्ष का आह्वान किया है। मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि इतिहास साक्षी है–जब भी समाज का जागरूक वर्ग मौन तोड़कर संगठित हुआ है, तब परिवर्तन अवश्य हुआ है। चाहे 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम हो या महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला स्वतंत्रता आंदोलन–बदलाव किसी राजनीतिक आश्रय से नहीं, बल्कि आत्मबल, संगठन और वैचारिक स्पष्टता से आया।

**हम किसी राजनीतिक आश्रय के मोहताज नहीं**

जन सामान्य मंच ने स्पष्ट किया कि वह किसी दल या सत्ता के सहारे नहीं, बल्कि अपने बुद्धि-बल, संगठन शक्ति और संवैधानिक अधिकारों के आधार पर संघर्ष करेगा। मंच का कहना है कि धर्म की स्थापना का अर्थ किसी वर्ग विशेष का वर्चस्व स्थापित करना नहीं, बल्कि न्याय, संतुलन और सामाजिक समरसता की पुनर्स्थापना है। अपने वक्तव्य में मंच ने भागवत गीता का उल्लेख करते हुए कहा– यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवतिज अर्थात जब-जब न्याय और संतुलन की हानि होती है, तब-तब परिवर्तन का समय आता है।

**संयमित संघर्ष पर जोर**

मंच ने यह भी रेखांकित किया कि परिवर्तन क्रोध से नहीं, बल्कि संयम से आता है। विरोध अराजकता से नहीं, बल्कि वैचारिक दृढ़ता और विधि-सम्मत मार्ग से सफल होता है। संगठन का दावा है कि समाज के पास ज्ञान, नेतृत्व, धैर्य और राष्ट्र के प्रति निष्ठा जैसे सभी आवश्यक तत्व मौजूद हैं, जिन्हें एक सकारात्मक दिशा देने की आवश्यकता है।

**संकल्प की घोषणा**

अपने वक्तव्य के अंत में मंच ने स्पष्ट संकल्प दोहराया–

न झुकेंगे, न भटकेंगे।
न टूटेंगे, न बिकेंगे।

संघर्ष भी करेंगे–पर राष्ट्रहित और संवैधानिक मर्यादा के साथ।

मंच का विश्वास है कि यदि समाज विभाजित हुए बिना धैर्य और एकता के साथ आगे बढ़ेगा, तो संतुलित और न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना अवश्य होगी। उनका कहना है कि समय भले कठिन हो, पर जब समाज जागता है तो व्यवस्था को बदलना ही पड़ता है।

## तहसील सदर जहां अधिकारियों के आदेश का होता है सौदा

**सुल्तानपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी कुड़वार रोजी सिंह ने जूनियर हाईस्कूल भण्डरा की जमीन पर हुए अवैध निर्माण को हटाए जाने के लिए उपजिलाधिकारी सदर से राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन कराए जाने के लिए दिनांक 12/11/25 को किए गए पत्राचार पर उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी द्वारा तहसीलदार सदर सुल्तानपुर को कार्रवाई करने हेतु आदेश जारी किया गया था जिस पर तहसीलदार सदर देवानंद तिवारी ने नायब तहसीलदार कुड़वार धर्मेंद्र यादव और राजस्व निरीक्षक कुड़वार शिव प्रसाद कनौजिया को अपने पत्रांक संख्या 7606 दिनांक 19/11/25 को कार्यवाही किए जाने हेतु आदेश जारी किया।

# महाराजा सूरजमल की निकाली शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** हिंदू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराज सूरजमल की शोभायात्रा एक दर्जन झाकियों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह चौधरी ने महाराज सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा दीपा चौराहा से शुरू हुई जो ठाकुर बीरी सिंह कालेज में जाकर समापन हुआ। इस दौरान चौधरी भंवर सिंह चेयरमेन ने सभी सरदारी का आभार व्यक्त किया उनका धन्यवाद देते आगे कहा कि भविष्य में जो इस बार कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया है, प्रयास किया जाएगा कि आने वाले वर्षो में इससे भी और बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शोभा यात्रा में देशराज सिंह चौधरी, उदय प्रताप सिंह, सुशील चक, सत्येंद्र धनगर, महाराज सिंह धनगर, सत्य प्रकाश सगर, दिनेश गुप्ता, महेंद्र सिंह जुरेल, राजवीर सिंह आचार्य, प्रेमसिंह पूर्व प्रधान, पंकज चौधरी, किशोर चौधरी, हमवीर चौधरी, ओमप्रकाश एडवोकेट, जगबीर पौनिया, चंद्रवीर सिंह, सुशील पौनिया, उदयवीर पौनिया, दिनेश पाल सिंह, अमित चौधरी, डॉ. गौतम नौहवार, गुलाब सिंह प्रधान, इंद्रपाल सिंह, हरीश चौधरी, दीपक ठेनुआ, शरद पौनिया, भोला चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, नेहरू सिंह, उदयवीर सिंह, लवकेश, लक्ष्मन सिंह, आकाश पौनिया, लटूरी सिंह, रजत सिंह, हम्बीर सिंह, प्रवीन चौधरी, लवदीप चौधरी भूपेन्द्र चौधरी, सौरभ पौनिया, जितेन्द्र पौनिया, अकुर सोलकी, पवन चौधरी, अभिषेक पौनिया, संजय पौनिया, भोला पौनिया, जोगेंद्र पाल सिंह, रुपेश शुक्ला, संजय परमार, लोकेश जादौन आदि के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** नगर में शुक्रवार सुबह 11 बजे से खाटू श्याम महाराज की निशान यात्रा बड़े ही उत्साह और धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा में सबसे आगे ढोल नगाड़े बजाते हुए बैंड बजाने वाले चल रहे थे। उनके पीछे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं निशान हाथ में लिए खाटूश्याम के जयकारे लगाते हुए चल रहीं थी। उनके पीछे खाटू श्याम महाराज का रथ चल रहा था। जिसके आगे समिति के पदाधिकारी थिरकते हुए चल रहे थे। यात्रा का मार्ग में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ लाडले श्याम के समिति रजि द्वारा भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय दिशा कमेटी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार अंकुर वर्मा द्वारा विधि.विधान से पूजा.अर्चना कर किया। निशान यात्रा में बाबा का दिव्य रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जिसका भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा था। यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर भजन.कीर्तन करते हुए झूमते, नाचते और गाते आगे बढ़ रहे थे। बैंड.बाजों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। जगह.जगह स्वागत द्वार बनाकर जलपान एवं सेवा की भी उत्तम व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विश्वनाथ सिंह, पीयूष कपूर, संजीव गर्ग, अजय अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अंकित कश्यप, मनीष राठौर, नितिन गुप्ता, आकाश मित्तल, अमन मित्तल, सजल, योगेश, ध्रुव, गौरव, मोहित, संजय, अंशु, निखिल, विनय, शिवम दीक्षित सहित अनेक श्रद्धालु एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। अंत में भजन-कीर्तन एवं आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ तथा सभी श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सुख.समृद्धि की कामना की।

## साइबर पुलिस ने 1 लाख रूपये की ठगी की धनराशि करायी वापिस

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फ़िरोजाबाद के निर्देशन में थाना साइबर पुलिस टीम द्वारा 01 लाख रूपये की ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए रियासुद्दीन के 94000 रूपये (चौरानवे हजार) की धनराशि वापिस करायी। रियासुद्दीन पुत्र नसीर खान निवासी सिरसाखास थाना सिरसागंज जनपद फ़िरोजाबाद के साथ 24.04.2025 को 1 लाख रूपयों की ऑनलाइन ठगी हुई थी। वादी रियासुद्दीन द्वारा थाना साइबर पर ऑनलाइन ठगी के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना साइबर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फ़िरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा थाना प्रभारी साइबर को समयबद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें थाना साइबर द्वारा मामले में तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# सड़क सुरक्षा पर सख्त रुख

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर प्रशासन ने सख्त तेवर दिखाए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी जे. रीभा ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा।

बैठक में हेलमेट और सीटबेल्ट के उपयोग को अनिवार्य रूप से लागू कराने, ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। पेट्रोल पंपों पर ÷नो हेलमेट, नो फ्यूल÷ नियम का सख्ती से पालन कराने पर भी जोर दिया गया।

प्रमुख चौराहों पर नुक्कड़ नाटक, रैली और शपथ कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने की योजना बनाई गई है। अधिक दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां सुधारात्मक कार्य, रिफ्लेक्टर टेप लगवाना और आवश्यकतानुसार पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए।

अतर्रा रोड बाईपास और मवई चौराहे पर हाईमास्ट लाइट लगाने, महोकर चौराहे पर प्रकाश व्यवस्था सुधारने तथा पचनेही मोड़ और गुगौली (कमासिन रोड) पर स्पीड ब्रेकर बनवाने के निर्देश जारी किए गए। पिपरहरी-फतेहपुर मार्ग पर झाड़ियों की सफाई और ग्राम मुंगुस में स्पीड ब्रेकर पर रिफ्लेक्टिव पेंट कराने को भी कहा गया।

ई-रिक्शा संचालन को वन-वे व्यवस्था के अनुसार सुनिश्चित करने, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाने तथा सड़क के बीच लगे विद्युत पोल हटाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। राहवीर योजना के तहत दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा हिट एंड रन मामलों में मृतक के आश्रितों को दो लाख और घायल को 50 हजार रुपये दिलाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में पुलिस, परिवहन, विद्युत, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन का संदेश साफ है– सड़क पर लापरवाही नहीं, सुरक्षा ही प्राथमिकता होगी।

**अदालत पब्लिक नीलामी**

न्याया. मा. सिविल जज (सीडि)/ftc सहारनपुर इजराय वाद संख्या 3/2022 रंजीव कपूर आदि बनाम...परमजीत सिंह आदि दिनांक 9.1.2026 के अनुपालन में उक्त वाद में कुर्क शुदा प्रस्तुत अंकन 24,52820/- रूपये मय ब्याज व वाद व्यय की वसूली की अनुमानित कीमत 90 लाख रूपये अंकित की है वसूली योग्य धनराशि की वसूली हेतु लगभग 9 हजार वर्ग मीटर यानि 0.9000 हेक्टेयर भूमि का विक्रय हेतु युक्त कुर्क सम्पत्ति की 0.9000 हेक्टेयर भूमि की पब्लिक नीलामी निम्वत कराई जायेगी 1. नीलामी नियत दि.- 25/2/2026 2.नीलामी दिन- बुधवार 3. नीलामी का समय 10 AM से 4 PM 4. नीलामी का स्थान- ग्राम सभा भवन, ग्राम शेरपुर प0 व तह0 नकुड़, जि़0 सहारनपुर। न्याय. मा. सिविल जज सी.डि./ftc सहारनपुर इजराय वाद स0 2/2022 रंजीव कपूर बनाम लखविंदर सिंह आदि उक्त वाद में आदेश दिनांक 9/1/26 के अनुपालन में कुर्क शुदा संपत्ति की क़ीमत 90 लाख अंकित की है न्यायालय आदेशनुसार कुर्क संपत्ति से वसूली हेतु पब्लिक नीलामी निम्वत की जायेगी। नीलामी तिथि.. 25/2/2026 दिन.. बुधवार समय..10 AM से 4 PM नीलामी का स्थान- ग्राम सभा भवन,ग्राम शेरपुर प0 व तह0 नकुड़, जि़0 सहारनपुर। न्याय. मा. सिविल जज सीडी/ftc सहारनपुर इजराय वाद स0 1/2014 विजय कुमार बनाम पवन लाल आदि आदेश दिनांक 9/1/26 के अनुपालन में अमीन आख्या अनुसार कुर्क शुदा संपत्ति की न्याय.के आदेश दि.9/12/2025 के अनुक्रम में पब्लिक नीलामी निम्वत कराई जायेगी। नीलामी तिथि... 26/2/2026 दिन... जुमेरात समय.. 10 AM से 4 PM नीलामी का स्थान- ग्राम सभा भवन, ग्राम गूंगी प0 व तह0 नकुड़ जि़0 सहारनपुर।

**आज्ञा से..(देवेश त्रिपाठी) मा.सिविल जज सीडी / FTC सहारनपुर**

**आम सूचना**

मेरा नाम मोहम्मद अहमद खान पुत्र उस्मान खान है और कस्बा नानौता निकट मस्जिद Jabdan छत्ता सहारनपुर का निवासी हूं मेरी अपनी एक प्रॉपर्टी है उसकी पीछे की चेन में 1बैनामा जो अब्बास पुत्र इनामुल्लाह ने जाहिद पुत्र अब्दुल वाहिद को बेचा था रकबा 0.0251 हेक्टे. उसका खसरा नं.1625/3 का है जो कस्बा नानौता बैरुन हदूद में स्थित है और दि. 26.7.2007 को दस्तावेज स08289 पर देवबंद तहसील सहारनपुर में रजिस्टर्ड है यदि किसी को आपत्ति हो तो सात दिन के अंदर मिले द्वारा पंकज सिंह एडवोकेट चैंबर नं.141 सिविल कोर्ट, सहारनपुर

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम हकीकत अली पुत्र श्री आजम अली निवासी नाजिरपूरा बहराइच है मेरा नाम हिन्दी भाषा में हकीकत अली व अंग्रेजी भाषा में Hakikut Ali है सही शब्द Haqiqat Ali है दोनो नाम मेरे ही है। अतः मुझे अब इस नाम से जाना पहचाना जाए।

हकीकत अली पुत्र आजम अली नाजिरपूरा बहराइच उत्तर प्रदेश मोबाइल नंबर 9415490003

**उत्तर रेलवे**

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | Catering1205 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.02.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.02.2026 at 12:30 hrs.. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-49-24-1 | PYGS/PF-4&5/109/New | 23.02.2026 at 12:30 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 477/26

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच**

पत्रांकः 533/8काम/ई-टेण्डरिंग/बह0-श्राव0वृत्त/2025-26 दिनांकः 06.02.2026

**स्वीकृति की प्रत्याशा में अल्प कालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन**

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए, बी एवं सी' श्रेणी मार्ग कार्य के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा शुल्क+ स्टेशनरी शुल्क+ जी.एस.टी. (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधान सभा-मटेरा | | | | | | |
| 1 | बहराइच | लौकना से बुधनपुरवा चमारनपुरवा नखिया महोतपुरवा होते हुए बहराइच कटाई घाट तक कमी0 1, 2(800), 3(700), 4 सम्पर्क मार्क के नवीनीकरण का कार्य। | 43.57 | 4.18 | 2715.00 | 03 माह |

2. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.02.2026 से 24.02.2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन इस साइट पर ही सबमिट की जायेगी।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 24.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 24.02.2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेंडिरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 24.02.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(इं. अमर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., बहराइच

UPID-245954 Dated-12-02-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(इं. अजय भास्कर)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

# डीएम ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों एवं विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पत्रावलियों के अस्त-व्यस्त रख-रखाव और स्वच्छता के प्रति उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को सुधार के लिए निर्देशित किया, जिलाधिकारी सिंह कलेक्ट्रेट के विभिन्न कक्षों मीटिंग हाल, न्याय सहायक अनुभाग, सामान्य कार्यालय, पासपोर्ट अनुभाग, राजस्व सहायक अनुभाग, ई.आर.के. / आंग्ल अनुभाग, स्थानीय निकाय अनुभाग, रिकॉर्ड रूम, मुख्य राजस्व अनुभाग, नजारत अनुभाग का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक पटल पर जाकर वहां लंबित कार्यों की प्रगति जानी और कर्मचारियों से पत्रावलियों की स्थिति के बारे में पूछताछ किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि अनुभागों में पुरानी फाइलें और महत्वपूर्ण पत्रावलियां उचित ढंग और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि पत्रावलियों का प्रबंधन इस प्रकार होना चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें खोजने में समय नष्ट न हो और कोई भी नये कर्मचारी भी खोज सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालय के कार्यों का संपादन कराना संबंधित विभागीय अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है, अधिकारी अपने कार्यों को पूरी तरह अधीनस्थों के सहारे न छोड़, उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं विभागीय आदेशों और नियमों का भली-भांति अध्ययन करें और अपने मार्गदर्शन में ही पत्रावलियों की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर पाई गई त्रुटि के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कलेक्ट्रेट परिसर की सुंदरता और सफाई को लेकर जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश दिए उन्होंने कहा कि कार्यालय कक्षों के साथ-साथ पूरे परिसर में स्वच्छता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को अपने-अपने अनुभागों में सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को भी तकनीकी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी इंद्रभान सिंह, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा, कलेक्ट्रेट नाजिर बाबू लाल सहित कलेक्ट्रेट के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी सिंगरौली की इकाई-1 का उत्पादन दिवस उल्लास के साथ मनाया गया



**सोनभद्र/शक्तिनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी सिंगरौली में आज इकाई-1 का 45वाँ उत्पादन दिवस उत्साह, गर्व एवं गरिमा के साथ मनाया गया। यह अवसर परियोजना की दीर्घकालिक विश्वसनीयता, तकनीकी दक्षता एवं कर्मियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः इकाई-1 के नियंत्रण कक्ष में केक काटकर किया गया। इस अवसर पर सी एच किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण उपलब्धियों के गौरव एवं सामूहिक उत्साह से परिपूर्ण रहा। इसके उपरांत सेवा भवन उद्यान में विधिवत हवन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में सी.एच. किशोर कुमार, रश्मि रंजन मोहंती, महाप्रबंधक (परियोजना), विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं श्रमिकों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एच. किशोर कुमार ने उत्पादन दिवस की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा उत्पादन दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन की समर्पण, अनुशासन एवं तकनीकी उत्कृष्टता की निरंतर यात्रा का उत्सव है। इकाई-1 की 45 वर्षों की यह उपलब्धि एनटीपीसी सिंगरौली की सुदृढ़ कार्यसंस्कृति, टीम भावना एवं कर्मियों की अथक निष्ठा का प्रमाण है। यह अवसर हमें अतीत की सफलताओं से प्रेरणा लेकर भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु संकल्पित करता है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी सिंगरौली की प्रथम इकाई-1 ने वर्ष 1982 में वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ किया था। विगत 45 वर्षों में इस इकाई ने देश के ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर विश्वसनीय एवं स्थायी योगदान प्रदान किया है।

# बिलग्राम कोतवाली में सम्पन्न हुई भव्य पीस कमेटी की बैठक

त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट



अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम (हरदोई)।** आगामी पवित्र रमजान माह, रंगों का पर्व होली एवं महाशिवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बिलग्राम कोतवाली परिसर में एक विस्तृत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी अरविन्द कुमार राय एवं अतिरिक्त प्रभारी हकीम सिंह यादव की मौजूदगी में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ नगर के सम्मानित नागरिक, धर्मगुरु, व्यापारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता तथा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से आए गणमान्य लोगों ने भाग लेकर अपने-अपने विचार रखे। सभी ने एक स्वर में कहा कि बिलग्राम की पहचान सदैव से गंगा-जमुनी तहज़ीब, आपसी भाईचारा और सौहार्द रही है और इसे हर हाल में बनाए रखना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। अधिकारियों द्वारा त्योहारों के दौरान जुलूस मार्ग, नमाज के समय, मंदिर-मस्जिद के आसपास की व्यवस्थाओं, यातायात, साफ-सफाई, बिजली-पानी तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न फैलाने की अपील की गई। लोगों से कहा गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, जिससे समय रहते कार्यवाही की जा सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बिलग्राम क्षेत्र में सभी त्योहार प्रेम, शांति और भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे। त्योहार खुशियों के साथ मनें, शहर में अमन-चैन बना रहे और बिलग्राम की भाईचारे की परंपरा हमेशा कायम रहे।

## फर्जी मुकदमे में फंसाये जाने की मिल रही धमकियां

**मौदहा हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम भमई निवासी गोविन्द निगम ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि, बीते बीते 13जनवरी की शाम गांव का सत्यप्रकाश उर्फ़ कबीरा शराब के नशे में उसके दरवाजे पर शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था जिसपर पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया था लेकिन उसके बाद से आरोपी लगातार गाली गलौज और जान से मारने की धमकी तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ठेका से शराब, नकदी और मशीन ले उडे चोर

**मौदहा हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब शराब ठेका भी उनके निशाने पर आ गए हालांकि पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खरेला थाना क्षेत्र के ग्राम करांव गांव निवासी ब्रजेश कुमार यादव ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पत्नी मिथलेश के नाम पर एक शराब ठेका आवंटित है जो मौदहा कोतवाली के गहबरा चौकी में संचालित है। और वह उक्त दूकान में सेल्समैन के रूप में रहता है।ब्रजेश कुमार ने बताया कि, बीते आठ नौ फरवरी की दरम्यानी रात जब वह ठेका बंद कर अपने घर चला गया तो अज्ञात चोरों द्वारा ठेका का ताला तोडकर सात पेटी देशी शराब जिसकी अनुमानित लागत साढे तेईस हजार,तीन पेटी बीयर जिसकी अनुमानित लागत लगभग साढे पांच हजार रुपये, ई पाश मशीन जिसकी अनुमानित लागत पैंतीस हजार रुपये और छः हजार से अधिक की नकदी ले गए। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मौदहा में सुनील पटेल बने लेखपाल संघ के अध्यक्ष



**मौदहा हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** मौदहा कस्बा के तहसील सभागार में शुक्रवार को लेखपाल संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ है। जिसमें सुनील कुमार पटेल को अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा दिलीप कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अभिषेक तिवारी को कनिष्ठ उपाध्यक्ष,धीरेन्द्र सिंह मौर्य को सचिव, अनुराग ओमर को उप सचिव, ऋषभ राठौर को कोषाध्यक्ष और वसुन्धरा यादव को आडिटर चुना गया है।यह चुनाव लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश, जिलामंत्री डॉ प्रदत्त, निर्वाचन अधिकारी राजकुमार सिंह और सहायक निर्वाचन अधिकारी कमलेश चतुर्वेदी की देखरेख में सम्पन्न हुआ है।

## दो बाईकों की सीधी टक्कर, युवती सहित पांच गंभीर

**मौदहा हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** दो बाइकों की आमने सामने भिडन्त में युवती सहित पांच बाइक सवार घायल सभी घायलों को राहगीरों की मदद से एम्बूलेंस द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देख युवती सहित दो घायलों को सदर अस्पताल के लिए रेफर किया। महोबा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र के गाँव ग्योड़ी निवासी भूपेन्द्र कुमार 19 पुत्र मुन्नालाल शुक्रवार को सुबह ग्यारह बजे हेलमेट लगाकर अपनी बाइक से रिश्तेदार अनिल24 पुत्र मोहन व आशीष 23पुत्र हरगोविन्द निवासी गुढा थाना चरखारी सहित बाइक में सवार होकर मौदहा जा रहे थे। छिमौली गाँव के पास सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें हिमौली निवासी सुल्तान18 पुत्र हबीब अपने साथी इमामुद्दीन18 व बहन खुशबू 19 के साथ ग्योड़ी जा रहे थे रास्ते मे हुई आमने सामने बाइक भिड़ंत में युवती सहित सभी बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से एम्बूलेंस द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान पदयात्रा शुरू

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** शुक्रवार को रावर्ट्सगंज ब्लाक के चतरा कस्बा सण्डी रोड तिराहा से दोपहर 12बजे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान पदयात्रा शुरू हुई नाई सेमर हरथर कुशम्हा होते हुए नई बाजार में जन सभा को संबोधित किया गया पद यात्रा में सोनभद्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यवेक्षक पुर्व विधायक आदरणीय भगवती प्रसाद चौधरी जी शिरकत किए, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अध्यक्ष श्री राम राज सिंह गोड़ जी द्वारा किया गया। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) एक महत्वपूर्ण कानून है जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी प्रदान करता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, इस कानून को कमजोर करने और इसके लाभों को कम करने के प्रयास किए गए हैं। इसी के खिलाफ, मनरेगा बचाओ आंदोलन शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य इस कानून को मजबूत करना और इसके लाभों को बढ़ाना है। मनरेगा के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को 100 दिनों का रोजगार प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। इसके अलावा, इस कानून के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य भी किए जाते हैं, जैसे कि सड़क निर्माण, जल संरक्षण और वनस्पति रोपण। मनरेगा बचाओ आंदोलन के मुख्य लक्ष्य हैं कि मनरेगा के बजट में कटौती को रोकना - मनरेगा के लाभों को बढ़ाना - ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी प्रदान करना - ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य को बढ़ावा देना मनरेगा बचाओ आंदोलन एक महत्वपूर्ण आंदोलन है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी प्रदान करना और विकास कार्य को बढ़ावा देना है। जिसमें कार्यक्रम का संचालन राबर्ट्सगंज ब्लाक अध्यक्ष अमरेश देव पांडेय ने किया, पुर्व अध्यक्ष रमेश देव पाण्डेय,कन्हैया पाण्डेय,क मलेश ओझा, आशुतोष दुबे, जितेंद्र कुमार पासवान, विनोद तिवारी, अशोक कुमार यादव,राजीव कुमार, त्रिपाठी, रामेश्वर यादव, दयाशंकर पाण्डेय, राजबली पाण्डेय, लल्लू राम पाण्डेय, रामविलास पनिका, आशिष कुमार सिंह, श्री कांत मिश्रा, अर्जुन खरवार, शीतला सिंह आदि ने सम्बोधित किया कार्यक्रम में ओमकार नाथ मिश्रा, नंद किशोर देव पाण्डेय, राजा हरिजन, शिव भोला बिन्द विजय शंकर शर्मा, निजामुद्दीन, मोहम्मद हयात आजम, राम केवल चंद्र बंशी, वेचू विश्वकर्मा, प्रदीप, उर्मिला, भूवरी जैसवाल, राजू जयसवाल, कल्लू कनौजिया, रवि कनौजिया, रामविलास, राम-लखन, उपेंद्र विंद, पप्पू विंद नितिश कुमार यादव मनोरथ देव, सिकंदर, कृपा शंकर तिवारी, अवनीश सिंह, नितेश कुमार, जूल रहमान डाक्टर दिनेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## एनसीएल में मनाया गया राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस

**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को एनसीएल मुख्यालय में राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस 2026 मनाया गया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार ने झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन), आशुतोष द्विवेदी, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (आईईडी), एनसीएल मनोज कुमार सिंह ने सभी को कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ उत्पादन और उत्पादकता में अभिवृद्धि, संसाधनों का संतुलित तथा समुचित उपयोग करते हुए सुदृढ़ कार्य संस्कृति की स्थापना, समाज के जीवन स्तर एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए अपना योगदान देने तथा सहकर्मियों को भी इस दिशा में प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई। इस वर्ष यह दिवस क्लस्टर विकास इंजन के रूप में एमएसएमई उत्पादकता को अधिकतम बनाना विषय पर मनाया जा रहा है।

## अधिवक्ता की हत्या पर सपा अधिवक्ता सभा ने घोर निंदा कर शोक संवेदना प्रकट की



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** समाजवादी अधिवक्ता सभा जनपद की मासिक बैठक अध्यक्ष अभिनय यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक का संचालन महासचिव भुवनेश यादव ने किया। बैठक में रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद खान की गोली मारकर हत्या की गई उसकी के लिए सभी ने घोर निंदा कर शोक संवेदना प्रकट की। बैठक में कार्यकारणी का विस्तार करने के लिए आए प्रार्थना पत्रों पर विचार कर उनको कार्यकारणी में शामिल किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष/मीडिया प्रभारी मैराज अली खान एडवोकेट, रविंद्र यादव, जगवीर यादव, अनिल कश्यप, लक्ष्मण सिंह यादव, नफीस खान, हरि शंकर सक्सेना, मदीना सिद्दीकी, अनूप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डीएम व एसएसपी ने हजारी महादेव मंदिर जाकर व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना ऊसराहार क्षेत्रान्तर्गत श्री हजारी महादेव मंदिर पहुचंकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण को सतर्कता से डियुटी करने एवं पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।

## उत्तर प्रदेश की पहली राज्यपाल को किया याद

**सुमेरपुर हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि सरोजिनी नायडू सही अर्थों में मां भारती की एक सच्ची देशभक्त थी। देश के प्रति इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद आन्ध्रप्रदेश में अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एवं वरदा वसुंधरा के घर हुआ था। ये प्रारम्भ से ही देशसेवी सोच की थी। ये अपनी शिक्षा पूरी कर राजनीति के क्षेत्र में उतरी। ये उत्तर प्रदेश की पहली महिला राज्यपाल बनी। सरोजिनी नायडू आजादी के संघर्ष का नेतृत्व करते हुये जेल भी गयी। ये कांग्रेस की अध्यक्ष भी रहीं। कालांतर में इनका 2 मार्च 1949 को लखनऊ में निधन हो गया। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, प्रिन्स, सागर, रामनारायन सोनकर विकास, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, रिचा, बाबूलाल, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## सीएचसी निर्माण का मुद्दा विधायक ने सदन में उठाया

**सुमेरपुर हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** विधानसभा में सदर विधायक द्वारा कस्बे की पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने का मुद्दा उठाने के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि अगर सरकार ने इस ओर ध्यान दिया तो जल्दी ही लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। गुरुवार को सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने सदन में विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को सिलसिलेवार रखते हुए कहा कि सुमेरपुर कस्बे की आबादी का आंकड़ा 70 हजार के आसपास है। इसके अलावा ब्लॉक क्षेत्र की आबादी ढाई लाख है। इस ढाई लाख की आबादी के लिए छानी में महज एक सीएचसी है,जबकि कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है।

## सामूहिक विवाह समारोह में बीस जोडों ने थामा एक दूसरे का हाथ

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग के एक गेस्ट हाउस में पाल धनगर समाज का आठवां सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। समारोह में 20 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनकर जीवनसाथी चुना। शुक्रवार को कस्बे की दुग्ध डेयरी मार्ग के एक गेस्ट हाउस में पाल धनगर समाज का आठवां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। इसमें 20 जोड़ों ने एक दूसरे को जीवनसाथी चुना। सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि झांसी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश पाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में व्याप्त कुरीतियों के साथ फिजूल खर्ची पर अंकुश लगता है। ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक जनपद में होने चाहिए। उन्होंने समाज को एकजुट होने तथा शिक्षित करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल सिंह पाल ने की। समारोह में मलखान सिंह पाल, राजेश पाल, जमुना प्रसाद पाल, प्रदीप पाल, श्यामबाबू पाल, राजबहादुर पाल, राजाराम पाल, राजाभैया पाल, बृजेश पाल आदि सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सुदिति ग्लोबल एकेडमी में फेयरवेल यादों का कारवाँ का भव्य आयोजन

कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए भावभीना विदाई समारोह 'यादों का कारवाँ' अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार, प्रबन्ध निदेशक मयंक कुमार, गर्ल्स विंग की निदेशक डॉ.निधि यादव एवं निदेशक/प्रधानाचार्य कमल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नृत्य, कविता पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बाँध दिया। छात्र हरेंद्र नाथ एवं आशुतोष (हॉस्टल) ने विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और उच्च स्तरीय शिक्षण पद्धति पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने की सीख दी। प्रधानाचार्य कमल कुमार ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास करने का संदेश देते हुए आगामी परीक्षाओं की श्रेष्ठ तैयारी के लिए प्रेरित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ समन्वयक मसूद अहमद, बॉयज विंग के एचएम संदीप मौर्य, गर्ल्स विंग की एचएम सिंपल त्रिपाठी, जूनियर बॉयज विंग की एचएम अंशु दीक्षित, प्राइमरी विंग की एचएम शाहीन खान एवं किंडरगार्टन एच एम कंचन सक्सेना सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में विज्ञान शिक्षिका सीमा यादव एवं शिक्षक मोहित पोरवाल का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी विद्यार्थियों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई। विदाई समारोह 'यादों का कारवाँ' ने विद्यार्थियों के हृदय में स्मृतियों की अमिट छाप छोड़ दी और विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी शुभकामनाओं के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए विदा किया।

# अधिकारों के प्रति किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्रीमती रीता कौशिक के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में आज दिनांक 13/02/2026 को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काव्या सिंह द्वारा जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण व बंदियो के अधिकार,प्ली-बारगेनिंग के विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधीश काव्या सिंह द्वारा बंदियो के अधिकार व प्ली-बारगेनिंग विषय पर विस्तृत रूप से बंदियो को जानकारी देते हुए उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया तत्पश्चात न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि ऐसे बंदी जो गरीब है और अपना प्राइवेट अधिवक्ता नही कर पा रहे है वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कारागार अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते है प्राधिकरण द्वारा उनके मुकदमें की निःशुल्क पैरवी हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगा। बंदियो से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर जेल प्रशासन को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अमन कुमार सिंह, डिप्टी जेलर अनीश यादव, अमर कुमार सिंह,नरेश चन्द्र, सुखलाल लीगल एड डिफेंस काउंसिल अजय त्रिपाठी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी उपस्थित रहे।

# छात्रों ने किया वर्दा हेल्थकेयर का शैक्षिक भ्रमण

वहाज अली निहाल



**इटावा।** सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के बी.फार्मा के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने वर्दा डीआईओएस हेल्थकेयर प्रा.लि. कानपुर का एक दिवसीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण तथा उद्योग में अपनाए जाने वाले मानकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। औद्योगिक भ्रमण में वर्दा डीआईओएस हेल्थकेयर की टीम द्वारा विद्यार्थियों को कंपनी का विस्तृत परिचय देते हुए कंपनी की स्थापना, कार्यक्षेत्र, प्रमुख उत्पादों, गुणवत्ता नीति तथा उद्योग के विभिन्न विभागों जैसे प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोल, क्वालिटी एश्योरेंस, पैकेजिंग एवं स्टोरेज आदि की जानकारी साझा की गई। विद्यार्थियों को उद्योग में प्रयुक्त आधुनिक उपकरणों जैसे एएएस, यूवी, एचपीएलसी और एफबीडी के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही कम्प्रेशन मशीन, ब्लिस्टर मशीन, लिक्विड फिलिंग, सीलिंग तथा मिक्सिंग टैंक मशीनों की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अवलोकन कराया गया, जिससे उनकी तकनीकी समझ और अधिक सुदृढ़ हुई। यह औद्योगिक भ्रमण एसएमजीआई निदेशक डॉ.यू.एस.शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. शर्मा ने बताया कि, वर्तमान परिस्थितियों में फार्मास्युटिकल क्षेत्र में केवल सैद्धांतिक ज्ञान लेना ही पर्याप्त नही है, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक परिस्थितियों, उपकरणों और गुणवत्ता मानकों की भी सही समझ भी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों में प्रोफेशनल एटीट्यूड, तकनीकी दक्षता और उद्योग के प्रति जागरूकता विकसित करते है और जब विद्यार्थी एएएस, यूवी, एचपीएलसी और एफबीडी जैसे विश्लेषणात्मक उपकरणों तथा उत्पादन मशीनों को प्रत्यक्ष रूप से देखते और समझते हैं, तो उनकी सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी हो जाती है और वे भविष्य में उद्योग के लिए बेहतर रूप से तैयार होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के अनुभव उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करने में सहायक होंगे और उनके करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भ्रमण में डॉ.श्वेता जैन (प्रोफेसर), डॉ.रेहान उद्दीन (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ.अखलेश कुमार दुबे(असिस्टेंट प्रोफेसर) एवं सुश्री शिवानी गुप्ता (असिस्टेंट प्रोफेसर) उपस्थित रहे, जिन्होंने भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। औद्योगिक भ्रमण को सफल बनाने में वर्दा डीआईओएस हेल्थकेयर प्रा.लि.के केशव चौहान, सुशील कुमार एवं काजल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने वर्दा डीआईओएस हेल्थकेयर प्रा.लि.की संपूर्ण टीम का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कंपनी के सीईओ अमरकांत उपाध्याय, प्लांट हेड विजय शंकर शर्मा तथा पार्टनर्स दीपक कुमार निगम एवं विशाल मिश्रा को उनके आवश्यक, सराहनीय एवं सहयोगपूर्ण योगदान के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

## गांव में दबंगो का कहर, शादी के घर में मचाया उत्पात, जमकर पथराव

**मौदहा हमीरपुर।** शादी के घर में पडोसी दबंगो ने जमकर उत्पात मचाते हुए जमकर पथराव किया जिसमे कई लोगों के गंभीर चोंटें आई हैं जिनका मौदहा सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है वहीं थाना प्रभारी ने तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम कुनेहटा निवासी पान कुमारी पत्नी विनय कुमार ने बताया कि शनिवार को उसकी दिब्यांग लडकी की शादी है लेकिन पुरानी रंजिश मानते हुए पडोसी कल्लू पुत्र भागीरथ और कल्लू के पुत्र मुकेश, राकेश और शारदा द्वारा अपनी छत से जमकर पथराव किया गया और उसके बाद दोनों पक्षो में जमकर मारपीट हो गई जिसके चलते दोनों पक्षों से नौ लोगों को चोंटें आई हैं सभी घायलों को इलाज के लिए मौदहा के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्षो के मकान आसपास है और दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद न्यायलय में विचाराधीन है।

# सेविन हिल्स इंटर कॉलेज में विदाई समारोह संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में शुक्रवार को कक्षा 12 के बच्चों का विदाई समारोह बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉयन सफारी के डायरेक्टर डॉ. अनिल कुमार पटेल ने विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट, ट्रस्टी सुनील कुमार राजपूत एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे के साथ सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस कार्यक्रम में कक्षा 11 के बच्चों के द्वारा अपने सीनियर की विदाई देते हुए विभिन्न नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर डॉ.अनिल कुमार पटेल ने कक्षा 12 के बच्चों को अपने आगे के भविष्य के बारे में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए जो पूरी लगन के साथ आगे बढ़ता है, उसे उसकी मनचाही उपलब्धि जरूर हासिल होती है। उन्होंने अपने ज्ञान अनुभव से जुड़ीं विभिन्न प्रकार की तकनीक एवं टाइम मैनेजमेंट के बारे में भी बच्चों को बताया। कार्यक्रम में कक्षा 12 के बच्चों के साथ विभिन्न प्रकार के क्वेश्चन आंसर राउंड एवं गेम भी खेले गए। इसके उपरांत इसी आयोजन में सेवन हिल्स इंटर कॉलेज के मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल का अनाउंसमेंट भी किया गया, जिसमें अंश मिश्रा को मिस्टर फेयरवेल एवं श्वेता शुक्ला को मिस फेयरवेल का अवार्ड दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे के द्वारा इन बच्चों को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें अंतिम विदाई में विद्यालय परिवार की ओर से मोमेंटो देकर बोर्ड परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी।

